स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, मंगलवार
23 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 9
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 301 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
**मूल्य : 3 रुपये**



# किताबों के बीच खाक हुए सपने

## लखनऊ कोचिंग सेन्टर अग्निकांड में 15 छात्रों की मौत, घटनास्थल पहुंचे योगी

### जांच के लिए एसआईटी गठित

### राज्य सरकार मृतक परिजनों को पांच-पांच और केंद्र दो-दो लाख का देगी मुआवजा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अलीगंज स्थित एक बिल्डिंग में आग लगने से कोचिंग पढ़ने व एनीमेशन कोर्स करने वाले 15 बच्चों की जलकर मौत हो गई। कई बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जान बचाने के लिए चार-पांच बच्चे बिल्डिंग से कूदने से गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ का दौरा छोड़कर वापस लौट आए और घटनास्थल का मुआयना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जान गंवाने वाले बच्चों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। वहीं, मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को तत्काल पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता मदद की जायेगी। उधर रक्षामंत्री एवं राजधानी के सांसद राजनाथ सिंह भी लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर पेट शॉप है। उसके ऊपर पहली मंजिल पर पेट शॉप मालिक ने वेयरहाउस बना रखा था। दूसरी मंजिल पर थ्री-डी एनीमेशन का कोर्स चलता है। साथ ही वहां 12वीं तक के बच्चों की कोचिंग भी चलती थी। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब ढाई बजे वेयरहाउस में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी विकराल थी कि बिल्डिंग से सभी लोग बाहर नहीं निकल पाए। चंद मिनटों में आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। दूसरी व तीसरी मंजिल पर मौजूद बच्चे भीतर ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम के साथ एसडीआरएफ ने रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। करीब दो घंटे चले रेस्क्यू के दौरान 15 शव बाहर निकाले गए। वहीं कई झुलसे बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से कई की हालत गंभीर है। हादसे के वक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सूचना मिलते ही वह सभा छोड़ तुरंत वापस लौट आए। उनके निर्देश पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्ण, डीजी फायर सुजीत पांडेय, पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। देर शाम तक राहत-बचाव कार्य जारी था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के अलीगंज स्थित अग्निकांड स्थल का निरीक्षण किया और इसके बाद किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचकर हादसे में घायल लोगों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के उपचार की जानकारी ली और सभी घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार राहत एवं उपचार कार्यों की लगातार निगरानी कर रही है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जो एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### नक्शा भूतल का, निर्माण करा दी चार मंजिला व्यवसायिक बिल्डिंग

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े एनीमेंशन कोचिंग अग्निकांड में जिला पुलिस प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। इसके साथ ही बिजली विभाग, एलडीए और नगर निगम भी कठघरे में हैं। अलीगंज के पुरनिया/सेक्टर डी इलाके में जिस भवन में आग लगी और 15 लोगों की मौत हुई है, उसका सिर्फ भूतल का आवासीय नक्शा पास था और चार मंजिला व्यावसायिक भवन खड़ा कर दिया गया। इस बिल्डिंग को फायर और विद्युत सुरक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं मिला था। बावजूद इसके वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला पुत्र सुरेंद्र प्रसाद शुक्ला अलीगंज पेट शॉप और गेमिंग जोन के साथ अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे थे। इसमें इंट्री और एक्जिट भी एक ही है। इसके बाद भी किसी सरकारी मुलाजिम की नजर इधर नहीं पड़ी। इनके मकान पर विद्युत लोड 20 किलोवाट का पास था और यह लोग 35.50 किलोवाट का उपयोग कर रहे थे।



उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से बहुत दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं।

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



लखनऊ के अलीगंज इलाके में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ है, जिन्होंने इस घटना में अपने प्रियजनों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**



लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने के हादसे में कई लोगों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकाकुल परिवारों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

**राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**



लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से जिन्होंने अपनी जान गंवाई है, उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि। जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोक संतप्त परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं। सरकार घायलों के लिए सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुनिश्चित करे।

**अखिलेश यादव, अध्यक्ष सपा**

### अजजी




### उद्धव के छह सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल



**मुंबई।** मुंबई में उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के 9 में से 6 सांसद सोमवार को एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए। बागी सांसदों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उनके नंदनवन बंगले पर बैठक की। इसके बाद बागी सांसदों ने शिंदे के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पाला बदलने का ऐलान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकनाथ शिंदे ने कहा-जब हमने विद्रोह किया था, तब शुरुआत में 40 विधायक थे और अब चौके नहीं, छक्के लग चुके हैं। 2022 में शिवसेना ने पार्टी को बचाने के लिए धनुष-बाण को बचाने के लिए विद्रोह किया था। अब दूसरा चरण शुरू हो गया है। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों के लिए है, इन विचारों को संरक्षित करने के लिए है, इसीलिए आज इन 6 सांसदों ने बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया है। सांसदों के दल-बदल पर उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे ने एक्स पर लिखा- पार्टी छोड़ने वाले सांसदों ने साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया। इससे पहले उद्धव ठाकरे ने मुंबई में अपने विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा हुई।



## हाईवे पार कर रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- कस्बे के हाईवे पर भोर पहर हाईवे पार कर रही महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी।जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी।सूचना पर पहुंची चैकी पुलिस ने बाइक को कब्जे मे लेकर महिला को सीएचसी मे भर्ती कराया।जहाँ हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बे के मोहल्ला बखतबलीखेड़ा निवासी कल्पना पत्नी सन्तोष तीस वर्ष सोमवार भोर पहर हाइवे पार कर रही थी कि तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयीं।सूचना पर पहुंची चैकी पुलिस ने बाइक को कब्जे मे लेकर घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी नवाबगंज मे भर्ती कराया जहां महिला की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव के पास किदवई नगर डिपो की एक रोडवेज बस ने हाईवे पार कर रहे एक अज्ञात युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही अजगैन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस को हाईवे से हटवाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवा दिया है। वहीं घायल युवक की पहचान कराने और दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ऑटो पलटने से घायल मजदूर की इलाज से पहले मौत, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- कोतवाली क्षेत्र में ऑटो रिक्शा पलटने से घायल हुए एक मजदूर की सोमवार सुबह मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। खड़हरा गांव निवासी सुरेश रावत (30) पुत्र भरोसे रविवार को आसीवन थाना क्षेत्र के सकतपुर गांव स्थित एक आम के बाग में मजदूरी करने गया था। देर रात करीब 11 बजे वह मजदूरी कर ऑटो रिक्शा से अपने घर लौट रहा था। ऑटो वाजिदनगर गांव निवासी मानसिंह पुत्र नरेंद्र सिंह चला रहा था। बताया जाता है कि मुंशीगंज-अजगैन मार्ग पर खड़हरा मोड़ के पास पहुंचते ही ऑटो रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में चालक मानसिंह को मामूली चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उन्हें घर ले आए। सोमवार सुबह करीब छह बजे सुरेश की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल ले जाने की तैयारी के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार में मां विद्या देवी, पत्नी आशा और दो पुत्र मोहित व रोहित हैं। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल है। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटनाग्रस्त ऑटो रिक्शा को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया है।

## प्रेशर कुकर का ढक्कन निकलने से किशोरी झुलसी, जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- क्षेत्र के भिखारीपुर पतसिया गांव में सोमवार शाम खाना बनाते समय हुए हादसे में एक किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव निवासी राकेश की 15 वर्षीय पुत्री गौरी घर में गैस चूल्हे पर कुकर में चावल बना रही थी। इसी दौरान अचानक कुकर का ढक्कन तेज धमाके के साथ निकल गया। हादसे में कुकर का उबलता पानी और गर्म भाप गौरी के ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। तेज आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल किशोरी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। चिकित्सकों के अनुसार किशोरी का उपचार जारी है। वहीं, हादसे ने रसोई में गैस चूल्हे और प्रेशर कुकर के सुरक्षित उपयोग को लेकर भी लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया है।

# पूर्व ईडी के कैंपस पहुंचने पर भड़के छात्र हाईवे जाम कर किया प्रदर्शन





स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- सरस्वती मेडिकल कॉलेज में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब मेडिकल छात्र-छात्राओं ने छेड़छाड़ के आरोपी रहे कॉलेज के पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) डॉ. सौरभ कवर के कैंपस में दिखाई देने का विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते सैकड़ों छात्र-छात्राएं कॉलेज गेट पर एकत्र हो गए और लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप था कि वर्ष 2024 में एमबीबीएस की एक छात्रा द्वारा डॉ. सौरभ कवर पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए थे, जिसके बाद शासन के निर्देश पर उनके विरुद्ध सोहरामऊ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। ऐसे में उनकी दोबारा कैंपस में मौजूदगी से छात्र-छात्राओं में रोष फैल गया। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से जवाब मांगा कि आखिर जिस अधिकारी को लेकर विवाद रहा है, वह कैंपस में किस हैसियत से आया है।

प्रशासन की ओर से स्पष्ट जवाब न मिलने पर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने कॉलेज गेट पर धरना शुरू कर दिया। बाद में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हाईवे पर पहुंच गए और यातायात बाधित कर दिया। सूचना पर सीओ समेत सोहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र-छात्राएं डॉ. कवर का त्यागपत्र दिखाए जाने तक प्रदर्शन समाप्त करने को तैयार नहीं हुए। काफी देर चली वार्ता के बाद कॉलेज प्रशासन ने प्रबंधन से संपर्क किया और डॉ. सौरभ कवर की ओर से भेजा गया इस्तीफा छात्रों को दिखाया गया। इसके बाद छात्रों ने धरना और जाम समाप्त कर दिया। कॉलेज के वरिष्ठ एकाउंटेंट एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे अखिलेश मौर्य ने बताया कि डॉ. सौरभ कवर को कॉलेज प्रशासन की ओर से नहीं बुलाया गया था। वह किस कारण से कैंपस आए, इसकी जानकारी नहीं है।

## बहू-बेटी सम्मेलन में पारिवारिक सौहार्द और महिला सम्मान का दिया गया संदेश



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- महिला सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना दही पुलिस द्वारा ग्राम सोनिक में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन चौपाल के रूप में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, छात्राओं एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर सामाजिक समरसता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देशन में किया गया। सम्मेलन में परिवार परामर्श समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान गीता सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह तथा थाना दही की पुलिस टीम मौजूद रही। चौपाल के दौरान सास, बहू, ननद, भाभी, मां, बेटियों एवं छात्राओं को पारिवारिक रिश्तों में प्रेम, सम्मान और आपसी विश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि परिवार की बहू को बेटी के समान स्नेह और सम्मान मिलना चाहिए तथा दोनों के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। सम्मेलन में यह भी कहा गया कि बहुओं को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सास को मां के समान सम्मान देना चाहिए और परिवार के सभी सदस्यों के साथ मधुर संबंध बनाए रखने चाहिए। वक्ताओं ने पारिवारिक संवाद, आपसी सहयोग और सम्मान को सुखी परिवार की नींव बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों ने महिला सम्मान, पारिवारिक एकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया।

## प्रथम प्रयास में बिहार पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर निहारिका ने बढ़ाया जिले का मान



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- नगर की मेधावी छात्रा निहारिका मिश्रा ने प्रथम प्रयास में ही बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नगर के मोहल्ला खत्रियाना निवासी निहारिका मिश्रा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा केडीएस स्कूल से प्राप्त की, जबकि इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई लखनऊ पब्लिक स्कूल से पूरी की। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा पहले ही प्रयास में सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में बिहार प्रशासन द्वारा उन्हें प्रोवेशन अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। उनकी प्रतिभा और कार्यक्षमता को देखते हुए भविष्य में उच्च प्रशासनिक पदों पर पदोन्नति की भी संभावना जताई जा रही है। निहारिका के पिता बी.के. मिश्रा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) से सेवानिवृत्त विकास अधिकारी हैं, जबकि उनकी माता ऊषा मिश्रा गृहिणी हैं। बेटी की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। छात्रा की उपलब्धि पर नगर के कई गणमान्य नागरिकों ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सुनील अवस्थी, सुधीर कुमार मिश्र श्सद्धूश्, आदित्य विक्रम सिंह, विवेक दीक्षित, राजेश रस्तोगी, राघवेंद्र रस्तोगी, मनोरमा मिश्रा, राजू पांडेय, शरद अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने निहारिका को बधाई देते हुए इसे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

## झूठे आरोप लगाकर विभाग पर दबाव बनाने का प्रयास, डेटा एंट्री ऑपरेटर पर एआरटीओ का पलटवार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- एआरटीओ कार्यालय में कार्यरत डेटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा लगाए गए आरोपों पर विभाग ने अपना पक्ष रखते हुए उन्हें पूरी तरह निराधार बताया है। एआरटीओ श्वेता वर्मा ने कहा कि कर्मचारी शिव सिंह के खिलाफ नियमों के विपरीत कार्य करने और स्क्रूटनी में लगातार लापरवाही बरतने के कारण कार्रवाई की गई थी। इसी कार्रवाई से नाराज होकर उन्होंने विभाग की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से झूठे आरोप लगाए हैं। एआरटीओ ने बताया कि शिव सिंह द्वारा कई मामलों में गलत स्क्रूटनी किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। इस संबंध में संबंधित कंपनी को पत्र भेजकर कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। साथ ही उच्चाधिकारियों को भी पत्र की प्रति भेजकर कर्मचारी को हटाने तथा उसके स्थान पर नए कर्मी की तैनाती की मांग की गई थी। मेडिकल प्रमाण पत्रों में कथित फर्जीवाड़े के आरोपों को खारिज करते हुए श्वेता वर्मा ने कहा कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होती है। अधिकृत चिकित्सक अपनी लॉगिन आईडी से मेडिकल परीक्षण के बाद प्रमाण पत्र सीधे पोर्टल पर अपलोड करते हैं, जिससे किसी भी प्रकार की हेराफेरी की संभावना नहीं रहती। ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों को लेकर उठाए गए सवालों पर एआरटीओ ने बताया कि जिले में पांच मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल संचालित हैं, जिनकी नियमित जांच संभागीय निरीक्षक (आरआई) और विभागीय अधिकारियों द्वारा की जाती है। व्यावसायिक लाइसेंस भी प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद ही जारी किए जाते हैं। वर्तमान में किसी भी स्कूल के खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने अथवा नियम विरुद्ध कार्य करने की कोई शिकायत नहीं है। श्वेता वर्मा ने बताया कि शिव सिंह इससे पूर्व लखनऊ में तैनात थे, जहां उनके खिलाफ शिकायतें मिलने पर उन्हें हटाया गया था। उन्नाव में तैनाती के बाद भी उनकी कार्यशैली में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। पहले उन्हें चेतावनी देकर सुधार का अवसर दिया गया, लेकिन स्थिति में बदलाव न आने पर विभाग ने नियमानुसार उन्हें हटाने की कार्रवाई की।

## पालिका अध्यक्ष-सभासद विवाद पर प्रशासन सख्त, समन्वय बैठक में उठे अनियमितताओं के मुद्दे

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- नगर पालिका अध्यक्ष और सभासदों के बीच लंबे समय से चल रहे मतभेद को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला अधिकारी के निर्देश पर आयोजित समन्वय बैठक में सभासदों ने नगर पालिका के कार्यों, विकास योजनाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने दोनों पक्षों की बातें सुनते हुए नगर पालिका अधिनियम के अनुरूप कार्य करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। समन्वय बैठक में सभासदों ने पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए चेयरमैन रामजी गुप्ता पर बोर्ड की बैठक नियमित रूप से न बुलाने का आरोप लगाया। सभासदों ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आम लोगों को प्रमाण पत्र बनवाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आरोप लगाया गया कि बिना सुविधा शुल्क के प्रमाण पत्र समय से नहीं बनाए जाते हैं। इसके अलावा डस्टबिन की खरीद और वितरण में बड़े पैमाने पर घोटाले की आशंका जताते हुए जांच की मांग की गई। सभासदों ने नगर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई तथा अन्य जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा कराए गए कार्यों की रिपोर्ट तैयार कर सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व नगर के सभी नालों की सफाई हर हाल में पूरी कराई जाए और सभासदों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों को संतुष्ट रखते हुए विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया। इस दौरान सभासद से तेज आवाज में बोलने पर उपजिला अधिकारी ने सफाई नायक मुकेश को जमकर लताड़ लगाई।

# कानपुर देहात समाचार





## सच्चे कर्मयोगी साबित हुए सत्यनारायण सैनी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री

**भाजपा कार्यकर्ता पूर्व सभासद गोपाल सैनी एवं युवा व्यापारी राजू सैनी के पिता का बीते दिनों हो गया था निधन सोमवार को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी पहुंचे उनके आवास जिले के प्रख्यात डेकोरेटर हर्षित सैनी द्वारा किया गया मंत्री का स्वागत**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** जीवन की आखिरी सांस तक सच्चे कर्मयोगी साबित हुए स्मृति शेष सत्य नारायण सैनी को श्रद्धांजलि देने सोमवार को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जसवंत सैनी उनके आवास पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन वरिष्ठ भाजपा व्यापारी नेता रामजी मिश्रा रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रशांत ओमर पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव विलास मिश्रा के साथ दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए उन्होंने कहा कि जीवन पर्यंत राम नाम का गुणगान करने वाले सत्यनारायण सैनी सदैव हम सभी के मन मस्तिष्क में बने रहेंगे आवश्यकता इस बात की है कि हम उनके जीवन व्रत से शिक्षा लेकर उनके बताएं मार्ग पर ही चलने का संकल्प ग्रहण करें। भोर की किरण के साथ ही राम नाम का मधुर रसपान अपनी वाणी से सभी को कराने वाले अकबरपुर निवासी सत्य नारायण सैनी ने बीते दिनों शरीर त्याग दिया था उनके निधन की जानकारी लगने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी हजारों लोगों की नम आंखों के बीच उनकी शव यात्रा निकली थी उसके बाद से जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनो के आने का सिलसिला सोमवार को भी बदस्तूर जारी रहा सोमवार को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जसवंत सैनी उनके आवास पर पहुंचे दिवंगत के क्षेत्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद उन्होंने परिवार के प्रत्येक सदस्य से मुलाकात की उन्होंने कहा कि सत्यनारायण सैनी जैसी पुण्य आत्मा हम लोगों के बीच अपनी उम्र पूरी कर चली गई है यह हम लोगों का सौभाग्य है जिन्होंने जीवन भर केवल प्रभु श्री राम के नाम का जाप किया ऐसी महान विभूति यदा कदा ही अवतरित होती है उन्होंने दिवंगत श्री सैनी के पुत्र राजू सैनी एवं गोपाल सैनी के कंधों पर हाथ रखकर कहा कि आवश्यकता पढ़ने पर जब भी उन्हें याद किया जाएगा वह परिवार के साथ समर्पण भाव से खड़े दिखाई देंगे इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन एवं वरिष्ठ व्यापारी भाजपा नेता रामजी मिश्रा से जिले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की इस दौरान पवन अग्निहोत्री दुर्गेश शर्मा राज नारायण सैनी विनीत मनोज विकास गोलू आकाश अंकुर अखिलेश अक्षत विकास हर्ष यशराज सहित अकबरपुर क्षेत्र के प्रख्यात डेकोरेटर हर्षित सैनी आदि मौजूद रहे।

## लेखपाल योगेश तिवारी ने BPSC पास कर बने सप्लाई इंस्पेक्टर, तहसील में खुशी की लहर

**■ एसडीएम शिखा संखवार तहसीलदार संतोष कुमार ने दी बधाई बोले. युवाओं के लिए प्रेरणा हैं योगेश**





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** रसूलाबाद तहसील में लेखपाल पद पर कार्यरत योगेश तिवारी ने बिहार लोक सेवा आयोग ठच्ैब् की परीक्षा उत्तीर्ण कर सप्लाई इंस्पेक्टर का पद प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से तहसील के सभी लेखपाल साथियों में जहां हर्ष है वहीं उपजिलाधिकारी शिखा संखवार तहसीलदार संतोष कुमार सहित समस्त तहसील स्टाफ ने योगेश तिवारी को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उपजिलाधिकारी शिखा संखवार ने कहा कि योगेश तिवारी की सफलता पूरे तहसील परिवार के लिए गर्व का विषय है। नौकरी के साथ तैयारी करना आसान नहीं होता। उन्होंने साबित किया कि मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। अन्य कर्मचारियों और युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। तहसीलदार संतोष कुमार ने कहा कि योगेश बहुत ही कर्मठ और अनुशासित लेखपाल हैं। राजस्व के काम के साथ उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और आज ये मुकाम हासिल किया। तहसील में उनके चयन से सकारात्मक माहौल बना है। हमें उम्मीद है कि नए पद पर भी वे पूरी निष्ठा से जनसेवा करेंगे।

लेखपाल योगेश तिवारी ने बताया कि ये सफलता मेरे मातापिता गुरुजनों और तहसील के सभी अधिकारियों के आशीर्वाद से मिली है। एसडीएम मैम और तहसीलदार सर का हमेशा सहयोग रहा। ड्यूटी के बाद रोज चार पांच घंटे पढ़ाई करता था। मेरा सपना था कि प्रशासनिक सेवा में जाकर बड़े स्तर पर लोगों की मदद कर सकूं। बिहार में नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। योगेश तिवारी मंगला बिहार 2 कानपुर नगर के निवासी है।

तहसील के लेखपाल संघ अध्यक्ष योगेश कुमार ने भी साथियों सहित मिठाई बांटकर खुशी जताई। साथियों ने कहा कि योगेश की मेहनत सबके लिए मिसाल है।

## जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की बैठक में सीडीओ ने दिये निर्देश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात । मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित मुक्तेश्वरी देवी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में भूगर्भ जल दोहन जल संरक्षण तथा भूगर्भ जल संबंधी प्राप्त विभिन्न आवेदन पत्रों पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत विभिन्न आवेदन पत्रों पर क्रमवार चर्चा की गई तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी आवेदन पत्रों पर निर्धारित मानकों एवं प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण कराते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र ;एनओसीद्ध निर्गत किए जाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी आवेदन के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न होने पाए तथा समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित की जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है जिसके संरक्षण एवं सतत उपयोग के लिए निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूगर्भ जल दोहन से जुड़े मामलों की नियमित निगरानी की जाए तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैठक में पूर्व में निर्गत किए गए एनओसी की भी समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देश दिए गए कि जिन सेवा शर्तों एवं नियमों के अधीन एनओसी जारी की गई हैं उनका संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों द्वारा अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं इसकी जांच हेतु टीम गठित कर स्थलीय सत्यापन कराया जाए। यदि किसी स्तर पर शर्तों के उल्लंघन की स्थिति पाई जाती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण वर्षा जल संचयन जल स्तर की निगरानी भूगर्भ जल पुनर्भरण तथा अन्य संबंधित विषयों पर भी विस्तृत विचार.विमर्श किया गया। बैठक में भूजल संसाधनों के संरक्षण एवं उनके संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश निर्गत किए गए।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भूगर्भ जल प्रबंधन से संबंधित शासन की नीतियों एवं निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जनहित में कार्य किया जाए ताकि भावी पीढ़ियों के लिए भूजल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी आदि संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।।।



## ई.पंजीकरण एवं निबंधन व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में अधिवक्ता समाज का संकल्प अडिग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** ई.पंजीकरण व्यवस्था एवं निबंधन प्रक्रिया के निजीकरण के विरोध में अकबरपुर अधिवक्ता समिति द्वारा किया जा रहा आंदोलन सोमवार को भी को अनवरत जारी रहा अधिवक्ता समिति के समस्त सदस्य उनके सहायक गण एवं स्टाम्प विक्रेता पूरे दिन आंदोलन स्थल पर उपस्थित रहे। सोमवार धरने के दौरान दिनभर चले विचार.विमर्श के उपरान्त अधिवक्ताओं ने ई.पंजीकरण व्यवस्था उसके संभावित विस्तार तथा भविष्य में निबंधन प्रक्रिया पर पड़ने वाले प्रभावों पर गंभीर चर्चा की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि निबंधन व्यवस्था केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है बल्कि नागरिकों के संपत्ति संबंधी अधिकारों दस्तावेजों की विधिक सुरक्षा तथा न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है।बैठक में अधिवक्ताओं ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि वर्तमान में जारी स्पष्टीकरणों के बावजूद शासन स्तर से ऐसा कोई स्पष्ट एवं स्थायी लिखित आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ है जिससे भविष्य में इस व्यवस्था के विस्तार अथवा निबंधन प्रक्रिया में निजी हस्तक्षेप की संभावनाओं पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। अधिवक्ताओं का मत था कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर शासन द्वारा स्पष्ट एवं दीर्घकालिक नीति घोषित किए जाने की आवश्यकता है।वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता समाज का उद्देश्य किसी व्यवस्था का विरोध करना नहीं बल्कि जनसामान्य के अधिकारों दस्तावेजों की सुरक्षा विधिक पारदर्शिता तथा अधिवक्ताओं की संस्थागत भूमिका के संरक्षण से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्राप्त करना है। इस विषय पर शासन द्वारा स्पष्ट नीति सामने आने तक अधिवक्ता समाज का लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में अधिवक्ता समिति अकबरपुर के अध्यक्ष बिपिन चंद्र दीक्षित ब्रजेश कुमार पाल रुचि यादव ध्रुव श्रीवास्तव सहित सुधीर सिंह भदौरिया हर्षवर्धन श्रीवास्तव दिलीप यादव शिवकरन सिंह सेंगर अशोक कुमार त्रिवेदी मदन मोहन शुक्ला जुनैद शफीक कुरैशी नत्थू सिंह गौर अनिल द्विवेदी रामराज सिंह चौहान मनोज द्विवेदी गिरिजेश त्रिपाठी दिग्विजय सिंह यादव दिलीप श्रीवास्तव विजय शंकर पाण्डेय राहुल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## महिला संग मारपीट का वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात। मंगलपुर थाना क्षेत्र के अचरौली गांव में एक महिला के साथ लाठी डंडों से कुछ लोगों ने जमकर मारपीट की। जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के अचरौली गांव मे शनिवार को एक महिला के साथ में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक महिला को लाठी मारता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस बावत एसएसआई कमलेश कुमार दुबे ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मामले की जांच कराई जा रही है।

## युवतियों को तड़पता व चीखता देख मजा आता था

**-चिपचिपा पदार्थ फेंकने वाला आरोपी को पुलिस ने पकड़ा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** युवती व महिलाओं पर चिपचिपा पदार्थ फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से दो बोतल जलनशील तरल पदार्थ व करीब आधा किलो चरस भी बरामद हुई है। आरोपी 2022 में काकादेव क्षेत्र से पॉक्सो एक्ट में जेल जा चुका है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि युवतियों पर पदार्थ पड़ने के बाद उनके तड़पने और चीखने से उसे मजा आती थी।

डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि शनिवार को रावतपुर क्षेत्र में ड्यूटी से लौट रही एक नर्स पर नौ नंबर क्रॉसिंग के पास अज्ञात युवक ने चिपचिपा पदार्थ फेंक दिया था। इसके कुछ समय बाद एक छात्रा भी इसी तरह की घटना का शिकार हुई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही थी कि रविवार को कल्याणपुर क्षेत्र में एक ट्यूशन टीचर के साथ के साथ वारदात हो गई। जिसके बाद रावतपुर और कल्याणपुर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थलों और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध की पहचान करने में जुट गई। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने एल्डेको के पीछे जवाहरपुरम क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान शारदानगर निवासी दिलशाद के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त साइकिल, दो बोतल जलनशील तरल पदार्थ और 510 ग्राम चरस बरामद की। पूछताछ में आरोपी दिलशाद ने बताया कि वह महिलाओं पर चिपचिपा पदार्थ फेंकता था क्योंकि उसे ऐसा करने में मजा आता था। आरोपी के इस बयान के बाद पुलिस उसके मानसिक व्यवहार और आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

### मोबाइल में मिले कई अश्लील वीडियो

डीसीपी ने बताया कि आरोपी पत्थर कारीगर के साथ मजदूरी करता है। पत्थरों को जोड़ने वाला पदार्थ की बोतलें साइकिल में लेकर निकलता था और युवतियों पर फेंकता था। आरोपी ने बताया कि फेंकने के बाद युवतियों को दूर से जाकर देखता था, जब वे तड़पती थीं तो मजा आती थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी गंदे वीडियो देखने का शौकीन है। उसके मोबाइल में कई अश्लील वीडियो मिले हैं।

## केडीए ने किया तात्या टोपे नगर में अत्याधुनिक पार्क का टेंडर जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** गोविंद नगर विधानसभा अन्तर्गत तात्या टोपे नगर में हाईवे किनारे एकड़ों में फैले खाली पड़े स्थान को नवीन पार्क की स्थापना हेतु लगभग 12.31 करोड़ रुपये की लागत से केडीए ने टेंडर जारी किया है। उक्त पार्क के निर्माण हेतु तत्कालीन सपा सरकार में 40 लाख रुपए आवंटित हुए थे। जिसको किन्हीं कारणों से दूसरे पार्क में वह पैसा शिफ्ट करा दिया गया था। यह पार्क निराला नगर मैदार्न के बाद क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा बड़ा पार्क होगा। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि तात्या टोपे नगर, माया पुरम, रविदासपुरम, रतनलाल नगर, गुजैनी, बर्रा, दबौली, गोविन्द नगर तथा आसपास के क्षेत्रों के 01 लाख से भी ज्यादा लोगों को वर्षों से एक बड़े एवं आधुनिक पार्क की आवश्यकता महसूस हो रही थी। जिसे अविलम्ब निर्माण पूर्ण कराया जायेगा। उक्त पार्क के निर्माण से बच्चों को खेलकूद के लिए सुरक्षित स्थान, महिलाओं को भ्रमण एवं योग के लिए बेहतर वातावरण तथा बुजुर्गों को स्वास्थ्य लाभ हेतु सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही क्षेत्र में हरित क्षेत्र बढ़ने से पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को धरातल पर लाने के लिए सांसद रमेश अवस्थी द्वारा कई प्रयास किया गया है। श्री मैथानी ने कहा कि प्रस्तावित पार्क में आधुनिक लैंडस्केपिंग, हरित क्षेत्र, वॉकिंग ट्रैक, बच्चों के लिए खेल उपकरण, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

## महिला की चेन पार करने वाला टप्पेबाज गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** हैलट अस्पताल में ब्लड दिलाने का झांसा देकर आटो चालक ने महिला की सोने की चेन लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने स्रूप नगर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से शातिर को रावतपुर के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया।

उन्नाव जनपद के माखी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम चकलवंशी निवासी आरती सोनी ने बताया कि उनके पति राजेंद्र सोनी का इलाज पेंटागन अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों ने पति के लिए ब्लड चढ़ाने के लिए कहा था, जिस पर वह अपनी बेटी के साथ ब्लड के लिए आईएमए स्थित ब्लड बैंक गई थीं, जहां उन्हें एक ऑटो ड्राइवर मिला, जो उन्हें ब्लड का इंतजाम कराने की बात कहकर हैलट अस्पताल ले आया। इस पर वह बेटी के साथ उसके ऑटो में बैठ गई। आरोप है कि ड्राइवर उन्हें जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परिसर के अंदर स्थित कॉलोनी क्षेत्र में ले गया और अपने दोस्त से ब्लड दिलाने की बात कहकर बहाने बनाने लगा। इसी दौरान उसने महिला को बातों में उलझाकर उनकी करीब दो तोला सोने की चेन उतरवा ली और मौका पाकर ऑटो समेत फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने हल्के नारंगी रंग की टी-शर्ट, काला लोअर और सफेद अंगौछा पहन रखा था। घटना के बाद महिला ने स्वरूप नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मेडिकल कॉलेज कैंपस निवासी मो ईशान को गिरफ्तार किया।

## 132 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित, 37 हजार से अधिक घर हुए सौर ऊर्जा से रोशन

**-पीएम सूर्यघर योजना में जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर काबिज**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनपद में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जनपद में अब तक 37,844 घरों पर रूफटॉफ सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे कुल 132.09 मेगावाट स्थापित सौर क्षमता विकसित हुई है। योजना के माध्यम से हजारों परिवार स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं तथा उनके बिजली व्यय में भी कमी आ रही है। पीएम सूर्यघर योजना में जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर काबिज है।

सोमवार को नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अफसरों ने बताया कि जनपद में 37,844 आवासों पर रूफटॉफ सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा 36,032 लाभार्थियों को सब्सिडी जारी की जा चुकी है। इससे जनपद में 132.09 मेगावाट की स्थापित सौर क्षमता विकसित हुई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल माह से 21 जून तक 10,249 नए सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है। वर्ष 2026-27 में जनपद को 42,684 संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। बैंक ऋण से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा 30 जून तक ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभाग और बैंक समन्वित रूप से कार्य करें। जिलाधिकारी ने डिस्कॉम अधिकारियों को स्थापित रूफटॉफ सोलर संयंत्रों का सत्यापन समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही लाभार्थियों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने तथा स्थापना कार्यों में तेजी बनाए रखने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जनपद में अधिकाधिक परिवारों को योजना से जोड़ने के लिए सभी संबंधित विभाग पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव ज. जैन, परियोजना अधिकारी नेडा राकेश पाण्डेय, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, डिस्कॉम अधिकारी एवं वेंडर उपस्थित रहे।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, छात्र की मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** महाराजपुर में वाटर जा रहे एक बाइक पर सवार लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कक्षा 7 के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मूलरूप से कानपुर देहात के रनियां निवासी वीर प्रकाश जहानाबाद में रहकर नमस्ते इंडिया फैक्ट्री में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी संगीता, बेटी नैंसी व बेटे चंदन उर्फ अंश यादव हैं। परिजनों ने बताया कि चंदन कक्षा सात, जबकि नैंसी 9वीं की छात्रा है। रविवार शाम रविवार शाम इलाके में रहने वाले छोटू के साथ नैंसी, अंश व एक अन्य युवती सरसौल स्थित वाटर पार्क जा रहे थे। वह सरसौल स्थित सीएचसी के पास पहुंचे ही थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंश यादव के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहन नैंसी के पैर में फैक्चर हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल नैंसी को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया, परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



तापमान 41 के पार, भीषण गर्मी व उमस से लोग बेहाल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। शहर में भीषण गर्मी व उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि उमस बढ़ने से लोगों को चुभन भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। हवा की दिशा बीच-बीच मिश्रित हो जा रही है। मौसम विशेषज्ञ डॉ एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि तपमानों में 1 से 2 डिग्री का उतार चढ़ाव और उमस भरी गर्मी बने रहने की संभावना है। अगले दो दिनों तक हल्के बादल छाए रहने के बावजूद उमस भरी गर्मी बनी रहेगी। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच में मानसून की दस्तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। मानसून आने के बाद भी बारिश की अधिक संभावना नहीं बताई जा रही है। अब तक अनुमान से 24 फीसदी बारिश कम हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा अल नीनो के कारण ऐसा हो रहा है, लेकिन इस कमी को थोड़ा देर से इंडियन ओशियन डाइपोल पूरी कर देगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रशांत महासागर में तापमान सामान्य से लगभग 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। इसके साथ ही हिंद महासागर डाइपोल अभी तटस्थ अवस्था में है, जो अगस्त-सितंबर में विकसित हो सकता है। मौसम विशेषज्ञ डॉ पांडेय का कहना है कि ऐसी स्थिति में हिंद महासागर से भारत की ओर वाली नमी का प्रवाह बढ़ जाएगा, जो अलनीनो के प्रतिकूल प्रभाव को काफी हद तक संतुलित करेगा।

## सेक्स रैकेट मामले में जेल में बंद कैदी की मौत

**-तबियत बिगड़ने पर उर्सला में कराया गया था भर्ती**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** देह व्यापार के मामले में जेल में बंद कैदी की रविवार शाम इलाज के दौरान उर्सला अस्पताल में मौत हो गई। जेल प्रशासन की सूचना पर मृतक के बेटे पहुंचे। वहीं जेल प्रशासन ने कोतवाली पुलिस को पोस्टमार्टम और वीडियोग्राफी कराने के लिए पत्र भेजा है। हनुमंत विहार के खाड़ेपुर कर्रही निवासी अम्बिका सिंह किराये के मकान में रहता था। 16 मई 2026 को रावतपुर पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के मामले में अम्बिका सिंह गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अंबिका के दो बेटे करन प्रताप और यश प्रताप हैं, जबकि उनकी पत्नी शशि सिंह की मौत हो चुकी हैं। बेटों का कहना है कि वह अपने पिता से ज्यादा मतलब नहीं रखते थे। जेल में बंद होने के बाद से वह उनसे मिलने तक नहीं गए थे। रविवार शाम अंबिका सिंह की जेल में हालत बिगड़ गई। इस पर जेल प्रशासन ने उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं जेल प्रशासन के अनुसार बंदी को पान मसाला और शराब सेवन की लत थी। 17 जून को उसने पेट दर्द और असामान्य व्यवहार की शिकायत की, जिसके बाद उसे कारागार चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। रविवार 21 जून की शाम उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। उसे सांस लेने में तकलीफ और दस्त की शिकायत हुई। जेल चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार और जीवनरक्षक दवाएं देने के बाद हालत गंभीर देखते हुए एंबुलेंस से जेल गार्ड की निगरानी में यूएचएम जिला चिकित्सालय भेजा। उर्सला अस्पताल के चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा था, लेकिन शाम करीब साढ़े 6 बजे फार्मासिस्ट इन्द्रजीत सिंह राना ने उसकी मौत की सूचना जेल प्रशासन को दी। जेल अधीक्षक ने जिला प्रशासन से बंदी की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## महंगाई के विरोध में सपाइयों ने निकाली बैलगाड़ी एवं घोड़ा-गाड़ी यात्रा

**-राज्यपाल का सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा नेता मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में बैलगाड़ी एवं घोड़ा गाड़ी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा हरजिंदर नगर चौराहे से प्रारंभ होकर सरल नर्सिंग होम तक पहुंची, जहां राज्यपाल का संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। यात्रा में बैलगाड़ी एवं घोड़ा गाड़ी का उपयोग कर बढ़ती महंगाई के विरोध को प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता, युवा, किसान, व्यापारी एवं आमजन शामिल हुए और महंगाई के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। इस मौके पर सपा नेता मनोज कुमार शुक्ला ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, सब्जियों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी एवं मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में कमी, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण, किसानों को राहत तथा कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोपाल तिवारी, डॉ नीतेंद्र यादव, अर्पणा जैन, सत्यम त्रिपाठी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता, युवा, किसान व व्यापारी उपस्थित रहे।



## पंचायत सहायकों ने की मानदेय वृद्धि और मूलभूत सुविधाओं की मांग

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। सरसौल ब्लॉक के पंचायत सहायकों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मानदेय वृद्धि और मूलभूत सुविधाओं की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से सहायकों ने बताया कि ग्राम पंचायतों में विभिन्न शासकीय योजनाओं और ऑनलाइन सेवाओं के संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कम मानदेय और सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में अधिकांश सरकारी कार्य ऑनलाइन माध्यम से होते हैं, जिसके लिए मोबाइल और इंटरनेट अनिवार्य हैं। इसके बावजूद उन्हें कोई मोबाइल या इंटरनेट भत्ता नहीं मिलता। कम मानदेय के कारण अपने खर्च पर मोबाइल रिचार्ज और इंटरनेट सेवाओं का उपयोग करना उनके लिए आर्थिक बोझ बन गया है। आरोप लगाया कि उनका मानदेय अत्यंत कम है और इसकी समय-समय पर समीक्षा नहीं की जाती। मानदेय भुगतान में लगातार देरी होती है, जिससे आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। कई स्थानों पर सचिव और प्रधान स्तर पर अनावश्यक विलंब के कारण मानदेय महीनों तक लंबित रहने की शिकायत भी की गई। पंचायत सहायकों ने जिलाधिकारी से मांग की कि उन्हें मोबाइल एवं इंटरनेट भत्ता उपलब्ध कराया जाए। साथ ही मानदेय में बढ़ोतरी कर उसकी नियमित समीक्षा की जाए और प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच मानदेय भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान नितिन सिंह, ऋतिक गुप्ता, शिवम कुशवाहा, शुभम, विष्णु, हिमांशु, मानवेंद्र, अंकित, अभिषेक, सूर्यप्रताप, पवन, सुजीत, श्वेता सिंह, दीक्षा गुप्ता, दिव्या सिंह, शिवांशी, सानिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सीएसए में हुआ मड मिरर एवं मैजिक लिप्पन आर्ट कार्यशाला का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा तीन दिवसीय मड मिरर एवं मैजिक लिप्पन आर्ट कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 24 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 30 छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय पारंपरिक लोक कलाओं, विशेष रूप से गुजरात की प्रसिद्ध लिप्पन कला एवं मड मिरर वर्क की तकनीकों से परिचित कराना तथा उनमें रचनात्मकता, कौशल विकास एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को भारतीय कला एवं संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता एवं उद्यमिता के अवसरों को भी बढ़ावा देती हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मड मिरर एवं लिप्पन आर्ट की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न कलात्मक कृतियों का निर्माण किया जाएगा एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की डीन डॉ सीमा सोनकर, विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह, डॉ संगीता, डॉ संगमित्रा महापात्रा, डॉ अर्चना सिंह तथा डॉ एकता की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग की टीचिंग एसोसिएट डॉ स्वप्निल एवं डॉ एलेना ने कार्यशाला के संचालन एवं प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मड मिरर एवं लिप्पन आर्ट की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## राजा का पुरवा क्षेत्र के लोगों को जलभराव से मिलेगी निजात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



कानपुर। मानसून को देखते हुए जलभराव की समस्या निवारण कराने हेतु सोमवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने राजा का पुरवा क्षेत्र का निरीक्षण किया। राजा का पुरवा में जल निकासी करने हेतु नगर निगम के अभियंत्रण खण्ड-6 द्वारा दो चरणों में कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में नगर निगम निधि से 21.63 लाख की लागत से मुख्य मार्ग जेके मन्दिर रोड से राजा का पुरवा बस्ती तक आरसीसी ह्यूम पाइप डाला जा रहा है, जिसका कार्य प्रगति पर है। जोनल अभियन्ता ने नगर आयुक्त को बताया कि पाइप लाइन डालने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, वर्तमान में मेनहोल का कार्य प्रगति पर है, जो तीन दिन के अन्दर समाप्त हो जायेगा। राजा का पुरवा पाइप लाइन को फंड आफिस चौराहे के मेनहोल से कनेक्ट कर दिया जायेगा। जिस पर नगर आयुक्त निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लायी जाये तथा सड़क क्रास कर फण्ड ऑफिस के बाहर लाइन कनेक्ट का कार्य यातायात दबाव के दृष्टिगत शनिवार को प्रारम्भ करके रविवार तक प्रत्येक दशा में समाप्त कर दिया जाये। इसी तरह द्वितीय चरण में 15वें वित्त आयोग से राजा का पुरवा बस्ती में तालाब से बस्ती के मुख्य मार्ग तक आरसीसी ह्यूम पाइप एवं दोनों भागों में काटी गयी सड़क के सुधार कार्य हेतु 49.92 लाख का कार्य स्वीकृत है। प्रथम चरण के कार्य पूर्ण होते ही द्वितीय चरण के कार्य प्रारम्भ हो जायेंगे। नगर आयुक्त निर्देश दिए कि निर्देशित किया गया कि कार्य में तेजी लाते हुए इस सप्ताह के अन्त तक प्रथम चरण के कार्यो को पूर्ण कर लिया जाये, तदोपरान्त तत्काल द्वितीय चरण के कार्य शुरू कर दिये जाये। निरीक्षण में जोनल अभियन्ता आरके सिंह, जोनल स्व अधिकारी विजय शंकर पाण्डेय, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर




### विधायक ने करोड़ों की लागत की योजनाओं का किया शिलान्यास

**ब्लॉक पतारा एवं घाटमपुर में करोड़ों की विकास योजनाओं को मिली सौगात इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण के साथ कार्यो का शिलान्यास**

घाटमपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025.26 में ग्रामीण क्षेत्रों के आधारभूत विकास को सुदृढ़ करने हेतु विधायक सरोज कुरील ने ब्लॉक पतारा एवं घाटमपुर के विभिन्न ग्रामों में इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।ब्लॉक पतारा के ग्राम गणेशपुर में लल्ली सिंह के घर से प्राथमिक विद्यालय तक 540 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। लगभग 29 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा एवं जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी।इसी क्रम में ब्लॉक घाटमपुर के ग्राम निमधा में संतोष सरखवार के घर से पंचायत घर तक 560 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। लगभग 32 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना से ग्रामीणों को आवा गमन एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क एवं नाली निर्माण जैसी योजनाएं ग्रामीण जीवन को सुगम बनाने के साथ.साथ क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई दिशा प्रदान करती हैं। कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, भाजपा कार्यकर्ताओंए विभागीय अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही

### मित्र हो तो भगवान कृष्ण जैसा

**ककवन** ककवन ब्लॉक के गहदेवा गांव में चल रही सप्त दिवसीय संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन वृंदावन धाम से पधारे आचार्य नारायण कृष्ण दीक्षित जी महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए बताया कि व्यक्ति के जीवन में परमात्मा की सत्ता सर्वोच्च है बस विश्वास करने की बात है आज की कथा में किस प्रकार से भगवान कृष्ण ने भीम को संकेत करके जरासंध का वध कराया और जेल में बंद राजाओं को मुक्त कराया। आज के समय में अगर कृष्ण जैसा मित्र मिल जाए तो जीवन सफल है। इसके बाद परीक्षित उद्धार की कथा श्रवण कराई कथा श्रवण करने के लिए प्रतिदिन की अपेक्षा अपार जनमानस ने बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ में भक्ति भाव के साथ में श्रवण पान किया। परीक्षित के रूप में समाज सेवी सुरजन सिंह चौहान और उनकी धर्मपत्नी देवी ने भक्ति भाव के साथ में व्यास पूजन और व्यास पीठ का सम्मान किया। आयोजक के रूप में आशाराम चौहान चंद्रभान विकास आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित ।

### ई रजिस्ट्री एवं निजीकरण का अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर किया विरोध

बिल्हौर दृ ई रजिस्ट्री प्रणाली एवं निजीकरण के विरोध में बिल्हौर बार एसोसियेशन एवं बिल्हौर लायर्स एसोसियेशन एवं एकीकृत एडवोकेट एसोशिएशन के संयुक्त नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं का आरोप है कि प्रस्तावित व्यवस्था से आम जनता दस्तावेज लेखकों एवं अधिवक्ता समुदाय के हित प्रभावित होंगे और पंजीकरण व्यवस्था में निजी हस्तक्षेप बढ़ने की आशंका है इसलिए प्रदेश व्यापी आंदोलन के समर्थन में बिल्हौर तहसील में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

### ईएच चिकित्सकों ने मनाया विजय दिवस

हमीरपुर। गत वर्षों के भांति इस वर्ष भी 15वाँ विजय दिवस इलेक्ट्रो होम्योपैथिक धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना हमीरपुर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईएच डॉ गणेश सिंह जिला प्रभारी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कार्यालय हमीरपुर ने मैटी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक कार्य करते रहें। ईएच डॉ मानसी नोडल अधिकारी पंजीयन हमीरपुर ने कहा कि सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक अपनी विधा से ही कार्य करें। अपने रजिस्ट्रेशन व जिला पंजीयन प्रमाण पत्र को क्लीनिक में चस्पा करें। ईएच डॉ सुनीता सागर ने कहा कि बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ से शिक्षित प्रशिक्षित चिकित्सक ही इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा करने के लिए अधिकृत हैं। मीडिया प्रभारी मेहर मधुर निगम ने कहा कि सभी इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक निष्ठा के साथ कार्य करें। कार्यक्रम में ईएच डॉ अरसद अंसारी, ईएच डॉ कंचन गुप्ता, ईएच डॉ स्वाती खरे, ईएच डॉ रजनीश खरे, अंश निगम, केशव कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

### पीड़ित महिला ने थाने में दी तहरीर

कुरारा,हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के कंडोर गांव निवासी महिला ने गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने व हाथ में काट कर जख्मी करने की तहरीर थाने में देकर कार्रवाई किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है। कुरारा क्षेत्र के कंडोर गांव निवासी महिला सुनीता पत्नी शिवकुमार निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार को सुबह 9 बजे मेरे पति खेत से जुताई कर अपने ट्रैक्टर से कल्टीवेटर अलग कर घर के सामने रख दिया । तभी पड़ोसी अवधेश निषाद पुत्र स्व रामायण प्रसाद गाली गलौज करने लगा। जब मैने उसको गाली देने से मना किया तो अवधेश व उसकी पत्नी अनीता, पुत्र धीरज व पुत्री राची ने जमीन में गिराकर मारपीट की। तथा हाथ में काट लिया। जिससे गहरे जख्म हो गए है। तथा अवधेश ने पीछे से पीठ में लाठी से मारा जिससे चोट आई है। शोर सुनकर जब मेरे पति बचाने आए तो सभी ने एक राय होकर उनके साथ भी मारपीट की तथा धीरज ने जान से मारने की धमकी देते हुए मकान सहित ट्रैक्टर जला देने की धमकी दी है। पीड़ित महिला ने बताया कि यह लोग दबंग है। तथा आए दिन गाली गलौज करते रहते है। जिससे भय के माहौल में रहना पड़ रहा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## ओवर ब्रिज की नहीं शुरू हुई मरम्मत नहीं गुजरने दिए गये भारी वाहन



**घाटमपुर में बने 46 करोड़ के ओवर ब्रिज के क्रैक हुए स्लैब का मामलाए सर्विस रोड़ से गुजरते रहे भारी वाहन**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

घाटमपुर। सोमवार को ओवर ब्रिज की मरम्मत शुरू नहीं हुई। छोटे व बड़े वाहनों यहां तक कि पैदल गुजरने वालों को रोकने के लिए ओवर ब्रिज व चौराहे तथा ओवर ब्रिज के दोनों ओर बेरि केटिंग लगाई गई है। साथ ही ओवर ब्रिज के दोनो ओर बैरिकेटिंग लगाए जाने के साथ पुलिस द्वारा निगरानी की जाती रही। कस्बा घाटमपुर के ओवर ब्रिज के दोनों छोर से ट्रक और डंपर सहित बड़े वाहन भी नहीं निकलने दिए गए। जिसके चलते सर्विस रोड़ पर जाम की स्थित बनी रहने के साथ रुक.रुक कर ई रिक्शा व ऑटो तथा ट्रक आदि कस्बे में ही गुजरते रहे।कस्बे में कानपुर सागर हाइवे पर चार साल पहले ही 46 करोड़ से बने ओवरब्रिज की छत का स्लैब रविवार को धंस कर गड्ढा होने के साथ नीचे छत का स्लैब उखड़ने से सरियों का जाल खुल गया है। समय से लोगों द्वारा देख लिए जाने से कोई बड़ा हादसा होने से बच गया था। इसके बाद सूचना एनएचएआई के अधिकारियों को दी गई थी।सूचना मिलने पर एनएचए आई के परियोजना निदेशक ने टेक्निकल टीम के साथ निरीक्षण करने के बाद पुल से आवागमन बंद करा दिया था। इसके साथ सोमवार से रिपेयरिंग टीम बुलाकर काम शुरू कराने की बात कही थी। हालांकि सोमवार को टीम के न पहुंचने से रिपेयरिंग का काम नहीं शुरू हो सका है। वहीं आवागमन बंद होने से सभी वाहन सर्विस लेन से निकाले जा रहे हैं।

**बोले जिम्मेदार**

ओवर ब्रिज की मरम्मत शुरू करने के लिए आज सामान आदि की व्यवस्था की जा रही है। शाम तक रिपेयरिंग करने वाली टीम पहुंच जाएगी। मंगलवार से टीम काम करना शुरू कर देगी। जल्द से जल्द कार्य पूरा कराकर आवागमन शुरू कराया जाएगा। **पंकज यादव, पीडीए एनएचएआई**

## खेत की लेवलिंग करा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

घाटमपुर । थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा युवक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। उदयवीर सिंह पुत्र स्व0 रंजीत सिंह ग्राम रामसारी ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उदयवीर सिंह ने बताया कि वह तथा कल्लू तिवारी पुत्र मकरध्वज तिवारी अपने खेत की लेवलिंग कराकर जुताई करा रहे थेए तभी राजेश यादवए रामबाबू यादव पुत्रगण रामसेवक यादव निवासीगण ग्राम बंटीदाई का पुरवाए मजरा रामसारी अपनी दबंगई के बल पर खेत जोत रहे ट्रैक्टर ड्राईवर को गाली गलौज करने लगे व ट्रैक्टर ड्राईवर को मारकर वहां से भगा दिया। उसी समय उनका भतीजा अभयप्रताप आया और उसने उक्त दबंगों को गाली गलौज करने से रोका तो दबंगों ने अभयप्रताप को भी बुरी तरीके से लात घूंसों से मारा पीटा। राजेश व रामबाबू पीड़ित व उसके परिवार को गाली गलौज कर ऐलानिया धमकी दे रहे हैं। उपरोक्त सम्बन्ध में पीड़ित ने थाना पुलिस से उक्त दबंगों के अत्याचार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।



## मानवीय एवं सराहनीय कार्य करने वाले यूपी112 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर मृगांक शेखर पाठक द्वारा जनपद हमीरपुर में तैनात यूपी-112 के उन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान त्वरित, मानवीय एवं सराहनीय कार्य करते हुए जरूरतमंदों की सहायता कर पुलिस की संवेदनशील छवि को मजबूत किया। सम्मानित पुलिसकर्मियों द्वारा विभिन्न घटनाओं में तत्परता दिखाते हुए उल्लेखनीय कार्य किए गए। थाना मौदहा क्षेत्र में एक 7 वर्षीय बच्ची के मिलने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्ची से पूछताछ की गई तथा उसके परिजनों को बुलाकर उसे सकुशल सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार थाना जरिया क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहांड पहुंचाकर समय से उपचार उपलब्ध कराया गया, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। थाना राठ क्षेत्र में मोटरसाइकिल एवं ई-रिक्शा की आमने-सामने हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तत्काल जिला अस्पताल हमीरपुर पहुंचाकर उपचार कराया गया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। इन सराहनीय एवं मानवीय कार्यों के लिए पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा निम्न पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पायलट होमगार्ड 526 इस्माइल, कमाण्डर आरक्षी विकास कुमार, पायलट आरक्षी संजेश कुमार, सबकमाण्डर सत्यप्रकाश, कमाण्डर आरक्षी आसिफ शेख, पायलट आरक्षी मो. फिरोज, सहकमाण्डर आरक्षी रनवीर, कमाण्डर मुख्य आरक्षी अतुल कुमार रहे। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने कहा कि उक्त पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदर्शित तत्परता, कर्तव्यनिष्ठ एवं मानवीय संवेदनशीलता पुलिस विभाग की उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचायक है। ऐसे कार्यों से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास, सुरक्षा एवं सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित होता है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, लगन एवं समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की।

## घाटमपुर में गमगीन माहौल में निकाला गया मेहंदी का जुलूस

**ऽ सोमवार की रात निकले पलंग के जुलूस में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़**

घाटमपुर। कस्बे में मोहर्रम के त्योहार पर सोमवार की रात गमगीन माहौल में मेहंदी का परंपरागत मार्गों से खलीफा कमर अंसारी की अगुवाई में जुलूस निकाला गया। जुलूस में मैनेजर गुड्डू अंसारीए शाहिद अंसारीए शफीक अंसारीए नौशाद अंसारी समेत तमाम लोग शामिल रहे।इस मौके पर कस्बा चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र सिंह फोर्स के साथ मौजूद रहे।



### किशोरी को ले जाने वाले दो भाइयों समेत तीन पर रिपोर्ट

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 साल की किशोरी को भगा ले जाने वाले दो मुस्लिम युवकों समेत तीन के खिलाफ पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पिता का आरोप है कि रविवार को सायं 5 बजे गाव का साहिल तथा उसके भाई मुन्ना तथा दो तीन उसके दोस्त उसकी पुत्री को अपने प्रेमजाल में फसाकर बहला फुसलाकर कहीं ले गया है । उसके परिवार से शिकायत करने पर उन लोगो ने कहा की लडकी अब हमारी हो चुकी है वो मुस्लिम धर्म भी अपना ली है अब तुम कुछ नही कर पाओगे। साथ ही धमका रहे हैं कि अगर पुलिस में शिकायत किया तो तुम्हारे परिवार में कोई नही बचेगा पूरा परिवार खत्म कर देगें। **युवक का शव फांसी पर मिला झूलता** घाटमपुर। जनपद कानपुर देहात के ग्राम मदा का पुरवा थाना गजनेर निवासी सुमन देवी पत्नी राजू ने थाने पहुंचकर पति के फांसी लगाकर आत्म हत्या करने की सूचना की। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई जितेन्द्र पुत्र छुटकऊ ग्राम तरगाँव थाना घाटमपुर की शादी में तरगाँव आई थी। उस के पती राजू पुत्र राम गुलाम उम्र करीब 40 वर्ष ने तरगांव में ही जितेन्द्र के घर के सामने नीम के पेड़ से साड़ी के फन्दे से फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली है। यह घटना बीती रात करीब तीन चार बजे की है।

### करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

घाटमपुर। कस्बे के कूष्मांडा नगर वार्ड में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। महिला अपने मायके हमीरपुर गई थीए तभी करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे सीएचसी ले कर पहुंचेए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।कूष्मांडा नगर निवासी प्रेम शंकर की पत्नी चेतना 35 अपने मायके हमीरपुर जनपद के रमेड़ी गई थी। सोमवार को वह मायके में ही करंट की चपेट में आ गई। मायके के लोग उसे जिला अस्पताल हमीरपुर ले गए। उसके बाद सीएचसी घाटमपुर लेकर आ गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव

पत्रांक 568 / अभि.वि. / 2026–27 / 595 दिनांक 22.06.2026

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (Re-Tender)**

कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव द्वारा ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर शासनादेश सं0– 3890 / नौ–5–19–149सा / 2019 दिनांक 20–09–2019 के अनुसार ठेकेदारों / फर्मों से पत्र सं० 206 / अभि०वि० / 2026–27 / 221 दिनांक 05–05–2026 द्वारा आमंत्रित 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क अनुदान की धनराशि से वित्तीय वर्ष 2026–27 में नगर पालिका परिषद उन्नाव सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण (सिविल) कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी थीं। उक्त कार्यों की तकनीकी निविदा ई–टेण्डर कमेटी सदस्यों द्वारा खोली गयीं, इनके द्वारा तैयार की गयी चेक लिस्ट के अनुसार 01 कार्य में नियमानुसार 03 निविदाओं से कम पात्र तकनीकी निविदायें प्राप्त होने के कारण कमेटी द्वारा निविदा निरस्त करने की संस्तुति की गयी जिस पर अध्यक्ष महोदया के आदेश 09.06.2026 द्वारा उक्त 01 कार्य की निविदायें निरस्त कर दी गयी, उक्त कार्य की पुनः तकनीकी एवं वित्तीय ई–निविदा (Re-Tender) आमंत्रित की जाती हैं।

उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी पालिका की वेबसाइट http://unnaonpp.in पर भी देखी जा सकती है। समस्त बिड डाक्यूमेंट नियम / शर्तें तथा निविदा प्रपत्र उल्लिखित ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर निम्नानुसार देखी व डाली जा सकती हैं। सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**निविदा तिथि का विवरण निम्नवत् है–**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Publish Date | 23.06.2026 |
| (b) | E-tender Downloading Date and Time | 23.06.2026, 11:00 AM |
| (c) | Last Date and Time for Submission of E-bid | 29.06.2026, 05:00 PM |
| (d) | Date and Time of opening technical bid. | 30.06.2026, 11:00 AM |
| (e) | Date and Time of opening Financial bid. | After technical bid evaluation. |
| (f) | E-Tender Document Processing fees. | 23.06.2026 to 29.06.2026 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, उन्नाव।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, उन्नाव।**



## कार्यालय नगर पंचायत तालबेहट (ललितपुर)

पत्रांक 98 / न०पं० तालबेहट / राज्य वि०निविदा / 2026–27 / दिनांक– 22.06.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2026–27 की धनराशि से नगर पंचायत तालबेहट द्वारा निम्न कार्य किया जाना है। जिसके लिये मुहरबन्द निविदायें दिनांक 30.06.2026 को समय दिन में 3.00 बजे आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 3.30 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। निविदा फार्म दिनांक 30.06.2026 को समय दिन के 12.00 बजे तक निर्धारित शुल्क देकर नगर पंचायत तालबेहट के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। सशर्त कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि NETBANKING/NEFT/RTGS के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक तालबेहट के नगर पंचायत तालबेहट खाता संख्या–0874002100007306 IFSC Code- PUNB0087400 में देय होगी। शर्तें एवं कार्यों का आगणन कार्यालय नगर पंचायत तालबेहट में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। शेष 8 प्रतिशत जमानत राशि इकरारनामा के समय जमा की जायेगी उक्त जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तालबेहट के नाम बंधक होगी।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में जी.एस.टी. सहित) | जमानत राशि 2 प्रतिशत टेण्डर के साथ | टेण्डर मूल्य जी.एस.टी. अतिरिक्त | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खैरवारा नाला पर नवीन पुलिया के दोनो ओर एप्रोच रोड हेतु प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कार्य। | 8.23 | 16460.00 | 825.00 | 01 माह |
| 2. | नगर पंचायत तालबेहट पी०एन०बी० बैंक के पास से पवन पारिया एवं ओमप्रकाश के मकान की ओर सी०सी० रोड़ मरम्मत कार्य। | 3.62 | 7240.00 | 365.00 | 15 दिवस |
| 3. | वार्ड सं0 03 मनोज सिंह बघेल के मकान से अरविन्द सिंह बुन्देला के मकान होते हुये रितेश अगरिया के मकान से राहुल राजा के मकान तक सी०सी०रोड़ का निर्माण कार्य। | 4.82 | 9640.00 | 485.00 | 15 दिवस |
| 4. | तालबेहट नगर का मुख्य बड़ा नाला एवं छोटे नालो की सफाई कार्य। | 3.65 | 7300.00 | 365.00 | 15 दिवस |
| 5. | तालबेहट नगर के मुख्य मार्ग पर मुन्नाराम सिंह के मकान से राकेश के मकान तक पैराफिट का निर्माण कार्य। | 1.32 | 2640.00 | 135.00 | 15 दिवस |
| 6. | नगर पंचायत तालबेहट में विभिन्न स्थानों पर नालियों पर जाल एवं नाली मरम्मत कार्य। | 4.80 | 9600.00 | 480.00 | 01 माह |
| 7. | पी०एन०बी० बैंक के पास डीप बोर एवं पाइप लाइन कार्य। | 2.61 | 5220.00 | 261.00 | 15 दिवस |
| 8. | खैरवारा नाला की नवीन पुल के दोनो ओर एप्रोच रोड़ हेतु मुरम मिट्टी फिलिंग कार्य। | 6.16 | 12320.00 | 616.00 | 01 माह |

**अभिजीत सिंह**
अधिशासी अधिकारी–उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत तालबेहट ललितपुर

**पुनीत सिंह परिहार**
अध्यक्ष
नगर पंचायत तालबेहट ललितपुर

**याद-ए-हुसैन में अंजुमन कमेटी ने राहगीरों को पिलाया शर्बत**

**फतेहपुर।** मोहर्रम के महीने में कर्बला के शहीदों की याद को ताजा करते हुए अंजुमन कमेटी सुल्तानपुर घोष द्वारा इजुरा मोड़ पर शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों, यात्रियों और क्षेत्रीय लोगों को शीतल शर्बत पिलाकर हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके साथियों की कुर्बानियों को याद किया गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मोहर्रम केवल मातम और गम का महीना ही नहीं, बल्कि इंसानियत, सत्य, न्याय और बलिदान की महान सीख देने वाला अवसर भी है। इस अवसर पर मो. जफर, शीबू खान, फिरोज खान, सरफराज आलम, मो. जुबैर, तंजील, मुज्तबीन, साजिद, तन्नू, सुहैल, अरमान, रेहान, अमान, समीर, साकिब, फैज, आरिफ, शाहनवाज, दानिश, डॉ. राहुल चैधरी, नईम उद्दीन व राव साहब आदि उपस्थित रहे।

- डीएम का कड़ा रुख

## लापरवाही पर 4 एडीओ पंचायत, 2 खंड प्रेरकों और जिला समन्वयक का वेतन रोका

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा के दौरान कार्यों में शिथिलता और लापरवाही मिलने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने मलवा और तेलियानी के एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही विजयीपुर, अमौली व मलवा के एडीओ पंचायत का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

इसके अलावा ऑनलाइन आवेदनों के सत्यापन में देरी पर विजयीपुर व भिटौरा के खंड प्रेरकों और 631 आरआरसी सेंटरों के सापेक्ष कम संचालन पर संबंधित जिला समन्वयक का वेतन भी अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा नहीं खरीदा गया है, वहां के सचिवों का वेतन तब तक जारी न किया जाए जब तक खरीद पूरी न हो। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों के नए लक्ष्यों के लिए सुस्पष्ट रिपोर्ट मांगी है और खंड विकास अधिकारियों को केयर टेकर व पंचायत सहायकों के बकाये वेतन का जल्द भुगतान कराने को कहा। बैठक में श्मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारीश् अभियान के तहत 130 और तालाबों का चयन कर उन्हें मॉडल बनाने, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट व गोवर्धन योजना प्लांट का निरीक्षण करने तथा 15वें व 5वें वित्त आयोग के कार्यों का शत-प्रतिशत भुगतान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एडीपीआरओ, समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**हुसैनी सदाओं के बीच ताज़ियों का हुआ मिलाप**

## मिलाप देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहा पुलिस बल



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मोहर्रम की पांचवीं रात और छठवीं तारीख को दिन में उठाए गए आधा दर्जन ताज़ियों ने अपने निर्धारित मार्गों पर गश्त की। दोनों ही दिन ताज़िया जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। या हुसैन की सदाओं के बीच बाकरगंज चैराहे पर निर्धारित समय पर सभी ताज़ियों का पारंपरिक मिलाप हुआ। जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। इस दौरान अकीदतमंदों ने मन्नतें पूरी होने पर ताज़ियों पर चढ़ावा चढ़ाया और फूल पेश कर शहीदान-ए-कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

मोहर्रम की पांचवीं रात को महारथी, मस्वानी, आबूनगर व खेलदार से आधा दर्जन ताज़ियों का जुलूस अकीदतमंदों की भारी भीड़ के साथ उठाया गया। ढोल-ताशों के साथ सभी ताज़ियों ने अपने निर्धारित मार्गों पर गश्त की। रात की गश्त के बाद सभी ताज़िया बाकरगंज पुलिस चैकी के सामने एकत्र हुए, जहां हुसैनी सदाओं के बीच मिलाप संपन्न हुआ और इसके बाद ताज़िये अपने-अपने इमामबाड़ों को लौट गए। जुलूस के मार्गों पर विभिन्न प्रकार की दुकानें और चाय-पानी के स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की।

उधर, छठवीं मोहर्रम को भी शहर के आबूनगर मोहल्ले से रमजानी, गरीब शाह, बासू खां, एजाजुल हसन, छोटू खां व अब्दुल मुस्तन के आधा दर्जन ताज़ियों का जुलूस दोपहर एक बजे उठाया गया, जिसमें अलम और अखाड़े भी शामिल रहे। मोहल्ले में गश्त के बाद शाम पांच बजे आबूनगर पुलिस चैकी के पास यह जुलूस संपन्न हुआ। यही ताज़िये मोहर्रम की नौवीं तारीख को भी निकाले जाएंगे। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उठेंगे पलंग, होगा छुरी का मातम- शहीदान-ए-कर्बला की याद में मोहर्रम की 7वीं तारीख को विभिन्न मोहल्लों से 03 पलंगों का जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस प्रातः 07 बजे शुरू होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए रात 09 बजे मुस्लिम इंटर कॉलेज के पास समाप्त होगा।

इसमें सैय्यदवाड़ा के मुसद्दिक हुसैन मुच्छू, अमरजई के जमील उद्दीन व बंदा के आबिद अली के पलंग शामिल होंगे। तीनों पलंगों के मिलाप के बाद मुच्छू का पलंग अपने इमामबाड़े पहुंचेगा। इसके साथ ही सुबह सैय्यदवाड़ा मोहल्ले में छुरी का मातम भी होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

## खबर एक नज़र

### नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं का खागा में हुआ जोरदार स्वागत

खागा (फतेहपुर)। मॉडल बार एसोसिएशन खागा के अधिवक्ता संघ भवन में सोमवार को स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद फतेहपुर, खागा तथा बिंदकी तहसील के नवनिर्वाचित अध्यक्षों और महामंत्रियों का फूल-मालाओं एवं स्मृति चिह्न भेंट कर गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए खागा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने जिला अधिवक्ता संघ फतेहपुर के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, महामंत्री अनुराग मिश्रा तथा बिंदकी बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। बार एसोसिएशन की परंपरा के तहत जूनियर अधिवक्ताओं को कानूनी बैंड बांधकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला अधिवक्ताओं के सम्मान में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बिंदकी की महामंत्री प्रतिभा पटेल, फतेहपुर की अधिवक्ता किरण यादव तथा खागा की अधिवक्ता सुमन सिंह ने महिला अधिवक्ताओं को बैंड पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर केशव चंद्र मिश्रा, मुकुल बाजपेयी, आशुतोष त्रिपाठी, राहुल तिवारी, चंद्रशेखर यादव, कपिल यादव, मलखान यादव, अशोक गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### पांच चेक पोस्टों पर 24 घंटे निगरानी, दर्ज होगा मुकदमा व निरस्त होगा फिटनेस

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने एक बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त आदेश जारी कर 21 जून से 30 जून 2026 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पांच चेक पोस्ट स्थापित किए हैं, जहां पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टास्क फोर्स चैबीसों घंटे निगरानी करेगी। अभियान के तहत थाना ललौली, थाना गाजीपुर, जोंधिहा चैकी, थाना असोथर तथा विजयीपुर चैकी क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां राजस्व, पुलिस और ग्राम्य विकास विभाग के कार्मिकों की आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है।

प्रत्येक चेक पोस्ट से हर दो घंटे पर तैनात कर्मियों की उपस्थिति और कार्रवाई की रिपोर्ट नियंत्रण कक्ष को व्हाट्सएप एवं ई-मेल के माध्यम से भेजना अनिवार्य किया गया है। डीएम और एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चेकिंग के दौरान अवैध खनन सामग्री से लदे वाहन या ओवरलोड वाहन को नजरअंदाज करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त आदेश में कहा गया है कि ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी का मामला मानते हुए बीएनएस एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके अलावा ऐसे वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त करने तथा पंजीकरण निलंबित करने की सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। संबंधित थानाध्यक्षों को प्रत्येक चेक पोस्ट पर चार-चार पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे अभियान की निगरानी अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा की जाएगी।

### झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से युवक की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के एकारी गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से 18 वर्षीय युवक की तबीयत बिगड़ गई, जिसे जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, ऐकारी गांव निवासी सोमनाथ का पुत्र सुमित कुमार पेट दर्द की शिकायत होने पर गांव में ही मेडिकल स्टोर चला रहे झोलाछाप डॉक्टर मलखान के पास इलाज कराने गया था। वहां कथित डॉक्टर द्वारा दिए गए गलत इलाज के बाद उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई। पुत्र को अस्पताल लेकर पहुंचे पिता सोमनाथ ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। दोपहर को जब वह काम से वापस घर लौटा, तो पुत्र की बिगड़ती हालत देख तुरंत उसे अपने ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लेकर भागा, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद सुमित को मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के जागेश्वर तिराहे के पास सोमवार तड़के हुए सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, सचिन सैनी उर्फ आशुतोष (17) पुत्र सियाराम, निवासी उमरगहना, थाना मलवां, कक्षा 11 का छात्र था और अपने ननिहाल अंदमऊ आया हुआ था। सोमवार सुबह वह अपने साथी निरंकार सैनी के साथ पैदल जा रहा था, तभी जागेश्वर तिराहे के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की दर्दनाक मौत

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसाही के समीप रविवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आ जाने से 15 वर्षीय एक किशोर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मीरपुर कुरूस्ती निवासी स्वर्गीय राजेंद्र कुमार का पुत्र पुष्पेंद्र रात करीब 11 बजे अचानक घर से निकल गया था और भैंसाही गांव के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के मामा इंद्रजीत ने बताया कि पुष्पेंद्र का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह रात में अपनी मां के पास सोते समय अचानक बिना किसी को बताए घर से निकल गया था।

### इलेक्ट्रिक कार्य करते समय करंट से युवक की मौत

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर नवागंज में रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 21 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, असोथर थाना क्षेत्र के भैरवां गांव निवासी रमेंद्र चंद्र का पुत्र विमल बिजली मैकेनिक का काम करता था। रविवार को वह हथगाम के गाजीपुर नवागंज में बिजली का कार्य करने गया हुआ था। इसी दौरान कार्य करते समय वह अचानक चालू लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

### मां की गोद से गिरी मासूम, मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एलई में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और धक्का-मुक्की के दौरान मां की गोद से गिरकर 10 माह की मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, एलई गांव निवासी संत कुमार का साला करन गांव आया हुआ था, जिसकी किसी बात को लेकर गांव के ही जवाहर नामक व्यक्ति से कहासुनी और मारपीट हो गई। इसी बीच बीच-बचाव करने पहुंची करन की बहन की गोद से धक्का लगने के कारण उसकी 10 माह की मासूम बच्ची राधिका नीचे पक्के फर्श पर गिर गई और उसकी सांसें थम गईं। पुलिस पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### अभ्युदय कोचिंग का नया सत्र 1 जुलाई से

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 4 केंद्रों पर संचालित इस निःशुल्क कोचिंग में यूपीएससी, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। नए सत्र 2026-27 के लिए कोचिंग में पढ़ाई का संचालन आगामी 1 जुलाई से शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत सहायकों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर तक इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद बच्चों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने छात्रों के मार्गदर्शन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को कोचिंग केंद्रों का भ्रमण करने और वहां मोटिवेशनल कक्षाएं लेने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, जिला समाज कल्याण अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## भाकियू (अराजनीतिक) ने समस्याओं के समाधान की उठाई जोरदार मांग

**-किसानों के हक के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** यूनियन के जिलाध्यक्ष राज कुमार सिंह गौतम के नेतृत्व में सोमवार को किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने खेती की बढ़ती लागत, नकली बीज-खाद की बिक्री, उर्वरकों की किल्लत, फसल क्षति, सिंचाई, बिजली, गन्ना भुगतान तथा आवारा पशुओं की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए तत्काल समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश का किसान बढ़ती कृषि लागत, प्रशासनिक जटिलताओं और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ न मिलने के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है।

संगठन ने मांग की कि विरासत एवं बंटवारे के मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी शीघ्र बनाई जाए तथा डीएपी व यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने नकली बीज, खाद एवं कीटनाशकों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, दोषी कंपनियों और विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा खराब बीजों से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग उठाई। इसके साथ ही सभी फसलों की एमएसपी पर सरकारी खरीद की गारंटी देने और फसल बीमा योजना को प्रभावी बनाकर प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि, सूखा एवं कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति का शीघ्र भुगतान कराने की मांग भी की गई।

ज्ञापन में आवारा व निराश्रित पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान, नहरों-रजवाहों की सफाई, खराब पड़े सरकारी नलकूपों को चालू कराने, कृषि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने तथा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान ब्याज सहित कराने की मांग भी प्रमुखता से शामिल रही। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन किसानों के हित में व्यापक आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रीतम सिंह, दीपक गुप्ता, बाउवेन शुक्ला, अजय सिंह, प्रदीप सिंह, महेंद्र सिंह, अजय प्रजापति, बबलू सिंह आदि मौजूद रहे।

## राम सभा की भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप

- ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद की तहसील गाजीपुर क्षेत्र के ग्राम बबौंरा में नवीन परती भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम प्रधान और राजस्व लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, सड़क किनारे स्थित मूल्यवान गाटा संख्या 413 (नवीन परती) का उपयोग ग्रामीण वर्षों से होलिका दहन सहित अन्य सार्वजनिक कार्यों के लिए करते आ रहे हैं, जिस पर अब अवैध तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर भूमि का पट्टा होने की बात कही जा रही है, जबकि पट्टे से संबंधित कोई सार्वजनिक सूचना, मुनादी या खुली बैठक नहीं की गई और न ही कोई दस्तावेज दिखाए जा रहे हैं। मामले में देवेन्द्र सिंह, सर्वेश सिंह एवं मदन सिंह आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### इण्डियन प्रेस्बिटेरियन चर्च में मनाया गया फ़ादर्स डे

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। देवी गंज स्थित इण्डियन प्रेस्बिटेरियन चर्च में फ़ादर्स डे के अवसर पर विशेष आराधना का आयोजन किया गया। इस दौरान मसीह समाज के लोगों ने श्तेरा प्यार है महानश् जैसे भक्तिमय गीत गाकर परमेश्वर की महिमा की। कार्यक्रम में चर्च के एल्डर श्री विजय लाल ने बाइबल के वचनों के माध्यम से फ़ादर्स डे के महत्व पर प्रकाश डाला। चर्च के पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने संदेश देते हुए कहा कि माता-पिता का आदर-सम्मान करने से ही जीवन में ईश्वर की आशीष आती है। इसके बाद उन्होंने चर्च के सदस्यों के साथ केक काटकर खुशियां बांटी। इस प्रार्थना सभा में मुख्य रूप से क्रिस्टोफर, विजय लाल, अनिल जार्ज, मोण्टू लाल, आकाश राबर्टसन, रानू मसीह और सुशील लायल सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सुपर ओवर के रोमांच में साउथ अफ्रीका फतेहपुर बनी चैंपियन

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। विजय' द स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग (सीजन-1) के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका फतेहपुर ने पालीवाल पीपी इलेवन को सुपर ओवर में हराकर खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों ने निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 137-137 रन बनाए, जिससे मैच टाई हो गया। इसके बाद हुए सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका फतेहपुर ने 4 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। विजेता टीम को 21,000 और उपविजेता को 15,000 के नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफियां दी गईं। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिया को प्लेयर ऑफ द मैच व श्बेस्ट बॉलरश्, आशीष सिंह चैहान को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, ओसामा को बेस्ट बैटर, राज सिंह को बेस्ट फील्डर, आकाश व प्रियम को बेस्ट अंपायर और मनोज कुमार को बेस्ट कमेंट्रेटर का पुरस्कार मिला। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. विजय सचान, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शिवसती सचान, पूर्व प्रधानाचार्य रामराज सिंह, पूर्व प्रवक्ता बालकराम सिंह परिहार सहित प्रमुख प्रायोजक संतोष गुप्ता, आशीष शुक्ला, संजय श्रीवास्तव और अंकुर त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. ज्ञानेन्द्र सचान ज्ञानू ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सुशील सिंह चन्देल, देवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी, दिनेश गुप्ता, शोबी क़ासिम, शुभम शर्मा, कमल किशोर, योगेन्द्र, मुन्ना सिंह, अमित श्रीवास्तव, रानू तिवारी, पीपी श्रीवास्तव, श्रीश शुक्ला, अभिषेक सेंगर, विश्वनाथ सिंह सहित समस्त अतिथियों, स्कोररों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनसुनवाई में सुनीं 28 फरियादें

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी के जेल रोड स्थित जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। दिवस प्रभारी के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके न्यायोचित एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें लोक निर्माण विभाग, राजस्व, पुलिस तथा कृषि विभाग से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। सेवा, सुशासन और जनहित ही संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर ओम मिश्रा, पंकज त्रिवेदी, उदय लोधी, कुलदीप भदौरिया, पुष्पराज पटेल, बलराम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## मानवता परिवार ने अमित के आश्रितों को दी आर्थिक सहायता

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सामाजिक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए श्मानवता परिवारश् संस्था ने धाता निवासी स्वर्गीय अमित सिंह (38 वर्ष) के परिवार को 4,00,269 की आर्थिक सहायता प्रदान की है। संस्था के हजारों सदस्यों द्वारा स्वैच्छिक योगदान से जुटाई गई यह राशि सीधे स्वर्गीय अमित सिंह की नॉमिनी श्रीमती प्रतिमा सिंह के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है। इलाहाबाद मंडल प्रभारी अभिलाष कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य संकटग्रस्त परिवारों को सामूहिक सहयोग से संबल देना है। संस्था द्वारा अब तक 4 मृतक सदस्यों के परिवारों को कुल 13,55,149 और सामान्य दुर्घटनाओं में घायल 12 सदस्यों को उपचार हेतु 4,33,689 की मदद दी जा चुकी है। सहायता राशि सौंपने के अवसर पर मंडल प्रभारी अभिलाष कुमार, नगर प्रभारी सुशील राज, मीडिया प्रभारी महेश त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार, राम किशन गुप्ता, अतुल गुप्ता, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार, मृतका की नॉमिनी प्रतिमा, अनुज, बाबा हरिश्चंद्र, ग्राम प्रधान सत्येंद्र पाठक, नितिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

- बारात में हर्ष फायरिंग, एक की मौत, चार घायल

## ड्रोन पर निशाना साधने के दौरान चली गोली, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लमेहटा में रविवार देर रात एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब बारात में की गई हर्ष फायरिंग जानलेवा साबित हो गई। एक लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक से चली गोली लगने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और खुशियों का माहौल चीख-पुकार में बदल गया।

सूचना मिलते ही डायल-112 और गाजीपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घायलों में से धीरज केवट (50) निवासी औगासी, थाना मरका, जनपद बांदा की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं अन्य चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पास के गांव का सुमित तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर बारात में आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह हवा में उड़ रहे ड्रोन की ओर बंदूक तानकर फायर करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान लोगों द्वारा रोकने पर जब वह बंदूक नीचे कर रहा था, तभी अचानक ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश और मामले की गहन जांच की जा रही है।

## जीएसटी ट्रिब्यूनल में द्वितीय अपील दाखिल करने में आ रही तकनीकी दिक्कतें

- अधिवक्ताओं ने उठाई मांग

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। फतेहपुर कर अधिवक्ता संस्थान की एक आवश्यक बैठक अधिवक्ता लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश में नवगठित जीएसटी ट्रिब्यूनल में द्वितीय अपील दाखिल करने के दौरान आ रही गंभीर व्यावहारिक और तकनीकी दुश्वारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती माया पाण्डे ने कहा कि जीएसटी ट्रिब्यूनल के ऑनलाइन पोर्टल पर द्वितीय अपील दाखिल करने में काफी तकनीकी कठिनाइयाँ आ रही हैं, जिससे करदाताओं और अधिवक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अधिवक्ता सुधाकर अवस्थी ने भाषा संबंधी विसंगति पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि सरकार एक तरफ हिंदी को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन ट्रिब्यूनल में पहली अपील की तरह हिंदी में आवेदन स्वीकार न करके अंग्रेजी को अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने मांग की कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में द्वितीय अपील भी हिंदी भाषा में ही स्वीकार की जानी चाहिए।संजीव अग्रवाल एडवोकेट ने इन तकनीकी और भाषाई दिक्कतों को देखते हुए मांग उठाई कि पीड़ित व्यापारियों को उचित न्याय दिलाने के लिए अपील दाखिल करने की समय सीमा को तीन माह और बढ़ाया जाए। इस बैठक में मुख्य रूप से अभय शंकर अवस्थी, मनीष मिश्रा, प्रवीण अवस्थी, सौरभ साहू, विपिन गुप्ता, राजीव मिश्रा और उन्नति मिश्रा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## भामाशाह पार्क के लिए भूमि आवंटित, सभासद सुनील गुप्ता सम्मानित

**फतेहपुर।** दानवीर भामाशाह की स्मृति में पार्क एवं प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि आवंटन कराए जाने पर इब्राहिमपुर वार्ड के सभासद सुनील गुप्ता का अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद ने भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। परिषद के पदाधिकारियों ने उनके आवास पहुंचकर माला पहनाई, पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एवं सभी सभासदों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से दानवीर भामाशाह के नाम पर पार्क और प्रतिमा स्थापना की मांग की जा रही थी।

राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सभासद सुनील गुप्ता ने अपने वार्ड स्थित देवीगंज पुल के नीचे भूमि आवंटित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे समाज की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह पार्क नई पीढ़ी को त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देगा। जिला अध्यक्ष अरुण जायसवाल एडवोकेट और प्रदेश युवा अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि पार्क बनने से क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा और लोगों को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिला प्रभारी संजय गुप्ता, जिला अध्यक्ष ब्रजेश सोनी, नारायण बाबू गुप्ता, विनायक संतोष गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, सौनक गुप्ता, अमित गुप्ता, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## गंभीर समस्या

दुनियाभर में गरीबी, भुखमरी और कुपोषण का सामना करना के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ तथा उसके संगठनों तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गरीब और अविकसित देशों की मदद के लिए अमेरिका, ब्रिटेन एवं अन्य विकसित देशों द्वारा बड़ी-बड़ी धनराशि दी जा रही है लेकिन हालात के काबू में आने की बात अलग, उनमें कोई सुधार तक नहीं आ पा रहा है। वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और गंभीर बना रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसियों ने चेतावनी दे दी है कि आने वाले महीनों में दुनिया के तेरह संकटग्रस्त क्षेत्रों में भीषण भुखमरी के हालात सामने आ सकते हैं। ध्यान रहे कि लगभग छब्बीस करोड़ से ज्यादा लोग पहले ही खाद्य संबंधी गंभीर असुरक्षा युक्त रहे हैं। खाद्य एवं कृषि संगठन और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस साल जून से नवंबर के बीच स्थिति और बिगड़ सकती है। हालांकि विकास का दावा करने वाले देशों में भी स्थिति काफी खराब है। रिपोर्ट के अनुसार, सूडान, दक्षिणी सूडान, गाजा पट्टी और दमन सबसे ज्यादा संकट वाले क्षेत्र बने हुए हैं। इसी श्रेणी में सोमालिया और नाइजीरिया को भी शामिल किया गया है। आशंका यह भी जताई गई है कि अल नीनो के प्रभाव के कारण कई क्षेत्रों में सूखे एवं बाढ़ से स्थिति और खराब हो सकती है। इन आशंकाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। विश्व के किसी भी भाग में अगर कोई व्यक्ति भूखा सो जाता है तो इसके लिए वे देश भी जिम्मेदार हैं जो मदद करने से हाथ खींच रहे हैं। इसकी ओर संकेत करते हुए भी रिपोर्ट में कहा गया है कि जरूरतों में भारी वृद्धि के बावजूद खाद्य सहायता और इससे जुड़े कार्यक्रमों के लिए फंडिंग 2022 के बाद से करीब उनसठ प्रतिशत घट गई है। हालांकि कुछ प्रभावित देशों में पहुंचने वाली सहायता सामग्री और राशि जरूरतमंदों तक पहुंचने की शिकायतें भी आती रहती हैं। अफ्रीकी देश इसे लेकर अक्सर चर्चा में रहते आए हैं लेकिन केवल इसी को बहाना बनाकर बड़े देश अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। इस तरह तस्वीर यह उभरती है कि भुखमरी के पीड़ितों तक मदद पहुंचाना सुनिश्चित करने की जगह उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। लगता तो यही है कि बड़े देश चाहे जितना आगे बढ़ जाएं लेकिन दुनिया से भुखमरी का नामोनिशान मिटाने का सपना निकट भविष्य में तो पूरा होने वाला नहीं है। हां, अगर युद्धों और हथियारों पर किए जाने वाले अरबों डालर के खर्च को बंद करके उसे इसे इस ओर मोड़ा जाए तो स्थिति काफी-कुछ बदल सकती है।

## लखनऊ की आबादी

प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के लिए यह तथ्य एक बड़ी चुनौती बनकर आया है कि लखनऊ की जनसंख्या 41.50 लाख हो गई है। शहरी क्षेत्र में जनगणना का काम पूरा होने के बाद यह निष्कर्ष सामने आया। इस आंकड़े के साथ लखनऊ दुनिया के उन कई देशों के बराबर आ पहुंचा है जिनकी जनसंख्या इसी के बराबर है। फर्क यह है कि ये देश जन सुविधाओं और विकास की दौड़ में काफी आगे निकल चुके हैं। चुनौती यही है कि यह शहर जनसंख्या के मामले में अपने बराबर के देशों की उपलब्धियों के कितना बराबर है। लखनऊ के बारे में ये बात इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाती है कि यह देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की राजधानी है। दूसरी बात ये कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर स्थिति के कारण अन्य जिलों से ही नहीं बल्कि कई राज्यों के लोग यहां बसने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसलिए शहर की बसावट में बढ़ोतरी हुई है और सेवा क्षेत्र (हॉस्पिटैलिटी सेक्टर) का काफी तेजी से विस्तार हो रहा है। लेकिन सार्वजनिक जन सुविधाओं के लिए अभी बहुत कुछ करने की गुंजाइश बाकी है। इस मामले में मुख्य शहर ही अभी कई जरूरतों से वंचित है। दुरुस्त सड़कें, नालों-नालियों तथा शहर की सफाई, सुचारु विद्युत आपूर्ति शहर के अंदरूनी और पुराने इलाकों में आज भी ध्वस्त हैं। इससे रोजमर्रा के कामकाजी लोगों, स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं के लिए जबर्दस्त परेशानियां पैदा होती रहती हैं। यह भी देखना होगा कि साधन और सुविधाएं तो पहले की तरह ही हैं लेकिन उनका उपयोग करने वाले बढ़ते जा रहे हैं। इसमें समायोजन बैठाना भी बहुत जरूरी है। कल्पना कीजिए कि अगर इन खामियों व इन जैसी अन्य अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया जाए तो इतनी विशाल जनसंख्या के बावजूद यह शहर बेंगलुरु और चंडीगढ़ ही नहीं बल्कि न्यूयॉर्क और पेरिस जैसे नामचीन शहरों की लिस्ट में शुमार हो जाएगा।

## कॉव-कॉव

♦♦♦

**पचहत्तर वाले पचास जैसे दिखते हैं योग से-मोदी**
गणित लगायें, पच्चीस साल का घाटा हो गया!
**नीट परीक्षार्थियों के लिये एयरपोर्ट पर रुके पीएम**
ये तो नीट पेपरलीक होने से भी बड़ी घटना है!
**जौहर ट्रस्ट को मिला आयकर विभाग का नोटिस**
आजम खान तुरंत वाशिंग मशीन से संपर्क करें!
**नौसेना को मिले देश में बने तीन स्वदेशी युद्धपोत**
अब स्वदेशी युद्धपोत भी देश में ही बनने लगे हैं!
**योग दिवस पर सीएम योगी का विपक्ष पर प्रहार**
योगाभ्यास करने से भाषणशक्ति प्रबल होती है!
**वार्ता समय न देना लोकतंत्र के विरुद्ध-शैलेंद्र दुबे**
एके शर्मा कौन सा चुनाव जीतकर मंत्री बने हैं?

♦♦♦

# जी-7 : युद्ध के खिलाफ एकजुटता

फ्रांस के एवियन शहर में संपन्न हुई जी-7 की बैठक बेहद सफल रही. पहला कारण तो यही है कि जिस ईरान-अमेरिका शांति समझौते पर होने वाले दस्तखत का इंतजार हो रहा



अनिल त्रिगुणायत

था, उस पर जी-7 की बैठक में ही दस्तखत हो गया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने समझौते पर हस्ताक्षर कर पश्चिम एशिया में फरवरी के अंत से चल रहे युद्ध के औपचारिक खात्मे की घोषणा की। कुल 14 बिंदुओं वाले इस समझौते को एमओयू, यानी सहमति पत्र बताया गया है. इसके मुताबिक, ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनायेगा और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को खोला जायेगा. समझौते में कहा गया है कि अब से कोई भी पक्ष सैन्य कार्रवाई शुरू नहीं करेगा, दोनों देश एक-दूसरे को धमकी भी नहीं दे सकेंगे तथा लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किया जायेगा. हालांकि, ईरान का कहना है कि इस्राइल अगर लेबनान में सैन्य कार्रवाई जारी रखता है, तो वह समझौते का उल्लंघन होगा और वैसी स्थिति में जरूरी कदम उठाये जायेंगे। जी-7 ने अमेरिका-ईरान शांति समझौते का स्वागत किया है. चूंकि ईरान-अमेरिका युद्ध और उससे भी चार साल पहले शुरू हुए यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका-यूरोप के बीच रिश्ते बेहद खराब हो गये थे, ऐसे में, ट्रंप और पेजेश्कियान के बीच हुए दस्तखत ने यूरोप-अमेरिका के बीच की खटास भी अब काफी हद तक दूर कर दी है. यह घटनाक्रम वैश्विक समन्वय के लिए सुखद है।

जी-7 बैठक की दूसरी उल्लेखनीय बात यह रही कि यूरोपीय देशों ने पिछले चार साल से भी अधिक समय से चल रहे यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस पर दबाव तेज करने पर सहमति व्यक्त की और अमेरिका को भी इस सिलसिले में अपनी ओर से पहल करने के लिए कहा. गौर करने की बात है कि जी-7 की बैठक में ही ब्रिटेन और कनाडा ने रूस के खिलाफ नये प्रतिबंधों की घोषणा भी की है. यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की जी-7 की बैठक में उपस्थित थे और ट्रंप से उनकी बातचीत भी हुई. ट्रंप ने कहा कि रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध समाप्त करने के लिए एक समझौता करना चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति का यह भी कहना था कि उन्होंने आठ युद्ध खत्म किये हैं और यूक्रेन युद्ध को वह खत्म होते हुए देखना चाहते हैं. यदि यूक्रेन युद्ध जल्दी खत्म होता है, तो यह भी एक बड़ी उपलब्धि होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात और बातचीत को मैं जी-7 की तीसरी बड़ी उपलब्धि मानता हूं. भारत जी-7 का सदस्य नहीं है, वह इस संगठन में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर बुलाया जाता है. पर एक तस्वीर में प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप और मैक्रों के बीच दिखाई पड़े। यह तस्वीर ही अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत की धमक और उसका महत्व बताने के लिए काफी है. वैश्विक परिदृश्य में भारत का महत्व सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है. अब देखिए, ब्रिटेन के साथ हमारा मुक्त व्यापार समझौता अगले महीने से लागू होने वाला है, यूरोपीय संघ के साथ एफटीए पर इस साल के अंत तक दस्तखत होने वाला है, जर्मनी से हमें सबमरिन, तो फ्रांस से राफेल की अगली खेप मिलने वाली है. बल्कि आने वाले दिनों में राफेल मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही बनाये जाने वाले हैं. तो ये सारी चीजें भारत के महत्व के बारे में बताती हैं।


जी-7 की बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बहुप्रतीक्षित मुलाकात हुई. हालांकि, इससे पहले जी-7 के आउटरीच सेशन में भी दोनों की मुलाकात हुई. द्विपक्षीय बैठक में ट्रंप और मोदी ने लगभग पांच मिनट तक बैठकर विभिन्न मुद्दों पर बात की. इन दोनों की पिछली मुलाकात फरवरी, 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी. मोदी और ट्रंप की मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब दोनों देशों के बीच कई विवाद चल रहे थे, जिनमें हाल ही में अमेरिकी हमले में भारतीय नाविकों की मौत का मामला भी था। ऐसे में, जी-7 की बैठक में ट्रंप-मोदी की मुलाकात 'ब्रेकिंग द आइस' रही. यानी दोनों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघली है. मुझे लगता है कि यह एक अहम और रिश्तों की फिर से शुरुआत वाली बैठक थी. दोनों नेता सोलह महीने से नहीं मिले थे. इस बार बेशक पहले जैसा गले मिलना नहीं दिखा, लेकिन ट्रंप फिर भी प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करने की कोशिश कर रहे थे. जो हमने देखा, उसके अनुसार यह जरूरी था कि मुश्किल मुद्दों पर बात हो. जैसे कि हमारे नाविकों की हत्या और उनकी सुरक्षा. अब भी व्यापार समझौते जैसे कई मुद्दे बाकी हैं, लेकिन यह बैठक दोतरफा रिश्तों को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप से कहा कि पश्चिम एशिया में शांति के प्रयासों की दिशा में जो प्रगति हुई है, उसके लिए मैं आपका अभिनंदन करता हूं. जबकि ट्रंप ने एक बात यह कही कि अगर भारत पर हमला होता है, तो अमेरिका उसके साथ खड़ा होगा, भले ही कोई लिखित समझौता न हो. मेरी समझ में इसका अर्थ यह है कि ट्रंप के राष्ट्रपति काल में अगर भारत पर कोई हमला होता है, तो भारत की मदद के लिए अमेरिका तत्काल आगे आयेगा. ट्रंप ने जल्दी ही भारत का दौरा करने की भी बात कही है। उन्होंने यह कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई और हम ट्रेड डील कर रहे हैं. ट्रंप ने इस बैठक में जी-2 का भी जिक्र किया, जो अमेरिका और चीन के विजन की बात करता है. जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत पश्चिम एशिया में कोई भूमिका निभाता है, तो उनका जवाब था कि भारत हर चीज में बड़ी भूमिका निभाता है और जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, भारत बड़ी भूमिका निभाता रहेगा. ट्रंप की यह टिप्पणी वैश्विक परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी का महत्व बताती है। बेशक, भारत के लिए भी जी-7 की बैठक बेहद लाभकारी साबित हुई. प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के अलावा यूरोपीय संघ के नेताओं, जर्मनी के चांसलर, यूएइ के राष्ट्रपति तथा ब्रिटेन व कनाडा के प्रधानमंत्रियों से मुलाकात की. मेजबान फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया, तो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक हुई. प्रधानमंत्री ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष तथा यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष से भी मुलाकात की तथा भारत-यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक रिश्तों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई. प्रधानमंत्री



मोदी ने कहा भी कि भारत और इयू के बीच बढ़ता सहयोग आज के वैश्विक माहौल में शांति, स्थिरता और समृद्धि को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है. कुल मिलाकर, जी-7 की बैठक भारत समेत पूरे विश्व के लिए उपलब्धियों से भरी रही।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

मैं हूँ, मैं हूँ, 'मुझे पाना है' कहते-कहते अपने शरीर की ही ओर घूम जाता है। उसके लड़खड़ाने की अधिक सम्भावना है। अतः अर्जुन ! तू सम्पूर्ण कर्मों को मुझमें अर्पण करके अनन्य भक्ति से मेरा चिन्तन कर। जो मेरे परायण भक्तजन सम्पूर्ण कर्मों को मुझमें अर्पण करके मानव शरीरधारी मुझ सगुण योगी के रूप का ध्यान द्वारा तैलधारावत् निरन्तर चिन्तन करते हैं, उनका मैं शीघ्र ही संसार-सागर से उद्धार करनेवाला हो जाता हूँ। अतः भक्तिमार्ग श्रेष्ठ है। अर्जुन ! मुझमें मन को लगा। मन न लगे तो भी लगाने का अभ्यास कर। जहाँ भी चित्त जाय, पुनः घसीटकर उसका निरोध कर। यह भी करने में असमर्थ है तो तू कर्म कर। कर्म एक ही है, यज्ञार्थ कर्म। तू कार्यम् कर्म करता भर जा, दूसरा न कर। उतना ही कर, पार लगे चाहे न लगे। यदि यह भी करने में असमर्थ है तो स्थितप्रज्ञ, आत्मवान्, तत्त्वज्ञ महापुरुष की शरण होकर सम्पूर्ण कर्मफलों का त्याग कर। ऐसा त्याग करने से तू परमशान्ति को प्राप्त हो जायेगा। तत्पश्चात् परमशान्ति को प्राप्त हुए भक्त के लक्षण बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा- जो सम्पूर्ण भूतों में द्वेषभाव से रहित है, जो करुणा से युक्त और दयालु है, ममता और अहंकार से रहित है, वह भक्त मुझे प्रिय है। जो ध्यान-योग में निरन्तर तत्पर और आत्मवान्, आत्मस्थित है, वह भक्त मुझे प्रिय है। जिससे न किसी को उद्वेग प्राप्त होता है और स्वयं भी जो किसी से उद्वेग को प्राप्त नहीं होता, ऐसा भक्त मुझे प्रिय है। जो शुद्ध है, दक्ष है, व्यथाओं से उपराम है, सर्वारम्भों को त्यागकर जिसने पार पा लिया है, ऐसा भक्त मुझे प्रिय है। सम्पूर्ण कामनाओं का त्यागी और शुभाशुभों का पार पानेवाला भक्त मुझे प्रिय है। जो निन्दा और स्तुति में समान और मौन है, मनसहित जिसकी इन्द्रियाँ शान्त और मौन हैं, जो किसी भी प्रकार शरीर-निर्वाह में सन्तुष्ट और रहने के स्थान में ममता से रहित है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धर्मशील गुण नाहिं जेहिं, नहिं विद्या तप दान ।**
**मनुज रूप भुवि भार ते, विचरत मृग कर जान ।।**

कहते हैं जिस मनुष्य के अंदर अगर ज्ञान, गुण और शील न हो वह मनुष्य पृथ्वी पर बोझ के समान है। उसे इस धरती पर जीने का कोई हक नहीं है। ऐसा लोग धरती पर बोझ बनकर जिंदा है।

♦♦♦

# दल-बदल विरोधी कानून : स्थिरता की गारंटी या लोकतांत्रिक विवेक पर अंकुश?

भारतीय लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और



- डॉ. प्रियंका सौरभ

विधानसभाएँ जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दल-बदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए 1985 में संविधान के 52वें संशोधन द्वारा दसवीं अनुसूची के अंतर्गत दल-बदल विरोधी कानून लागू किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य निर्वाचित सदस्यों को राजनीतिक दलों के प्रति अनुशासित बनाए रखना तथा सरकारों की स्थिरता सुनिश्चित करना था। हालांकि समय के साथ यह कानून स्वयं बहस का विषय बन गया है। एक पक्ष इसे राजनीतिक भ्रष्टाचार और अवसरवाद के विरुद्ध आवश्यक सुरक्षा कवच मानता है, जबकि दूसरा पक्ष तर्क देता है कि यह सांसदों और विधायकों की स्वतंत्र सोच तथा अंतरात्मा के आधार पर निर्णय लेने की क्षमता को सीमित करता है। इस प्रकार दल-बदल विरोधी कानून भारतीय लोकतंत्र में स्थिरता और स्वतंत्रता के बीच संतुलन की जटिल बहस को जन्म देता है। दल-बदल की समस्या स्वतंत्रता के बाद के दशकों में तेजी से बढ़ी। 1967 के आम चुनावों के बाद अनेक राज्यों में विधायकों ने बड़े पैमाने पर दल बदले। उस समय 'आया राम, गया राम' शब्दावली भारतीय राजनीति का प्रतीक बन गई। हरियाणा के विधायक गया लाल द्वारा एक ही दिन में कई बार दल बदलने की घटना ने इस समस्या की गंभीरता को उजागर किया। इसके परिणामस्वरूप सरकारें अस्थिर हुईं, राजनीतिक नैतिकता कमजोर हुई और जनता का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास कम होने लगा। इसी पृष्ठभूमि में दल-बदल को नियंत्रित करने की आवश्यकता महसूस हुई। दसवीं अनुसूची के अनुसार यदि कोई निर्वाचित सदस्य स्वेच्छा से अपनी पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है या पार्टी व्हिप के विरुद्ध मतदान करता है अथवा मतदान से अनुपस्थित रहता है, तो उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है। स्वतंत्र सदस्य किसी दल में शामिल नहीं हो सकता और मनोनीत सदस्य भी निर्धारित अवधि के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है। अयोग्यता का निर्णय सदन के अध्यक्ष या सभापति द्वारा लिया जाता है। इस कानून के समर्थकों का तर्क है कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में इसकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सबसे पहले, इसने सरकारों की स्थिरता को मजबूत किया है। यदि निर्वाचित प्रतिनिधि व्यक्तिगत लाभ के लिए बार-बार दल बदलते रहें, तो सरकारें निरंतर संकट में रहेंगी और प्रशासनिक निर्णय प्रभावित होंगे। दल-बदल विरोधी कानून ने इस प्रवृत्ति पर कुछ हद तक अंकुश लगाया है। दूसरे, यह कानून राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम करने का प्रयास करता है। अक्सर दल-बदल मंत्री पद, धन अथवा अन्य लाभों के लिए किया जाता है। ऐसे अवसरवादी व्यवहार से लोकतांत्रिक मूल्यों को क्षति पहुँचती है। कानून का भय कम से कम खुले तौर पर होने वाले राजनीतिक सौदों को सीमित करता है। तीसरे, यह जनादेश की रक्षा करता है। मतदाता प्रायः किसी उम्मीदवार को उसके दल, विचारधारा और चुनावी घोषणापत्र के आधार पर चुनते हैं। यदि निर्वाचित सदस्य बाद में दल बदल लेता है, तो वह मतदाताओं के विश्वास को ठेस पहुँचाता है। इसलिए दल-बदल विरोधी कानून मतदाताओं की अपेक्षाओं की रक्षा का माध्यम माना जाता है। चौथे, यह राजनीतिक दलों के भीतर अनुशासन बनाए रखने में सहायक है। संसदीय शासन प्रणाली में सरकार की स्थिरता के लिए यह आवश्यक है कि दल के सदस्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर एकजुट रहें। यदि प्रत्येक सदस्य अपनी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के अनुसार मतदान करे, तो सरकार का संचालन कठिन हो सकता है। इन सकारात्मक पक्षों के बावजूद दल-बदल विरोधी कानून की आलोचना भी व्यापक रूप से होती रही है। सबसे बड़ी आलोचना यह है कि यह निर्वाचित प्रतिनिधियों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति और अंतरात्मा की स्वतंत्रता को सीमित करता है। संसदीय लोकतंत्र का मूल सिद्धांत यह है कि सांसद और विधायक जनता के प्रतिनिधि हैं, केवल राजनीतिक दलों के एजेंट नहीं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे किसी विधेयक या नीति पर अपने विवेक, अनुभव और जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें। किंतु व्हिप की बाध्यता के कारण उन्हें दल के निर्देशों का पालन करना पड़ता है, चाहे उनकी व्यक्तिगत राय कुछ भी हो। यह स्थिति लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करती है। संसद और विधानसभाओं का उद्देश्य केवल सरकार के प्रस्तावों को मंजूरी देना नहीं, बल्कि गहन चर्चा और विचार-विमर्श के माध्यम से बेहतर नीतियों का निर्माण करना है। जब सदस्य स्वतंत्र रूप से मत व्यक्त करने से डरते हैं, तो बहस की गुणवत्ता प्रभावित होती है और विधायिका की भूमिका सीमित हो जाती है। कानून की दूसरी प्रमुख कमजोरी अध्यक्ष या सभापति की भूमिका से जुड़ी है। अयोग्यता संबंधी निर्णय लेने का अधिकार अध्यक्ष को दिया गया है, जो सामान्यतः किसी राजनीतिक दल से संबंधित होता है। कई मामलों में यह आरोप लगाया गया है कि अध्यक्षों ने राजनीतिक हितों के अनुसार निर्णय लेने में देरी की या पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। इससे कानून की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगता है। तीसरी आलोचना यह है कि कानून ने दल-बदल को पूरी तरह समाप्त नहीं किया, बल्कि उसके स्वरूप को बदल दिया है। पहले व्यक्तिगत स्तर पर दल-बदल होता था, जबकि अब सामूहिक इस्तीफों और पुनर्निर्वाचन के माध्यम से सरकारें गिराई जाती हैं। हाल के वर्षों में कई राज्यों में विधायकों ने पहले इस्तीफा दिया और बाद में दूसरे दल में शामिल होकर पुनः चुनाव लड़ा। इससे स्पष्ट होता है कि कानून की भावना को दरकिनार करने के नए तरीके खोज लिए गए हैं। चौथा, यह कानून राजनीतिक दलों के नेतृत्व को अत्यधिक शक्तिशाली बना देता है। दल के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जारी व्हिप का पालन करना सदस्यों के लिए अनिवार्य हो जाता है। इससे आंतरिक लोकतंत्र कमजोर पड़ता है और पार्टी के भीतर असहमति व्यक्त करने की गुंजाइश कम हो जाती है। परिणामस्वरूप निर्वाचित प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं की बजाय पार्टी नेतृत्व की प्राथमिकताओं को अधिक महत्व देने लगते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### लालच

रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी से शीरे के बड़े-बड़े ड्रम उतारे जा रहे थे। उन ड्रमों से थोड़ा-थोड़ा शीरा मालगाड़ी के पास नीचे ज़मीन पर गिर रहा था। जहां शीरा गिरा था मक्खियां आकर बैठ गई और शीरा चाटने लगीं। ऐसा करने से उनके छोटे-छोटे मुलायम पंख उस शीरे में ही चिपक गए, फिर भी मक्खियों ने उधर ध्यान न देकर शीरे का लालच न छोड़ा और काफ़ी देर तक शीरा चाटने में ही मगन रहीं।

कुछ समय बाद वहां एक कुत्ता भी आ गया। कुत्ते को देखकर वे मक्खियां डरीं और वहां से उड़ने की कोशिश करने लगीं, परंतु पंख शीरे में चिपक जाने के कारण वे उड़ नहीं सकीं और शीरे के साथ-साथ वे सब भी कुत्ते का भोजन बनती गई। उसी समय उड़ते-उड़ते और कई मक्खियां भी उस शीरे पर आकर बैठ गई। उन सबके पंख भी शीरे में चिपक गए और वे भी उस कुत्ते का भोजन बन गई। उन्होंने पहले से पड़ी मक्खियों की दुर्गति और विनाश देखकर भी उनसे कोई सीख नहीं ली, जबकि वही विनाश उनकी भी प्रतीक्षा कर रहा था।

यही दशा इस संसार की है। मनुष्य देखता है कि लोभ-मोह किस तरह आदमी को दुर्गति में संकट में डालता है, फिर भी वह दुनिया के इन दुर्गुणों से बचने की कोशिश कम ही करता है। परिणामतः अनेक मनुष्यों की भी वही दुर्गति होती है, जो उन लोभी मक्खियों की हुई।

## आपका पत्र मिला

### फुटपाथ पर चलने की सुरक्षा

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षित चलना नागरिकों का अधिकार है और पैदल यात्रियों की सुरक्षा को केवल सुविधा नहीं बल्कि गरिमा और जीवन के अधिकार से जोड़कर देखा जाना चाहिए। यह विचार संविधान के अनुच्छेद 19 (आवागमन की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार) की भावना के अनुरूप है। अदालत का संदेश साफ है कि विकास का अर्थ केवल वाहनों की गति बढ़ाना नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना भी है।

आज देश के अधिकांश शहरों और कस्बों में फुटपाथों की स्थिति चिंताजनक है। कहीं फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में हैं, कहीं पार्किंग ने उन्हें निगल लिया है, तो कहीं दुकानों और अस्थायी निर्माणों के कारण पैदल चलने वालों को मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ता है। इसका सबसे बड़ा खतरा बुजुर्गों, बच्चों, दिव्यांगों और महिलाओं को उठाना पड़ता है।


सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े भी बताते हैं कि पैदल यात्री सबसे अधिक असुरक्षित समूहों में शामिल हैं। तेज रफ्तार वाहन, खराब सड़क डिजाइन, रोशनी की कमी और यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं को बढ़ाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब जरूरत है कि हर शहर और कस्बे में फुटपाथों का व्यापक सर्वे कराया जाए।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com




# ‘संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा॥





## क्यों खास है ‘ओम’ मंत्र, इससे जुड़े 5 महत्वपूर्ण तथ्य





हिंदू धर्म में ‘ओम’ केवल एक साधारण शब्द नहीं, बल्कि एक अत्यंत पवित्र और रहस्यमयी ध्वनि मानी जाती है, जो सृष्टि की शुरुआत और ब्रह्मांड की मूल ऊर्जा से जुड़ी हुई है। प्राचीन काल के तपस्वियों और ध्यानियों ने जब गहन ध्यान की अवस्था प्राप्त की, तो उन्होंने भीतर और बाहर एक निरंतर गूंजती हुई सूक्ष्म ध्वनि का अनुभव किया। यह ध्वनि किसी बाहरी स्रोत से नहीं, बल्कि अस्तित्व के हर कण में विद्यमान एक कंपन की तरह महसूस हुई। जब साधना और ध्यान की गहराई बढ़ी, तो यह अनुभव और भी स्पष्ट होता गया, मानो चारों ओर एक ही दिव्य स्वर लगातार प्रवाहित हो रहा हो, जो मन को स्थिर और आत्मा को शांत कर देता है। इसी अनुभव को समझने और अभिव्यक्त करने के लिए ऋषि-मुनियों ने इसे ‘ओम’ नाम दिया, जो आज भी ध्यान, साधना और आध्यात्मिक जागरण का सबसे पवित्र प्रतीक माना जाता है।

**ऊं शब्द का आध्यात्मिक महत्व**

‘ऊं’ शब्द हिंदू धर्म में केवल एक ध्वनि नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांडीय चेतना का प्रतीक माना गया है। यह ‘ओ’, ‘उ’ और ‘म’ तीन ध्वनियों से मिलकर बना है, जो जीवन ऊर्जा, संतुलन और परम चेतना का प्रतिनिधित्व करता है। इसे ध्यान और साधना का मूल मंत्र माना जाता है, जो मन को स्थिर कर आंतरिक शांति प्रदान करता है।

**ऊर्जा केंद्रों से संबंध**

मान्यता है कि ‘ऊं’ का जप शरीर के ऊर्जा चक्रों-नाभि, हृदय और आज्ञा चक्र पर गहरा प्रभाव डालता है। इससे साधक की एकाग्रता बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है। यह शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायक माना गया है।

**त्रिदेवों का प्रतीक**

धार्मिक दृष्टि से ‘ऊं’ को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक भी माना जाता है। यह सृष्टि के निर्माण, पालन और विनाश के चक्र को दर्शाता है, जो ब्रह्मांड के सतत चलने वाले क्रम को समझाता है।

**उपनिषदों में उल्लेख**

उपनिषदों में ‘ओंकार’ को ब्रह्मांड का मूल स्वरूप बताया गया है। यह भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों कालों को समाहित करने वाली दिव्य ध्वनि मानी जाती है, जो संपूर्ण अस्तित्व का आधार है।

**मोक्ष और आध्यात्मिक लाभ**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ‘ऊं’ का नियमित जप व्यक्ति को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर मोक्ष की ओर अग्रसर करता है। यह मन को शांत करता है और साधक को उच्च आध्यात्मिक चेतना से जोड़ता है।

**सृष्टि की उत्पत्ति से संबंध**

शिव पुराण में ‘ओंकार’ को सृष्टि की उत्पत्ति से जोड़ा गया है। इसमें बताया गया है कि नाद (ध्वनि) और बिंदु (प्रकाश) के मिलन से ब्रह्मांड का निर्माण हुआ, और उसी दिव्य ध्वनि का स्वरूप ‘ऊं’ माना जाता है, जो आज भी ब्रह्मांड में निरंतर प्रवाहित है।

## तुलसी में जल देते समय भूलकर भी ना करें ये काम



हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म के अधिकतर लोगों के घर में तुलसी का पौधा अवश्य लगाया जाता है। धार्मिक शास्त्रों में भी तुलसी के पौधे को अन्य वनस्पतियों से ज्यादा शुभ और मंगलकारी माना गया है। भगवान विष्णु को तुलसी अतिप्रिय है। भोपाल के रहने वाले ज्योतिषाचार्य पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा कहते हैं कि मान्यता के अनुसार यदि आपके घर में तुलसी का पौधा लगा हुआ है तो रोज सुबह स्नान करके बाद तुलसी में जल अवश्य देना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इससे जीवन में आने वाली परेशानियां और दुर्भाग्य दूर होता है। एकादशी के दिन न दें धार्मिक मान्यता है कि एकादशी के दिन तुलसी के पौधे में जल नहीं दिया जाना चाहिए. ऐसा माना जाता है कि एकादशी वाले दिन तुलसी में जल देने से माता लक्ष्मी रुष्ठ होती हैं। इससे व्यक्ति के जीवन में कई प्रकार की आर्थिक परेशानियां आ सकती हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन तुलसी माता भगवान विष्णु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, इसलिए एकादशी के दिन तुलसी में जल देने से बचना चाहिए। पुराणों में बताए विवरण के अनुसार तुलसी के पौधे में जल देते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आपने बिना सिलाई का एक वस्त्र पहना हुआ है सिले हुए कपड़े पहनकर तुलसी में जल देने से लाभ प्राप्त नहीं होता। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी में जल देने का सबसे उपयुक्त समय सुबह सूर्योदय काल का है। ऐसा माना जाता है कि सूर्योदय के समय तुलसी में जल देने से विशेष लाभ की प्राप्ति होती है और आर्थिक संकटों से छुटकारा मिलता है। तुलसी के पौधे में अधिक मात्रा में जल नहीं चढ़ाया जाना चाहिए। ऐसा करने से तुलसी के पौधे की जड़ें सड़ जाती हैं। जिससे तुलसी का पौधा सूख सकता है और ऐसा माना जाता है कि घर में लगा तुलसी का पौधा सूख जाना अच्छा नहीं होता। वास्तु शास्त्र के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण दिशा में नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। इसके साथ ही इस दिशा में तुलसी रखने से बुरा प्रभाव भी पड़ता है।

## हर रोज हैं इन हनुमान मन्दिरों में नए चमत्कार



हनुमान जी की मंगलवार के दिन पूजा-अर्चना करने का विधान है। बता दें कि देश-दुनिया में हनुमान जी के कई मंदिर मौजूद हैं। लेकिन इन पांच मंदिरों का इतिहास काफी पुराना है। यहां पर पूजा-अर्चना करने से भक्त की सारी मनोकामना पूरी होती है। हनुमान जी अपने भक्तों से काफी जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। उनकी पूजा में कोई विशेष तैयारी किए जाने की जरूरत नहीं होती है। इन मंदिरों में पूजा अर्चना करने से हनुमान जी अपने भक्तों के सारे संकट हर लेते हैं।

**संकटमोचन मंदिर, बनारस**

वैसे तो हनुमान जी के मंदिर देशभर में स्थित हैं। लेकिन बनारस में मौजूद संकटमोचन मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। बताया जाता है कि महाकवि तुलसीदास को पहली बार हनुमान का स्वप्न आया था। जिसके बाद तुलसीदास जी ने संकट मोचन मंदिर की स्थापना करवाई थी। कहा जाता है कि इस मंदिर में दर्शनमात्र से ही हनुमान जी अपने हर भक्तों की मनोकामना पूरी कर देते हैं। बनारस के इस मंदिर में मंगलवार और शनिवार के दिन भक्तों का तांता लगता है।

**हनुमान धारा मंदिर, चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में हनुमान धारा मंदिर स्थित है। मान्यता के अनुसार, जब लंकापति रावण ने हनुमान जी की पूछ में आग लगाई थी, तो उन्होंने पूरी सोने की लंका को जला दिया था। इसके बाद पूंछ की आग को बुझाने के लिए हनुमान जी चित्रकूट के इसी स्थान पर आए थे। वर्तमान में यह जगह विन्ध्यास के शुरुआत में राम घाट से 4 किलोमीटर दूर हनुमान धारा मंदिर के नाम से फेमस है। बता दें कि यहां पर चमत्कारिक पवित्र और ठंडी जल धारा पर्वत से निकल कर हनुमान जी की मूर्ति की पूछं को भिगोकर नीचे कुंड में जाती है। यहां पर हनुमान जी की मूर्ति के पास दो जल कुंड मौजूद हैं।

**हनुमान मंदिर, इलाहाबाद**

इलाहाबाद का हनुमान मंदिर अपनी खास बनावट के लिए काफी ज्यादा फेमस है। यह देश का एक मात्र ऐसा मंदिर है जहां पर हनुमान की लेटी हुई 20 फीट की मूर्ति मौजूद है। कहते हैं कि संगम आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा इस मंदिर में दर्शन किए बिना अधूरी मानी जाती है। बता दें कि बाढ़ आने पर यह मंदिर पूरी तरह डूब जाता है। मान्यता के अनुसार, गंगा जी स्वयं हनुमान जी को स्नान कराने के लिए आती हैं। कहते हैं कि लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम ने संगम में स्नान किया था। तभी उनके परमभक्त हनुमान शारीरिक कष्ट से पीड़ित होकर उसी स्थान पर गिर गए थे।

## अकाल मृत्यु को भी मात देने वाले महामृत्युंजय मंत्र की रचना की रहस्यमयी कथा



महादेव के भक्त उनकी उपासना करते हैं। शिव की महिमा तो अनादि है। आज हम आपको मार्कण्डेय पुराण के अनुसार एक कथा बताने जा रहे हैं जिसमें अकाल मृत्यु को टालने वाले महामृत्युंजय मंत्र की रचना के बारे में बताया गया है। आइए जानते है इस मंत्र की कैसे हुई थी शुरुआत। देवों के देव महादेव को अति प्रिय है। महादेव की महिमा अपरंपार है। देवता हों या दानव सभी उनके अधीन रहते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान शिव का निवास स्थान कैलाश पर्वत है और वहीं वो ध्यान योग में रहते हैं। वैसे शिव जी अपने भक्तों से बहुत प्रेम करते हैं। उनकी हर मनोकामना भी पूरी कर देते हैं यदि आप में सच्ची श्रद्धा है तो आप भगवान को अपने अधीन कर सकते हैं। यह बात सच है और एक ऐसी ही पौराणिक घटना आज हम आपको बताने जा रहे हैं। आप सब ने महामृत्युंजय मंत्र के बारे में तो सुना ही होगा कि यह अकाल मृत्यु को टालने की शक्ति रखता है। आखिर इस मंत्र की शुरुआत कहां से हुई और किसने कि आज हम आपको इससे जुड़ी एक पौराणिक कथा बताने जा रहे हैं।

**16 वर्ष तक की आयु थी ऋषि मार्कण्डेय की सुनिश्चित-** पौराणिक कथा के अनुसार एक समय की बात है जब ऋषि मृगश्रृंग और उनकी अर्धांगनी सुव्रता को संतान नहीं प्राप्त हो रही थी। तब दोनों शिव जी की शरण में आए और घोर तप के बाद उनको भोलेनाथ की कृपा से एक संतान प्राप्त हुई। जिसका नाम उन्होंने मार्कण्डेय रखा। भगवान शिव ने उनको पुत्र रत्न देते समय यह बताया कि मार्कण्डेय की आयु बहुत कम होगी और कुल 16 वर्ष की आयु में यह संसार छोड़ देंगे। इस पर उनके माता-पिता चिंतित हो गए। मार्कंडेय के जन्म के बाद उनकी शिक्षा-दीक्षा गुरुकुल में हुई और बचपन से ही उनके अंदर शिव भक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी। जब उनकी 16 वर्ष की आयु निकट आने लगी तो उनके मात-पिता अपने पुत्र को मृत्यु के निकट आता देख दुःखी हुए। तब मार्कण्डेय को उनके मात-पिता ने सारी बात बताई।

**महामृत्युंजय मंत्र की स्तुति से टाली अकाल मृत्यु-** शिव भक्ति के कारण उन्होंने यह ठाना कि वह अपनी घोर तपस्या से शिव जो को प्रसन्न कर के अपने ऊपर चल रहे मृत्यु संकट को टाल देंगे और अपने माता-पिता को चिंतित नहीं होने देंगे। उनकी मृत्यु जब निकट आई तब वह शिव की आराधना में लीन थे और महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर रहे थे। जब मृत्यु के देवता यमराज बालक मार्कण्डेय को मृत्यु लोक के लिए लेने उनके पास आए। तभी वहां शिव जी प्रकट हो गए और यमराज से वापस जाने के लिए कहा, यमराज ने कहा है प्रभु ये विधि का विधान है इसे टाला नहीं जा सकता।

**महादेव ने दिया मार्कण्डेय को अमर तत्व का वर्दान-** भगवान शिव ने यमराज से कहा में बालक और मेरे प्रिय भक्त मार्कण्डेय की तपस्या और भक्ति से प्रसन्न हूं आप कृप्या यहां से जाएं। यमराज नें भगवान शिव को प्रणाम किया और वह यमपुरी चले गए। तब शिव जी ने मार्कण्डेय को वरदान दिया की आगे चलके आप शव भक्ति के कारण संसार में पूज्यनीय होंगे और आपके नाम की पुराण लोग पढ़ेंगे। आप को मैं अमर होने को वरदान देता हूं साथ ही में यह भी कहता हूं की आज से जो भी पूर्ण विधि से महामृत्युंजय मंत्र का जाप करेगा। उसकी अकाल मूत्यु का संकट टल जाएगा। तो इस प्रकार मार्कण्डय ऋषि चिरंजिवी हुए। इस प्रकार से यह संपूर्ण कथ मार्कण्डेय पुराण में विस्तार पूर्वक लिखी हुई है।

### महामृत्युनजय मंत्र इस प्रकार से

**महामृत्युंजय मंत्र**

ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं हौं ॐ।

**त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्**
**उर्वारुकमिव बन्धनान्मृ त्योर्मुक्षीय मामृतात्**

ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं हौं ॐ।

इस मंत्र का पूर्ण विधि विधान से संकल्प लेने के बाद इसका नियमित जाप करना चाहिए। इस मंत्र का लाभ पाने के लिए पूर्ण रूप से इसके जाप का अनुष्ठान कराना चाहिए।

## घर की इस दिशा में रखें मिट्टी के बर्तन दूर होगी नकारात्मक ऊर्जा



पहले जमाने में घरों में मिट्टी के बर्तनों का बहुत ही ज्यादा इस्तेमाल किया जाता था। माना जाता है कि जो लोग मिट्टी के बर्तनों में खाना-खाते हैं वह लंबी उम्र तक निरोगी रहते हैं और लंबी उम्र तक जीते हैं। इसके अलावा मिट्टी के बर्तन घर में रखने से नेगेटिव एनर्जी भी दूर करते हैं।

मां लक्ष्मी का घर में आगमन होता है। तो चलिए आपको बताते हैं मिट्टी के बर्तन से जुड़े वास्तु टिप्स। **दूरी होगी बुरी शक्तियां :** घर में मौजूद नेगेटिव एनर्जी को दूर करने के लिए आप मिट्टी से बना एक दीया लें। इस दीए को तुलसी के पौधे की पूजा करके उसके पास जला दें। माना जाता है कि इससे घर में मौजूद बुरी शक्तियों का नाश होता है और घर में पॉजिटिव एनर्जी भी बढ़ती है। इसके अलावा घर में मां लक्ष्मी आती हैं और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। **यहां पर रखें मिट्टी के बर्तन :** मिट्टी के बर्तनों को घर की उत्तर-पूर्व दिशा में रखना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इन बर्तनों को जिस घर में मिट्टी के बर्तन रखे जाते हैं वहां पर देवी-देवताओं का हमेशा वास रहता है। **घर में आएगी सुख-समृद्धि :** मिट्टी को मंगल ग्रह का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है इस घड़े का पानी पीने से मन शांत रहता है इसके अलावा शरीर भी एकदम स्वस्थ रहता है। वास्तु मान्यताओं के अनुसार, जिस घर में पानी के घड़े रखे जाते हैं वहां पर हमेशा सुख-समृद्धि रहती है।

**आर्थिक पक्ष होगा मजबूत :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, मिट्टी के घड़े के अलावा घर की छत पर एक पक्षियों के लिए भी मिट्टी का बर्तन जरुर रखना चाहिए। माना जाता है कि इससे धन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पक्षियों के लिए बर्तन रखने से घर में देवी-देवताओं का वास होता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ मंगलवार, 23 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, नवमी तिथौ मंगल वासरे 16/40/ हस्त नक्षत्रे 11/54/ वरीयान योग 10/14/ कौलव करणे 16/40/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.29 मि.53 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** नवमी में उपोषण करके शुक्ला देवी का पूजन।

**मेष :** अधिकारी से विरोध होगा। कार्य क्षेत्र की स्थिति तनावपूर्ण होगी। कार्य की आलोचना संभव है। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा।

**वृष :** दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेगे। आर्थिक कमी के चलते पारिवारिक तनाव धैर्य से विपरीत परिस्थितियों में सुधार होगा।

**मिथुन :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देंगी। बिना सोचे कार्य में पछतावा होगा।

**सिंह :** अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। अपने विचारों के अनुरूप वातावरण का निर्माण करना चाहेंगे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** व्यापार में सावधानी से कदम उठाएं। हानि संभावित है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से व्यवहार में सावधानी रखें। मतभेद की संभावना है।

**वृश्चिक :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। वातावरण में सुधार होगा। असंतोष दूर होगा। जीवनसाथी के व्यवहार से परेशान होंगे

**धनु :** अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। संभव है कुछ खोना पड़े। महत्वपूर्ण परिचय तथा आर्थिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। अधूरे काम पूरे होंगे।

**मकर :** पारिवारिक जीवन में सुख सहयोग विशेष रहेगा। विरोधी के व्यवहार में सुधार आएगा। शुभ मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने से प्रसंन्नता भी बढ़ेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी। निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। शत्रु सक्रिय होंगे। शत्रुओं से निपटना पड़ सकता है।

**मीन :** संचित धन में कमी होगी लेकिन लाभ अन्य वस्तु के रूप में प्राप्त होगा। एकाएक बनते हुए कार्यों में व्यवधान पैदा होंगे। मेहनत से आय होगी।

### मस्ती, रोमांच और सीख का अनोखा संगम समर कैंप

ललितपुर। एस.डी.पी.एस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों ने गर्मी की छुट्टियों के बाद नई ऊर्जा, उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न मनोरंजक एवं साहसिक गतिविधियों में भाग लिया व समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने कई रोमांचक गतिविधियों का आनंद लिया व जोरबिंग रोलर, सूमो फाइट, जोरबिंग फाइट और वाटर बॉल जैसी विशेष मनोरंजन गतिविधियों में बच्चों ने खूब मस्ती की और उत्साह के साथ भाग लिया व कैंप में कमांडो नेट, बर्मा ब्रिज, जिप लाइन, तीरंदाजी आर्चरी, निशानेबाजी शूटिंग, बैलेंस रोप, योग, मार्शल आर्ट्स, कला एवं शिल्प आर्ट एंड क्राफ्ट, तैराकी स्विमिंग, सेगवे राइड, घुड़सवारी हॉर्स राइडिंग सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं।

## खबर एक नज़र



### जनहित कार्यों के लिए याद किए जाएंगे ईओ अवनीश शुक्ला

**कालपी (जालौन)।** नगर पालिका परिषद कालपी में सोमवार को स्थानांतरित अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को नगर विकास एवं प्रशासनिक दृष्टि से उल्लेखनीय बताते हुए भावभीनी विदाई दी।

पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अवनीश कुमार शुक्ला ने अपने कार्यकाल के दौरान नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, विकास कार्यों को गति देने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि श्री शुक्ला ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। उनकी कार्यशैली, अनुशासन एवं व्यवहारिकता को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य, राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह यादव, एकाउंटेंट हरिभूषण सिंह चैहान, निर्माण लिपिक सरफराज खान सहित सभासद पप्पी यादव, रमेश सिंह यादव, राकेश यादव एवं आशू यादव ने उन्हें माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए।विदाई समारोह में मौजूद कर्मचारियों ने भी उनके सरल एवं सहयोगात्मक स्वभाव की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में अवनीश कुमार शुक्ला ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कालपी में मिले सहयोग और स्नेह को वह सदैव स्मरण रखेंगे।

### प्रेस क्लब के सौजन्य से आज होगा प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन



ललितपुरं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले उर्फ सप्पू ने सभी सम्माननीय सदस्यों को अवगत कराया है कि श्री हनुमान जी की असीम कृपा से आज सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक स्थान श्री हनुमान जी मंदिर मदनमोहन मालवीय की धर्मशाला व भांग के ठेका के पास प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें व कार्यक्रम में आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास एवं संगोष्ठी सम्पन्न



**भारत में जन्मी योग विद्या आज पूरे विश्व को आरोग्यता प्रदान कर रही-: प्राचार्य ओमप्रकाश शास्त्री**

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया व शिक्षकों, कर्मचारियों एवं एन.सी.सी. के छात्र व छात्राओं को नियमित रूप से योग व आसन कराये गये व मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की पूरे विश्व को दी गई अमोल विरासत है व हजारों वर्ष पूर्व भारत के महर्षियों ने योग विद्या को मानव कल्याण के लिए प्रदान किया व भारत में जन्मी योग विद्या की आज सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठा बढ़ी है व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया है व भारत में जन्मी योग विद्या आज पूरे विश्व को आरोग्यता प्रदान कर रही है व योग करने से मन पवित्र रहता है एवं बुद्धि निर्मल होती है व शरीर स्वस्थ व ऊर्जावान होता है व सारी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है, इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालय में वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों एवं एन.सी.सी. छात्रों को योग कराया गया। इस मौके पर डॉ. सुधाकर उपाध्याय, डॉ. जगवीर सिंह, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, ध्रुव किलेदार, अंकित चैबे, रमेश प्रसाद पाल, एन.सी.सी के छात्र आदि उपस्थित रहे।

### बहुजन समाज पार्टी ने संगठन की मजबूती के लिए हुई अहम समीक्षा बैठक



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी बसपा द्वारा संगठन को जमींनी स्तर पर मजबूत करने व आगामी रणनीतियों को धार देने के लिए सेक्टर 14 जमालपुर के असउपुरा में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईया व विशिष्ट अतिथि बसपा जिला अध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि रामबाबू चिरगईया ने कहा कि बसपा हमेशा से सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर काम करती है व उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह सेक्टर व बूथ स्तर पर जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें व पार्टी की नीतियों से लोगों को जोड़े व जिला अध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध ने संगठन की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक कुमार मंडल प्रभारी, छोटे लाल प्रजापति जिला महामंत्री, हरिराम श्रीवास जिला कार्यकारिणी सदस्य व बैठक के समापन पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संकल्प लिया व पार्टी हाईकमान के निर्देशों का पूरी तरह पालन करने की बात कही। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## निर्विवाद जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल पूरा किया डा.अनुरागी ने

**-जिला पंचायत बोर्ड बैठक में पाँच वर्षो के विकास प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित**



उरई : बोर्ड बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष डॉ. अनुरागी ।

**उरई(जालौन)।** जिला पंचायत सभागार उरई में आयोजित जिला पंचायत बोर्ड की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विगत पाँच वर्षों के सभी विकास प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। किसी भी सदस्य ने किसी भी प्रस्ताव पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई, जो जनपद के समग्र विकास एवं जनकल्याण के प्रति सभी की प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। अध्यक्ष डॉ. अनुरागी ने सदस्यों के इस अभूतपूर्व सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि जनपद के हर गाँव तक विकास की किरण पहुँचे और ग्रामीण जीवन को सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाया जाए।

बैठक में जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चैहान, सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार, ब्लॉक प्रमुख कुठोंद श्रीमती प्रेमलता देवी, ब्लॉक प्रमुख कोंच श्रीमती रानी देवी सहित जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सेंगर, अनिल सिंह सेंगर, ज्ञान सिंह, इंजी. रणविजय निषाद, श्रीमती मीनाक्षी आनंद पटेल, अनिरुद्ध द्विवेदी, मनोज याज्ञिक, कैलाश राजपूत, अतर सिंह पाल, देवेंद्र सोनी, श्रीमती अर्चना दिनेश यादव, श्रीमती प्रियंका गौतम, श्रीमती रेखा विकल प्रजापति, श्रीमती मातावती सुदामा चैहान, श्रीमती ज्योति राघवेंद्र पांडेय, श्रीमती अमृता पवन खसीस, श्रीमती रंजना अमित सागर, श्रीमती निशा यादव, संजीव कठेरिया, रामेंद्र त्रिपाठी, निर्दोष यादव, प्रतिनिधि नीरज खाबरी उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।जिला पंचायत ने सदस्यों के सहयोग एवं सुझावों के साथ विकास यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## यमुना तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए चल रही बाढ़ सुरक्षा परियोजना का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण'



उरई : यमुना के तटीय क्षेत्रों का निरीक्षण करते डीएम ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने यमुना नदी के दायें किनारे स्थित ग्राम समूह गुड़ा, हिम्मतपुर एवं शिवगंज को बाढ़ एवं कटान से सुरक्षित करने हेतु संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा तकनीकी मानकों का गहन परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि लगभग 687.56 लाख की लागत से संचालित इस महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत यमुना नदी के कटान प्रभावित क्षेत्र में 220 मीटर लंबाई में स्टोन बोल्डर से लांचिंग एप्रन तथा स्टोन पिचिंग के माध्यम से तट संरक्षण कार्य कराया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य बाढ़ के दौरान होने वाले तीव्र कटान को रोकना तथा नदी तटवर्ती आबादी एवं कृषि भूमि को सुरक्षित करना है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यमुना नदी के किनारे बसे गांवों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। विगत वर्षों में बाढ़ एवं कटान से प्रभावित क्षेत्रों को स्थायी राहत प्रदान करने के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण प्रत्येक कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप ही संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद लगभग 818.92 हेक्टेयर कृषि भूमि, 105 ग्रामीण आवास तथा लगभग 2950 की आबादी को बाढ़ एवं कटान के खतरे से महत्वपूर्ण सुरक्षा प्राप्त होगी। इससे न केवल किसानों की आजीविका सुरक्षित होगी, बल्कि क्षेत्र के लोगों में भी सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी बनाए रखने तथा मानसून अवधि को दृष्टिगत रखते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी ऐसी परियोजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए, जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दीर्घकालिक राहत उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई धर्म घोष आदि मौजूद रहे ।

## टीहर ग्राम पंचायत मेंयोग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



उरई : टीहर में प्रधान के नेतृत्व में योग शिविर ।

**रामपुरा (जालौन)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत टीहर में ग्राम सचिवालय, जूनियर हाईस्कूल एवं प्राथमिक विद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व को आत्मसात किया।कार्यक्रम की शुरुआत योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान से हुई। प्रतिभागियों ने नियमित योग करने का संकल्प लेते हुए स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश दिया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की भी जानकारी दी गई।ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने बताया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की प्राचीन और अमूल्य विरासत है। नियमित योग करने से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से तनावमुक्त और आत्मिक रूप से मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश के साथ गांवों में भी योग दिवस उत्साह के साथ मनाया जा रहा है और लोगों को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर कौशल किशोर, जूनियर हाईस्कूल के हेडमास्टर मंगल सिंह, सोनवीर सिंह, रविन्द्र सिंह, शंकर सिंह, सौरभ कुमार, गंगपाल, विनोद कुमार, इशहाक जी, किरण देवी, बेटू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह एवं अनुशासन का माहौल रहा।

### दहेज लोभी पति के आग लगाने से पत्नी हुई गम्भीर रूप से घायल

**कोंच (जालौन) ।** थाना रेढर के ग्राम सुलखना निबासी किशुन कुमार पुत्र कुंदन लाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 21 जून 2026 समय करीब शाम 4 बजे की है जब मेरी पुत्री महक को उसके पति हरकिशुन निबासी मुहल्ला नया पटेल नगर बाबू पैलेस बाली गली ने आग लगा दी क्योंकि महक की शादी दो साल पूर्व हर किशुन पुत्र पुनु के साथ हुई थी और पति मेरे लड़के की नोकरी लगने पर मुझसे एक चार पहिया कार की मांग करते हैं जबकि मैने अपनी सामर्थ्य से अधिक उपहार दिया जिसमें मेरे करीब साढ़े 6 लाख रुपये खर्च हुए थे लेकिन सास मीना ससुर पुनु ननद अधिक दहेज की मांग करते हैं उक्त घटना के सम्बन्ध में पुत्री ने फोन द्वारा मुझे सूचना दी कि मेरे पति मुझे चार दिन पहले से मेरी मारपीट कर रहे हैं और आज पति ने स्वयं मुझे आग लगा दी किशुन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकद्दमा संख्या 126/26 धारा 85/115(2)/109ए बी एन एस तथा 3/4 डी पी एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

### शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करते की मांग

जालौन। ग्राम जगनेवा में हाल ही में खोली गई शराब की दुकान का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान आबादी क्षेत्र के काफी निकट संचालित की जा रही है, जिससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। वहीं, आबादी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि आबादी के निकट खोली गई शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए ताकि गांव का माहौल खराब न हो।

### नवागत सीओ ने कोतवाली का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



कालपी (जालौन)। नवागत क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने रविवार को कोतवाली कालपी का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था एवं परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता के बाद क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह के साथ परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर की स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी की नजर कोतवाली परिसर में विकसित अमृत सरोवर पर भी पड़ी। तालाब की सुंदरता और रखरखाव को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा वहां मौजूद मछलियों को दाना खिलाया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि कार्यस्थल के वातावरण को भी बेहतर बनाते हैं। क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने पुलिस कर्मियों से कहा कि आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाए तथा कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन किया जाए। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भर बालिका शिविर का हुआ शुभारम्भ

**-छात्राओ को अनेक विधाओं की निशुल्क मिलेगी कार्यशाला-प्रधानाचार्या'**



कोंच : आत्मनिर्भर बालिका शिविर का शुभारम्भ करती प्रधानाचार्या' ।

**कोंच (जालौन)।** गल्ला मंडी स्थित शैक्षणिक संस्था सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व सरस्वती शिशु मंदिर एवं शिशु वाटिका मे छै दिवसीय निशुल्क कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विद्यालय की सहप्रबंधिका मधु गुप्ता एवं प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा

रहीं बालिका शिविर प्रमुख ज्योति गुप्ता शिवानी सिंह साधना चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्य रूप से कला अंग्रेजी स्पीकिंग काढ़ाई मेंहदी क्राफ्ट वर्क जूड़ो कराटे मेकअप डेकोरेशन बेकरी योग सिलाई डांस आदि की कार्यशाला लगेगी जिसमे छात्राएं निशुल्क प्रतिभाग कर सकती है आज शिविर मे दो दर्जन छात्राओ ने भाग लिया

नगर से डांस मे रजनी डेगरे मेकअप मे अर्चना निरंजन का सहयोग आज विद्यालय परिवार को मिला

मुख्य अतिथि मधु गुप्ता ने कहा कि विद्यालय मे ऐसे कार्यशाला के लगने से नगर मे छात्राओ को सिखने का मौका मिलेगा इस अबसर का लाभ विद्यालय की छात्राओ को भी मिलेगा

विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है जिससे छात्राए यहाँ से कुछ सीख कर निकले और समाज परिवार मे अपना नाम रोशन करे

इस अबसर पर विद्यालय के प्रभारी नरेंद्र सिंह पंकज बाजपेई नीतू गर्ग सरोज खरे सरला मिश्रा शैलेन्द्र सिंह विवेक तिवारी प्रभा गुप्ता शिवानी सिंह ज्योति गुप्ता रंजना तिवारी तान्या व्यास प्रतीक्षा रेजा आकांक्षा सिंह अनिकेत जीतेन्द्र सिंह मनीष अग्रवाल गौत्तम पटेल वंदना अवस्थी रवि कुमार विनीत खरे आनंद भारद्वाज मृदुल दुबे सतीश पाण्डेय नरेंद्र सिंह कृष्णकुमार सुनील पाठक धीरेन्द्र सिंह मनोज दुबे अशोक शर्मा हरिकिशोर रामकुमार अरविन्द अंजना आकांक्षा दीक्षित सरिता साधना योगेश अंकित पटेल दीक्षा आदित्य कुमार शुभम अग्रवाल के साथ छात्राएं उपस्थित रही।

### सचिव ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

ललितपुर। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार देवप्रिय सारस्वत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षण एवं समीक्षा की गई व पाकशाला रसोईघर भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया व व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गई व पुरुष बंदी बैरक बैरकों की साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था का अवलोकन किया गया व बंदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई व उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकार से अवगत कराया गया व महिला बंदी बैरक महिला बंदियों हेतु उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा उनकी समस्याओं को सुना गया व स्वास्थ्य परीक्षण, औषधि उपलब्धता, चिकित्सीय अभिलेखों के संधारण एवं स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध पाई गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण में प्रशांत उपाध्याय प्रभारी अधीक्षक, विजय द्विवेदी, जेल चिकित्सक, सूरज उपकारापाल, विनोद विश्वकर्मा, फार्मासिस्ट, न्यायालय की ओर से रोहित राठौर, विकास कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि पात्र बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया विधिसम्मत रूप से संचालित हो रही है तथा किसी भी बंदी को विधिक सहायता से वंचित न रखा जाए व कारागार परिसर में समग्र रूप से स्वच्छता एवं व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं।

### सुरक्षा सैनिक के पद पर भर्ती हेतु होगा प्लेसमेंट कैम्पों का आयोजन

ललितपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि एस.आई.एस. प्राइवेट लिमिटेड आर.टी.ए. नीमच मध्य प्रदेश द्वारा जनपद के ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पद पर भर्ती कैम्पों व प्लेसमेंट कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन फीस 350 व यूनिफार्म फीस दस हजार के अलावा अन्य कोई व्यय नहीं देना होगा व प्लेसमेंट कैंपों का आयोजन विकासखण्डों के सभाकक्षों में प्रातः 10:30 से 3 बजे तक किया जाएगा व 23 जून को विकास खंड मडावरा में, 24 जून को विकास खण्ड महरौनी में, 25 जून को बार, 27 जून को जखौरा, 29 जून तालबेहट, 30 जून को विरधा तथा 1 जुलाई जिला रोजगार कर्यालय में भर्ती शिवरों का अयोजन किया जा रहा है व इच्छुक बेरोजगार जिनकी योग्यता 10वीं पास उम्र 19 से 40 वर्ष, उंचाई 168 सेंटीमीटर हो वह उक्त स्थानों में 10वीं की अंकसूची की फोटो कॉपी दो फोटो एवं चयनित अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रुपए प्रोस्पेक्ट फार्म का देना होगा व अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर देखें मोबाइल नंबर 7089869892 6261092834 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## जिले की जलापूर्ति को लेकर डीएम ने लाइन विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत 2.0 के अंगर्तत खोदी गई सड़कों की मरम्मत के लिए दिया गया एक हफ्ते का अल्टीमेटम**

**सड़कों के मरम्मत कार्य को खराब करने वालों के विरुद्ध होगी एफ.आई.आर.-डीएम**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन डाले जाने के दौरान काटी गई सड़कों व गलियों की मरम्मत कराये जाने को लेकर कैम्प कार्यालय पर जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक की व अभियान चलाकर एक सप्ताह के भीतर रोड रेस्टारेशन में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये व ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं में अवशेष रोड रेस्टोरेशन एवं पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा करते हुए जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि सभी लंबित रोड रेस्टोरेशन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो व अमृत-2.0 के अन्तर्गत खोदी गयी सड़कों की मरम्मत एक सप्ताह में पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया गया व बैठक के दौरान संज्ञान में लाया गया कि जिन सड़कों की मरम्मत की जा रही है, उन पर लोग गीले सीमेन्ट पर से अपने वाहन निकालकर रोड खराब कर रहे हैं, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिस स्थान पर कार्य हो रहा है, वहां रोड को सीमेन्ट सूखने तक सील किया जाए व यदि फिर भी कोई जबरन वाहन निकालकर मरम्मत कार्य को खराब करता है तो उसके विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करायी जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संजय मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान मुंशीलाल, अधिशासी अभियंता हाइडिल विशाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सहायक अभियन्ता जल निगम ग्रामीण अरुण कुमार बौद्ध, सहायक अभियंता नगरीय अवनीश मिश्रा, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तमंचा दिखाकर लूट करने वाले दो अभियुक्तों मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**. अभियुक्त के कब्जे से लूट के रुपए आदि सहित घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस आदि बरामद**



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ सिंह के नेतृत्व में व्यक्ति को तमंचा दिखाकर लूटने वाले 02 अभियुक्तों को थाना पैलानी पुलिस द्वारा मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम गड़ोला के रहने वाले संदीप पुत्र रामप्रताप के साथ 20 जून 26 की शाम में चाटध्चाउमीन आदि की बिक्री कर घर जाते समय ग्राम नरौली के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा तमंचा दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पैलानी में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में 21ध्22 जून 2026 की रात्रि को थाना पैलानी पुलिस को ग्राम मरझा.पड़ेरी मार्ग पर एक मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध व्यक्तियों के बैठे होने की सूचना प्राप्त हुई जो सम्भवतः किसी घटना को अंजाम देने वाले है । सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी करते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया तो उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर की गई । पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही करते हुए तत्परता से घेरकर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया गया जबकि एक अभियुक्त अन्धेरे का फायदा उठाते हुए भाग गया जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है । अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अवैध तमंचेए 02 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस सहित लूट के 03 हजार रुपए आदि बरामद हुए है । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उनके द्वारा एक व्यक्ति को तमंचा दिखाकर रुपए आदि लूटने की घटना को अंजाम दिया गया था साथ ही बताया कि आज पुनः वे लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे । इस सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा और गहनता से जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन.किन स्थानों और कितने से लोगों के साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है । बता दें कि अभियुक्त राम उर्फ भास्कर पुत्र जयनारायन पर पूर्व में भी लूट और हत्या के भी मामलें दर्ज है ।

## भीषण गर्मी में रेड क्रास सोसाइटी बांदा की अनूठी पहल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**
**बांदा।** भीषण गर्मी के बीच श्नर सेवा नारायण सेवाश् और श्मानवता हमारा धर्मश् के भाव को साकार करते हुए भारतीय रेड क्रास सोसाइटीए बांदा द्वारा एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक सेवा कार्य किया गया। संस्था की ओर से पशु.पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से पानी के ड्रम तथा पक्षियों के लिए परईया ;जलपात्रद्ध और दाना वितरित किया गया। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी की यह पहल न केवल जीव.जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक हैए बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करने वाला कदम है।

संस्था के सचिव अमित सेठ ष्भोलूष् ने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा जरूरतमंदों और मानवता की सेवा के लिएक्षियों के लिए पानी एवं दाने की व्यवस्था करना समय की मांग थीए जिसे संस्था ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए पूरा किया। इस सेवा कार्य के दौरान रेड क्रास समिति के कोषाध्य राम बहोरी शिवहरे ;पप्पू भैयाद्धए भैरव अग्रवालए पंकज रावतए पन्नालाल धुरियाए सुनील कुमार दीक्षितए नईम नेताए लखन कुशवाहा क्रांतिकारी कुलदीप नामदेव मनोज गुप्ता छोटू धुरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। रेड क्रास सोसाइटी द्वारा किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है ।

# पुजारी सच्चिदानंद महाराज की सोते समय सिर कुचलकर हत्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बाँदा।** शहर कोतवाली के तिंदवारा गांव में देर रात मंदिर की छत लहूलुहान हो गई। त्रिदेव मंदिर के बाल ब्रह्मचारी पुजारी सच्चिदानंद महाराज को अज्ञात हमलावरों ने सोते समय सिर पर लाठी से खूनी वार कर मौत के घाट उतार दिया।बताया जा रहा है कि पुजारी मंदिर की छत पर सो रहे थे। कुछ ही दूरी पर 25 साल की चेली भी लेटी हुई थी। हमले के बाद चेली के चिल्लाने पर 40 मीटर दूर मवेशियों के बाड़े में सो रहे छोटे भाई चिंतामणि को घटना की सूचना लगी। पुलिस ने म्रतक पुजारी के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस को खून से सनी लाठी बरामद हुई है माना जा रहा है कत्ल का हथियार यही है।दस साल से पुजारी यहीं मंदिर में रहकर मंदिर संभालते थे पूजा कराते थे।तीन भाइयो के बीच में आठ बिघा जमीन है।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि म्रतक के चेली से पूछताछ जारी है। हत्या जमीन के विवाद या अवैध संबंधों की वजह से भी हो सकती है। बाँदा पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। घटना कारित करने वाला कितना भी शातिर होए बचेगा नहीं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना के खुलासे के लिए चार टीमो का गठन किया गया है।पुजारी की हत्या से गांव सकते में है। पुजारी की हत्या को लेकर गांव की हर गली मोड़ पर लोग तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। दबे जबान तो लोगो ने ये तक कह दिया कि पुजारी की चेली को सब कुछ पता है।साथ में रहती थी। कड़ाई से पूछताछ होगी तो सबकुछ सामने आ जायेगा।

## इमामबारगाहों में सजी ढाल सवारियांए ताजियों का हुआ मिलाप

बांदा। हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले दस दिवसीय मोहर्रम में पांचवी को रविवार की रात ढाल सवारियां ईमामबाडों में सज गई! उधर छठवीं मोहर्रम को दोपहर में कोतवाली के सामने चार ताजियों का मिलाप हुआ!

मंगलवार की देर शाम शहर के अलग.अलग स्थान पर तैयार की गई ढाल सवारियां मातमी धुन के साथ मनोरीगंज में इकट्ठा हुई! यहां से देर रात अपने.अपने ईमामबाडों लेजाकर में रखी गई। सोमवार छठवी मोहर्रम को कोतवाली के सामने कुदउआ जनाना और सब्जी फरोश व ढपालियों और मनिहारों के ताजिए इकट्ठा हुए। अपने परंपरागत रास्तों और मातमी धुन के साथ यहां पहुंचे ताजियों का मिलाप हुआ और वापस अपने.अपने इमामबाडो में रखे गए! आयोजनों के दौरान कोतवाली पुलिस बल मौजूद रहा। कमेटी अध्यक्ष शोएब नियाजीए राशिद आतिशबाजए आसिफ अलीए जावेद खानए हाजी मलिक नियाजीए अरशद निजामीए हाजी चांद मियांएसाजनएशमीम राईनए कासिम रजा सभासदए हाफिज साबिर राईन समेत बड़ी संख्या में कमेटी के लोग शामिल है।

## खबर एक नज़र

### बाल श्रम उन्मूलन के लिए 31 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान



**चित्रकूट-** जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के निर्देश पर एक जून से 31 अगस्त तक जिला टास्क फोर्स के सहयोग से बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिह्नांकन, अवमुक्तीकरण व पुनर्वास के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सीडीओ डी.पी. पाल ने सभी संबंधित विभागों को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अभियान चलाने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा आयु परीक्षण के बाद बाल श्रम की श्रेणी में आने वाले प्रकरणों में विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि भारत में 14 वर्ष तक बाल श्रम पूर्णतः वर्जित है, जबकि 14 से 18 वर्ष के किशोरों को निर्धारित नियमों व शर्तों पर ही गैर-खतरनाक प्रतिष्ठानों में काम की अनुमति है। खतरनाक श्रेणी में बाल श्रमिक नियोजित पाए जाने पर नियोक्ता को 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास या 20,000 से 50,000 रुपये तक अर्थदंड अथवा दोनों का प्रावधान है। दोबारा अपराध पर 1 से 3 वर्ष तक की सजा हो सकती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में जनपद में 73 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराकर बाल व किशोर श्रमिक नियोजित करने वाले 86 नियोक्ताओं के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में वाद पंजीकृत कराए गए हैं। वर्ष 2026-27 में भी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण जारी है। श्रम विभाग के अतिरिक्त परगना मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को भी अपनी स्थानीय सीमाओं में निरीक्षक घोषित किया गया है। सहायक श्रमायुक्त ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नियोक्ताओं से अपील की कि वे बाल व किशोर श्रमिक नियोजित न करें ताकि जनपद चित्रकूट को वर्ष 2026 में बाल श्रम मुक्त जनपद घोषित कराया जा सके। बताया कि बाल श्रम नियोजन की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, श्रम विभाग के पेंसिल पोर्टल या निकटतम श्रम कार्यालय पर दी जा सकती है।

### पीएम स्वनिधि के वेंडरों को दिये गये प्रमाण पत्र

बांदा। पीएम स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला के तहत शहरी वेंडरों को 50 हजार तक लोन पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी स्ट्रीट वेंडरों को बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तहत प्रथम चरण में 15 हजारए द्वितीय चरण में 25 हजार तथा तृतीय चरण में 50 हजार तक का ऋण प्रदान किया जाता है।

भारत सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला का आयोजन 1 जून से 30 जून 2026 तक किया जा रहा है। इस दौरान नगर पालिका एवं नगर पंचायत कार्यालयों में विशेष अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों के आवेदन ऑनलाइन कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर पालिका परिषद बांदा परिसर में 10 वेंडरों को स्वीकृत प्रमाण पत्र नगर अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी द्वारा वितरित किए गए है। नगर अध्यक्ष द्वारा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। योजना का उद्देश्य रेहड़ीए पटरी एवं अन्य छोटे व्यवसाय करने वाले शहरी वेंडरों को स्वरोजगार के लिए सुलभ ऋण उपलब्ध कराना हैए जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। डूडा ने सभी पात्र शहरी वेंडरों से अपील की है कि जो लोग योजना का लाभ लेना चाहते हैंए वे अपने नगर पालिका कार्यालय बांदा अथवा डूडा बांदा कार्यालय में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आनलाइन आवेदन कराएं और योजना का लाभ प्राप्त करें। श्री मती मालती बासुए नगर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांदाए अधिशाषी अधिकारीए नगर पालिका परिषद बांदाए दीपक कुमारए कंप्यूटर ऑपरेटरए आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के सम्बन्ध में सीडीओ ने ली बैठक

चित्रकूट- मच्छरजनित व संचारी रोगों से बचाव के लिए जनपद में जुलाई माह में व्यापक स्वास्थ्य अभियान चलाया जाएगा। इस सम्बन्ध में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अभियान का द्वितीय चरण 1 से 31 जुलाई तथा दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई 2026 तक चलाया जाएगा।

बैठक में सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को शासन की गाइडलाइन के अनुसार समस्त गतिविधियां समय पर पूरी करने के सख्त निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अभियान में सभी विभाग आपसी समन्वय से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई व पशुपालकों का संवेदीकरण करेंगे।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**अतर्रा बांदा।** आज दिन सोमवार को मोहर्रम को लेकर थाना कोतवाली प्रांगण पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार तिवारी एवं नायब तहसीलदार तथा हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों की उपस्थिति रही। बांदा जनपद के कस्बा व थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार तिवारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अतर्रा एवं नायब तहसीलदार शिवदीप मिश्रा की उपस्थिति में शांति कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित मुस्लिम भाइयों से कहा कि ताजियों की ऊंचाई ज्यादा नहीं होना चाहिए जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना का खतरा ना हो सके। तथा जो विगत वर्षों में होता रहा है वही होगा। नया ना कोई रास्ता बनाया जाएगा और ना ही अस्त्र शास्त्र जुलूस में शामिल किया जाएगा। मुस्लिम भाइयों के द्वारा मूलभूत समस्याओं जैसे पानी तथा बिजली की आपूर्ति नगर में स्वच्छता की मांग किया गया। इस अवसर पर अवधेश गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष अतर्रा तथा राज किशोर बाजपेई विधायक प्रतिनिधि अतर्रा संजय साहू विष्णु गुप्ता नीरज गुप्ता आदि नगर के व्यापारियों की उपस्थिति के साथ.साथ मुस्लिम भाइयों की उपस्थिति रही।

## मनोनीत व्यापार मंडल के अध्यक्ष को कल रात्रि बैठक के उपरांत फूल मालाओं से लाद दिया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** व्यापारियों ने अतर्रा उद्योग व्यापार मंडल अतर्रा का अध्यक्ष अवधेश गुप्ता को मनोनीत कर फूल मालाओं से किया जोरदार स्वागत। नई कमेटी के गठन की सौंपी जिम्मेदारी । आप सभी को ज्ञात हो की कल दिन रविवार की रात अयोध्यावासी धर्मशाला में व्यापारियों की बृहद रूप से एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें मनोनीत व्यापार मंडल अध्यक्ष अतर्रा अवधेश गुप्ता को फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए एक स्वर में अपना नेता अवधेश गुप्ता को मानते हुए जुलूस निकालकर व्यापारी एकता का किया प्रदर्शन।

रविवार को देर शाम कस्बे के चूड़ी गली स्थित अयोध्या वासी धर्मशाला में व्यापारियों की बैठक प्रतिष्ठित व्यापारी देता कालिका राय शिवहरे व दयाशंकर गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मत से अवधेश गुप्ता को अतर्रा उद्योग व्यापार मंडल का अध्यक्ष मनोनीत कर व्यापारियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया बैठक का शुभारंभ व्यापार मंडल के दिवंगत अध्यक्ष स्वर्गीय उमा शंकर गुप्ता की प्रतिमा में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित के साथ किया गुप्ता के अध्यक्ष बनाए जाने पर व्यापारियों में हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी नव नियुक्त अध्यक्ष के साथ व्यापारियों नगर में नारेबाजी व जुलूस के साथ श्री गुप्ता ने सुभाष प्रतिमा व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व्यापारियों को कुशल नेतृत्व का भरोसा दिया बताते चले की व्यापार मंडल के अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता की निधन के बाद 3 वर्षों से यह पद खाली चल रहा था मानोनयन से व्यापारियों में खुशी की लहर है व्यापारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष से नई कमेटी गठन की जल्द ही जिम्मेदारी सौंपी है बैठक में सुधेश जैन चुन्ना चाचा गिरिजा शरण तिवारी अनिल सैनी लाल चौरसिया कुमार गौरव गुप्ता जगदीश गुप्ता रामकेश गुप्ता शिवमोहन गुप्ता द्वारिका लखेरा सूरज बाजपेई उमाकांत दीक्षित भागवत गुप्ता उदित नारायण द्विवेदी नीरज गुप्ता महेश जाटव वेद निराला ज्ञान प्रताप सिंह दीनदयाल द्विवेदी हिमांशु चोपड़ा भारत गुप्ता हर्षित अग्रवाल मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन संजय साहू ने किया।

# आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करें : डीएम

**. डीआईजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मासिक अपराधिक गोष्ठी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** सड़क सुरक्षा हेतु संचालित ष्जीरो फैटलिटी अभियानष्महिला संबंधी अपराधोंए गोकशीए गोतस्करी एवं अन्य संवेदनशील अपराधों पर कार्रवाई तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के डीआईजी ने पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए हैं।

सोमवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय में मासिक आपराधिक गोष्ठी का आयोजन डीआईजी परिक्षेत्र राजेश एस की मौजूदगी में किया गया। बैठक में डीआईजी ने परिक्षेत्र के चारो जनपदों में पूर्व में घटित घटनाओं का विश्लेषण करते हुए आवश्यक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। तथा कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कानून.व्यवस्थाएअपराध नियंत्रण एवं विवेचनाओं की प्रगति की डीआईजी के द्वारा समीक्षा की गई।डीआईजी राजेश एस ने ई.साक्ष्य आधारित विवेचना को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर साक्ष्यों का वैज्ञानिक संकलन सुनिश्चित किया जाए।जिससे अभियोजन की गुणवत्ता एवं सफलता दर में वृद्धि हो सके। साथ ही न्यायालयों में ई.समन की संख्या बढ़ाने तथा डिजिटल माध्यमों के अधिकाधिक उपयोग के निर्देश दिए। डीआईजी ने आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा करते हुए सभी शिकायतों का निष्पक्ष एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त 60 एवं 90 दिनों से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करने के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए।डीआईजी ने अपराधियों की निगरानी एवं सत्यापन कार्य को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए ष्यक्ष ऐपष् के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने तकनीक आधारित पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनानेएजनप्रतिनिधियोंए मीडिया एवं आमजन से बेहतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा हेतु संचालित ष्जीरो फैटलिटी अभियानष् महिला संबंधी अपराधोंए गोकशीएगोतस्करी एवं अन्य संवेदनशील अपराधों में प्रभावी कार्रवाई तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश देने के साथ साइबर अपराध के मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करने तथा इस संबंध में जन.जागरूकता को सुदृढ़ किया जाए व मिशन शक्ति केंद्रों की पहुंच एवं जन.जागरूकता को और अधिक व्यापक बनाये जाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसलएपुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंहए पुलिस अधीक्षक हमीरपुर मृगांक शेखर पाठकएपुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह एवं सहायक पुलिस अधीक्षक बांदाध्क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टाक उपस्थित रहीं।

# वित्त आयोग की धनराशि का सर्वाधिक भुगतान करने वाले गांवों की जांच करेगी विशेष टीम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट ।** ग्राम पंचायतों में वित्त आयोग की धनराशि के उपयोग की बारीकी से जांच की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के साथ बैठक कर विगत तीन वर्षों में राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि का सर्वाधिक भुगतान पाने वाली ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों का गहन निरीक्षण कराने के निर्देश दिए है ।

डीएम ने जनपद स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों व तकनीकी अधिकारियों की विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए है, जो इन ग्राम पंचायतों का भौतिक सत्यापन करेगी। यह टीम कराए गए कार्यों की गुणवत्ता, अभिलेखों का रख-रखाव, टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा ठेकेदारों का पूरा ब्योरा खंगालेंगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) की कार्यप्रणाली और ई-रिक्शा संचालन की वास्तविक स्थिति की भी जांच करेगी। स्पष्ट किया कि सर्वाधिक भुगतान वाली ग्राम पंचायतों का मुख्य विकास अधिकारी स्वयं निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों का सत्यापन सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) व खंड विकास अधिकारी से कराया जाएगा। चेतावनी दी कि निरीक्षण में जिन ग्राम पंचायतों में कार्यों की गुणवत्ता, अभिलेखों या प्रक्रिया में कमियां पाई जाएंगी, वहां के सचिवों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिहार में भारत भूषण तिवारी की हत्या के विरोध में ब्राह्मण एकता परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट-** बिहार में भारत भूषण तिवारी की हत्या के विरोध में सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जनपद चित्रकूट के जिलाध्यक्ष बादल पयासी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कर्वी को सौंपा।ज्ञापन में मांग की गई कि भारत भूषण तिवारी के परिवार को न्याय व सुरक्षा प्रदान की जाए, दोषियों पर विधिक कार्रवाई करते हुए कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के ठोस उपाय किए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनमानस में व्याप्त आक्रोश को शांत करने के लिए सरकार तत्काल कदम उठाए। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गायत्री पांडेय, जिला महामंत्री अरुण मिश्रा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुशील मिश्रा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी (237) रंजना बाराती लाल पांडेय, विनीत पयासी, हीरो मिश्रा, घनश्याम द्विवेदी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, श्याममूरत गौतम, मनोज द्विवेदी, वीरेन्द्र पाण्डेय, सुरेंद्र द्विवेदी, रज्जन द्विवेदी, अवध शुक्ला, प्रियांशु मिश्रा, मनोज पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, पंकज तिवारी, गांगुली महराज, विपिन पाण्डेय, विमल मिश्रा, हरिओम पांडेय, कुशल पाण्डेय, दुर्गाशंकर द्विवेदी, दारोगा तिवारी आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया, बच्चों को वितरित किए फल-बिस्किट



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशानुसार नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का जन्मदिवस ग्राम पंचायत कहला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित हुआए जिसमें बच्चों और ग्रामीणों के बीच फलए बिस्किट एवं टॉफियों का वितरण किया गया तथा राहुल गांधी की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि राहुल गांधी देशवासियों के हितों के लिए सड़क से संसद तक लगातार संघर्ष कर रहे हैं और देश की जनता उन्हें एक मजबूत जननेता के रूप में देख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में लोकतंत्र और संविधान पर लगातार प्रहार हो रहे हैं तथा महंगाईए भ्रष्टाचारए महिला उत्पीड़न और दलितए ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय के उत्पीड़न से जनता परेशान है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में जनहित के मुद्दों पर संघर्ष के लिए तैयार है और आवश्यकता पड़ने पर जेल भरो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेगा। कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरीए महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेटए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉण् संजय द्विवेदी ष्दनादनष् सूरज बाजपेईए जिला महासचिव शोएब रिजवीए जिला सचिव बाबूराम यादवए प्रदीप कुमार तिवारी एडवोकेटए जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बीण् लाल भाईए कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदीए कैलाश बाजपेईए आरिफ निजामीए रामशरण त्रिपाठीए रामकृपाल निषादए विष्णुदेव त्रिपाठीए शिवमोहन लाल निषादए जागे निषादए मुंशी निषादए चुनबाद निषादए छेदीलाल निषादए सुदामाए मायाए ममताए जानकी राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट ने कियाए जबकि पूर्व बार एसोसिएशन महासचिव सत्यदेव त्रिपाठी एडवोकेट ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

**सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और माहौल बिगाड़ने का प्रयासए पुलिस से शिकायत**

**छिबरामऊ ;कन्नौज ।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धार्मिक और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का एक नया मामला सामने आया है। राष्ट्रीय सनातन संस्कृति ;गौ रक्षा प्रकोष्ठद्ध के कन्नौज जिलाध्यक्ष उत्तम गुप्ता ने इंस्टाग्राम पर उनके खिलाफ अभद्र भाषाए गाली.गलौज और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले एक युवक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में उन्होंने क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ संबोधित एक लिखित प्रार्थना पत्र छिबरामऊ पुलिस सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## राज्य महिला आयोग सदस्य की अगुवाई में महिलाओं की जनसुनवाई समीक्षा बैठक का आयोजन होगा कबरई ब्लाक सभागार में



महोबा । सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ अनुपमा सिंह लोधीए की अध्यक्षता में ष्मिशन शक्तिष् अभियान फेज.5 के अन्तर्गत दिनांक 23 जूनण्2026 को पूर्वान्ह 11ण्00 बजे महिला जनसुनवाई समीक्षा बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार कबरईए में होना सुनिश्चित हुआ है अतः ऐसी महिलाएं बालिकाएं जिनकी द्वारा की गई शिकायतों में अभी तक न्याय नहीं मिला है तो वह समस्याओं के निराकरण हेतु प्रार्थना.पत्र देना चाहती हैं वे अपना प्रार्थना.पत्र एवं पहचान.पत्र ;वोटर आई0डी0 कार्ड या आधार कार्डद्ध की छायाप्रति लेकर जनसुनवाई कार्यक्रम स्थल हमीरपुर चुंगी स्थित ब्लॉक सभागार में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के बारे में अवगत करा सकती हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौतए हत्या का आरोप

चार बच्चों को समेटकर ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर हुए फरार

छिबरामऊ ;कन्नौज। नगर के मोहल्ला ग्रेसी गंज में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से ही मृतका के ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार हैं। गंभीर बात यह है कि भागते समय वे अपने साथ मृतका के चार मासूम बच्चों को भी ले गए हैं। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट कर गला घोंटकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका की पहचान बिरतियाए ऊंचा नई बस्ती की निवासी रूबी के रूप में हुई है। रूबी की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व आरिफ के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले रूबी के साथ आए दिन मारपीट और प्रताड़ना करते रहते थे। मौत से कुछ घंटे पहले फोन पर मांगी थी मदद मृतका की मां रहीसा बेगम ने बताया कि कल शाम रूबी ने फोन पर उनसे बात की थी। बातचीत के दौरान रूबी ने अपनी जान को खतरा बताते हुए मदद की गुहार लगाई थी। लेकिन इस फोन कॉल के कुछ ही घंटों बादए रात करीब एक बजे परिजनों को रूबी की मौत की दुखद सूचना मिली। परिजनों ने मृतका के शरीर पर चोटों के निशान और फटे हुए कपड़े मिलने का हवाला देते हुए हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से फरार हुए ससुराल वाले अपने साथ मृतका के चार बच्चों को भी ले गए हैं। इनमें एजान ;10 वर्षद्धए रेहान ;8 वर्षद्धए अलकैफ ;6 वर्षद्धएएमन ;5 माह की बेटीद्ध शामिल हैं। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए गहनता से जांच.पड़ताल शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

**ब्यूटी इवेंट अमेज़न ब्यूटीवर्स के तीसरे संस्करण का समापन**

**कानपुर।** प्राइम डे से ठीक पहले, अमेज़न इंडिया ने अपने अब तक के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट अमेज़न ब्यूटीवर्स के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। इस भव्य आयोजन में 2,500 से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें प्राइम मेंबर्स, 1500 से अधिक क्रिएटर्स, प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स और अनन्या पांडे, जैकलिन फर्नांडीस, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, मीरा कपूर, करिश्मा कपूर जैसी कई जानी-मानी मशहूर हस्तियां शामिल थीं। मुंबई के प्रतिष्ठित वर्ली सी लिंक पर एक शानदार लैंडमार्क प्रोजेक्शन के साथ शुरू हुए ब्यूटीवर्स 2026 ने ब्यूटी की बदलती दुनिया का जश्न मनाया। इस दौरान इमर्सिव ब्रांड एक्सपीरियंस, एक्सपर्ट्स के सेशन, क्रिएटर्स द्वारा की गई कहानियों की प्रस्तुति और इंग्रीडिएंट-बेस्ड स्किनकेयर, प्रीमियम ब्यूटी और ग्लोबल ब्यूटी इनोवेशन से जुड़े ट्रेंड्स दिखाए गए। पहली बार अमेज़न ने इस अनुभव को अमेज़न.इन पर एक समर्पित ब्यूटीवर्स स्टोरफ्रंट के ज़रिए देश भर में पहुंचाया, जिससे भारत भर के लाखों ग्राहकों को लेटेस्ट ब्यूटी ट्रेंड्स, क्रिएटर्स के सुझावों और प्राइम डे ऑफर्स को खोजने, उनसे जुड़ने और खरीदारी करने का मौका मिला। ब्यूटी के सबसे बड़े डेस्टिनेशन के रूप में अमेज़न ब्यूटी की स्थिति को और मजबूत करते हुए ब्यूटीवर्स 2026 ने यह दिखाया कि कैसे टेक्नोलॉजी, कंटेंटए कम्युनिटी और कॉमर्स एक साथ मिलकर देश भर के ग्राहकों के लिए बड़े पैमाने पर ब्यूटी की खोज को नया रूप दे रहे हैं।

## संगीतकार नीरज शुक्ला को सम्मानित किया गया



**फर्रुखाबाद।** कला एवं साहित्य साधकों को समर्पित संस्था कलार्पण ने विश्व संगीत दिवस पर संगीत गोष्ठी का आयोजन किया गया जहां सुर सरगम की महफिल सजाई गई जिसमें कलाकारों द्वारा शास्त्रीय रागों के साथ नए पुराने गीत प्रस्तुत किए गए। रविवार को शहर के जोगराज स्ट्रीट संगीतकार नीरज शुक्ला के आवास पर आयोजित संगीत गोष्ठी में कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर मन को मुग्ध कर दिया । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पण कर किया गया संगीत विधा संयोजक ईशांत मिश्रा ने संस्था के ध्येय गीत का गान किया । वरिष्ठ संगीतकार नीरज शुक्ला ने तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार आदि भजनों पर शानदार प्रस्तुति दी । इशांत मिश्रा ने प्यार दीवाना होता है मस्ताना भी होता है गीत प्रस्तुत किया।
अंतर्राष्ट्रीय गिटार वादक सूरज शाक्य ने खुद के द्वारा कंपोज की गई धुन पर गिटार के साथ प्रस्तुति दी। आयुष शुक्ला ने ढोलक और क्लब बॉक्स वादन किया । तबला वादक निशि यादव ने शानदार प्रस्तुति दी जिस पर नीरज शुक्ला और सूरज शाक्य ने ने संगत की। रुद्राक्ष शुक्ला ने ओरी सखी मंगल गाओ रे गीत की प्रस्तुति दी । वैभव सोमवंशी ने कैशियो बजाकर प्रस्तुति दी। निर्दोष शुक्ला द्वारा राम चरित मानस की चौपाई की संगीतमय प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में नीरज शुक्ला को संस्था द्वारा संगीत शिरोमणि सम्मान देकर सम्मानित किया। संगीतकार नीरज शुक्ला ने संगीत से जुड़ी छोटी . छोटी बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कला साधना से जीवन में निखार आता है संगीत मन को मुग्ध आत्मा को तृप्त कर देता है यह विकारो को खत्म करता है।

# पहले यूपी की पहचान माफियो से, आज विकास और सुशासन से-योगी आदित्यनाथ



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टूण्डला तहसील क्षेत्र के ग्राम उसायनी में आयोजित जनसभा में जनपद को 658 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 81 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ;शहरीद्ध के लाभार्थियों को आवास की चाबियां तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रए चेक एवं उपकरण वितरित किए।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडाए माफिया और अराजकता से होती थी, लेकिन आज प्रदेश विकास, निवेश और सुशासन के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में करोड़ों लोगों को निःशुल्क राशन, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा, गरीबों को आवास तथा उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। किसानों को भी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।उन्होंने वन डिस्ट्रिक्ट.वन प्रोडक्टष् योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि आज प्रत्येक जिला अपनी विशेष पहचान और उत्पाद के लिए जाना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने फिरोजाबाद के कांच उद्योग की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कारीगरों ने अपनी मेहनत और कौशल से जनपद को वैश्विक पहचान दिलाई है तथा स्थानीय उत्पाद अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी जगह बना रहे हैं। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, सदर विधायक मनीष असीजा, टूण्डला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंच पर दिखी खास बातचीत मुख्यमंत्री से क्या कह रहे थे विधायक मनीष असीजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उसायनी जनसभा के दौरान मंच पर एक रोचक दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के बीच सदर विधायक मनीष असीजा कई बार मुख्यमंत्री के निकट जाकर उनसे चर्चा करते नजर आए। दोनों के बीच हुई संक्षिप्त बातचीत ने उपस्थित लोगों और राजनीतिक हलकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। हालांकि बातचीत का विषय सार्वजनिक नहीं हो सका लेकिन चर्चा रही कि जनपद के विकास नई परियोजनाओं जनहित के मुद्दों अथवा क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया होगा। विकास परियोजनाओं की सौगात के बीच हुई यह बातचीत लोगों के बीच उत्सुकता का विषय बनी रही। अब चर्चाओं का दौर इस बात को लेकर है कि आखिर विधायक ने मुख्यमंत्री तक कौन.सा विशेष संदेश या प्रस्ताव पहुंचाया।

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय की कृष्णा वाटिका में सामूहिक योग किया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह सहित विभिन्न संकायों के डीन शिक्षक कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया।

विश्वविद्यालय में 15 जून से प्रतिदिन प्रातः 5ण्30 बजे से योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में निवास करने वाले अधिकारी डीन शिक्षक तथा छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थी नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे थे। इस अभियान का समापन वृहद सामूहिक योग कार्यक्रम के रूप में किया गया। कार्यक्रम में कुलाधिपति डॉण् अनार सिंह चेयरपर्सन डॉक्टर अनीता यादव प्रतिकुलाधिपति डॉण् अंचल सिंह प्रबंध निदेशक डॉण् अतिक्ष सिंह कुलपति डॉण् अनिल कुमार कुलसचिव रणजीत यादव तथा सलाहकार डॉण् रंगनाथ मिश्र सहित विश्वविद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा विधि संकाय के डीन डॉण् राजपाल सिंहए डीन आयुर्वेद डॉ अम्बरीश बाथमए फार्मेसी संकाय की डीन डॉण् बिंदु राठौर नर्सिंग संकाय की डीन प्रोण् शेरीन पीण् एलेक्स डीन इंजीनियरिंग डीन डॉण् निखिल श्रीवास्तव सहित विभिन्न संकायों के शिक्षक एवं छात्र.छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉण् अनार सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# आरोग्य पथ का लोकार्पण नागरिकों को मिली नगर पालिका की नई सौगात



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य और मनोरंजन की बेहतर सुविधाएं देने के लिए नगर पालिका परिषद ने एक और कदम बढ़ाया है। नगर पालिका द्वारा निर्मित आरोग्य पथ का लोकार्पण ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने किया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल का नागरिकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया आरोग्य पथ का निर्माण 15वें वित्त आयोग की धनराशि से कराया गया है। यहां नागरिकों के लिए ओपन जिम ग्रीन बेल्ट स्टील बेंच समेत कई सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे सुबह.शाम टहलने व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद मिलेगी।कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने बताया कि नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार लगातार जारी है। जल्द ही लाल दरवाजा फव्वारा से कादरी गेट चौकी फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से देवरामपुर रेलवे समपार फाटक और पुल मंडी से फतेहगढ़ पुलिस लाइन तक नए आरोग्य पथ बनाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने पर नगरवासियों को सुरक्षित माहौल में सैर और व्यायाम की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस दौरान पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनोद कुमार अमित रस्तोगी जितेंद्र मिश्रा मौजूद रहे कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल को शहर के विकास और जनस्वास्थ्य के लिए अहम कदम बताया और सराहना की।

# योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आज समापन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के साथ हुआ जिसमें बच्चों एवं उपस्थित जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान शिविरार्थी बच्चों ने मंच से वैदिक मंत्रोच्चार भजन एवं प्रेरणादायी गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं

बच्चों की प्रतिभाअनुशासन एवं संस्कारयुक्त प्रस्तुति दी जिसकी सभी ने सराहना की

शिविर के संचालक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि आज के समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर गंभीरता से विचार करने तथा उनके समाधान हेतु आर्य समाज की गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि संस्कार मनुष्य के मन आत्मा और शरीर को पवित्र बनाते हैं। संस्कारों से युक्त व्यक्ति ही धर्म अर्थ काम और मोक्ष जैसे पुरुषार्थों को प्राप्त करने का अधिकारी बनता है। उन्होंने बाल्यावस्था में नैतिक एवं वैदिक शिक्षा के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला।

कानपुर से आयी उर्मिला आर्या ने भजनों एवं उद्बोधन के माध्यम से बच्चों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण करने का संदेश दिया।

शिविर के संचालन में योगदान देने वाले शिक्षकों एवं सहयोगियों को प्रशस्ति.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

## खबर एक नज़र

### कृषि भूमि पर अवैध कब्जे का आरोपए पीड़ित महिला ने एसडीएम से लगाई गुहार



**छिबरामऊ ;कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नगला लक्ष्मण से जमीन पर अवैध कब्जे का एक गंभीर मामला सामने आया है। गाँव की निवासी मधू पत्नी राममुरारी ने अपनी कृषि भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी ;एसडीएमद्ध छिबरामऊ को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। पीड़ित महिला मधू ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 127ए रकबा 0ण्1170 हेक्टेयर भूमि सरकारी दस्तावेजों में उनके पति और देवर के नाम पर दर्ज है। उनका आरोप है कि उनके सास.ससुर की मृत्यु के बाद से ही गांव के कुछ दबंग लोग इस भूमि पर अवैध रूप से काबिज हैं और वर्षों से इस पर कब्जा जमाए बैठे हैं। महिला का आरोप है कि जब भी वह या उनका परिवार जमीन खाली कराने की बात करता हैए तो आरोपी उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं। मधू ने बताया कि पूर्व में भी उनके साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैंए जिसकी शिकायत उन्होंने थाना विशुनगढ़ में दर्ज कराई थी। इसके अलावाए पीड़ित महिला ने उक्त लोगों पर ग्राम समाज की भूमि पर भी अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी ;एसडीएमद्ध से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करानेए लेखपाल और पुलिस बल की मदद से उनकी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पीड़िता को उचित जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### सैनिक कैंटीन के ताले तोड़कर लाखों की चोरी, व्यापारियों में हड़कंप

ढाई लाख का सामान और 20 हजार की नकदी पर किया हाथ साफ

**छिबरामऊ ;कन्नौज ।** क्षेत्र के अंतर्गत छभ्.34 स्थित सबलपुर मार्ग के पास रविवार की रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने यहाँ स्थित श्सैनिक कैंटीन एवं फर्नीचर हाउसश् के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से स्थानीय व्यापारियों में गहरी चिंता और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। कैंटीन संचालक विनय कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह जब वह अपने खेत पर जा रहे थेए तब उन्होंने रास्ते में अपनी कैंटीन के पास रुककर देखा। वहाँ कैंटीन के दरवाजे पर लगा सुरक्षा कैमरा नीचे गिरा पड़ा था और दुकान के ताले टूटे हुए थे। जब वह अंदर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। शातिर चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की एलसीडी भी अपने साथ उखाड़ ले गए ताकि कोई सबूत न बचे। संचालक के अनुसारए चोरों ने दुकान से इन्वर्टर.बैटरीए एक एलईडी टीवीए आठ इंडक्शन चूल्हे और अन्य कीमती फर्नीचर चुरा लिए हैं। चोरी गए इस सामान की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके अलावाए चोरों ने कैंटीन में रखी गुल्लक को भी तोड़ डाला और उसमें रखे ?20ए000 नकद निकालकर फरार हो गए। घटना की भनक लगते ही इसकी सूचना तुरंत डायल 112 और प्रेमपुर चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। इस संबंध में प्रेमपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश के लिए गहन जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**एलआईसी म्यूचुअल फंड ने कानपुर ब्रांच को किया शिफ्ट**

**कानपुर।** एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने आज अपनी कानपुर ब्रांच को एक बड़ी जगह पर शिफ्ट करने की घोषणा की। यह कदम कंपनी की ऑपरेशनल क्षमता बढ़ाने और निवेशकों के लिए पहुंच को बेहतर बनाने की लगातार कोशिशों का हिस्सा है। नई ब्रांच का उद्घाटन एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रवि कुमार झा ने किया। यह बदलाव कानपुर जैसे अहम रीजनल मार्केट में कंपनी की मौजूदगी को मजबूत करने पर उसके लगातार फोकस को दिखाता है। कानपुर उत्तर प्रदेश में निवेशकों की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। कानपुर म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए एक अहम बाज़ार के तौर पर उभर रहा है। इसकी वजह है निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और लंबे समय में संपत्ति बनाने के बारे में बढ़ती जागरूकता। मई 2026 तक, शहर में 17,000 से ज़्यादा म्यूचुअल फंड निवेशक हैं, जिनमें 5,000 से ज़्यादा महिला निवेशक शामिल हैं। यह अलग-अलग वर्गों में भागीदारी के धीरे-धीरे बढ़ने का संकेत है। ब्रांच के उद्घाटन पर एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि कुमार झा ने कहा हमारी कानपुर ब्रांच को नई जगह पर ले जाना, अलग-अलग इलाकों में इन्वेस्टमेंट सर्विस तक पहुंच बेहतर बनाने की फंड हाउस की लगातार कोशिशों का हिस्सा है। मई 2026 तक उत्तर प्रदेश म्यूचुअल फंड का एक बड़ा मार्केट रहा है, जिसका औसत एयूएम लगभग 3.52 लाख करोड़ है। इसमें से लगभग 75 प्रतिशत इक्विटी.ओरिएंटेड स्कीम में इन्वेस्ट किया गया है, जो लंबे समय में वेल्थ बनाने में इन्वेस्टर्स के बढ़ते भरोसे को दिखाता है।

**पूर्व सांसद द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए रखी गई मांगों को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें पूर्ण करने पर जनता ने उनके कार्यकाल को सराहा**

**महोबा।** बुंदेलखंड की पावन धरती गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे ने जिले की राजनीति और विकास की दिशा में कई सकारात्मक संदेश दिए। इस दौरान पूर्व सांसद हमीरपुर.महोबा.तिंदवारी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल का कद्द अलग देखने को मिला मुख्यमंत्री के साथ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा मंच से उनकी खुलकर प्रशंसा की गई तथा गोरखगिरि पर्वत पर दोनों नेताओं की उपस्थिति होने से आम जनमानस मैं चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं का ध्यान इस तरफ आकर्षित रहा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने जनप्रतिनिधि के रूप में हमेशा क्षेत्र के विकासए जनकल्याण और बुंदेलखंड के हितों को प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंदेल ने जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के साथ.साथ क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्होंने सेवा क्षेत्र के जिलों में स्वास्थ्यए शिक्षाए सिंचाईए सड़कए पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास में उनके प्रयासों की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पित ऐसे कार्यकर्ता ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति होते हैं। मुख्यमंत्री के इन शब्दों ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के चेहरे प्रसन्नचित नजर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने महोबा प्रवास के दौरान ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के केंद्र गोरखगिरि पर्वत का भी दौरा किया। इस अवसर पर कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल उनके साथ पूरे समय मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासतए धार्मिक महत्व विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। गोरखनाथ परंपरा से जुड़े इस पवित्र स्थल पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को नई पहचान प्रदान की। वहीं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बुंदेलखंड की विभिन्न विकासात्मक आवश्यकताओं और जनभावनाओं से उन्हें अवगत कराया। राजनीतिक से अधिक विकास का संदेश कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल के बीच दिखाई दिया आत्मीय संवाद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। महोबावासियों ने इसे केवल राजनीतिक समीकरण नहींए बल्कि विकास तथा जनहित के प्रति अच्छा संदेश है जिनको प्रतिबद्धता के रूप में देखा गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक मंच से की गई प्रशंसा के अलावा कार्यक्रमों में चंदेल की प्रमुख उपस्थिति यह दर्शाती है कि बुंदेलखंड के विकास में उनकी भूमिका को महत्व दिया जा रहा है। इससे क्षेत्र की जनता में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि महोबा के विकास से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही । मुख्यमंत्री द्वारा कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल की सराहना किए जाने से उनके समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, मंगलवार, 23 जून 2026

# यूएस-ईरान वार्ता : रोडमैप पर सहमति

## निगरानी के लिए बनी उच्चस्तरीय समिति | विभिन्न मुद्दों के लिए गठित होंगे कार्य समूह | होर्मुज पर होगी सीधी संचार व्यवस्था | लेबनान में सैन्य अभियान खत्म करने पर भी सहमति

**वॉशिंगटन।** स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में अमेरिका और ईरान के बीच दो दिनों तक चली उच्चस्तरीय वार्ता का पहला दौर समाप्त हो गया है। पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता में हुई इस बैठक में दोनों देशों ने 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक रोडमैप पर सहमति जताई है। यह वार्ता ऐसे समय हुई, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी हुई है। इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आयोजित इस बैठक में अमेरिका और ईरान के शीर्ष प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया, जबकि ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने भी वार्ता को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। लेक लूसर्न शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता सकारात्मक और



रचनात्मक माहौल में संपन्न हुई। वार्ता के दौरान एक उच्चस्तरीय समिति के गठन पर सहमति बनी, जो पूरी बातचीत की राजनीतिक निगरानी करेगी। इस समिति को 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य वार्ताकार नियमित रूप से इस समिति को रिपोर्ट देंगे। परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध, निगरानी तंत्र और विवाद समाधान जैसे मुद्दों के लिए अलग-अलग कार्य समूह भी बनाए जाएंगे। इससे यह संकेत मिला है कि दोनों पक्ष अब तकनीकी स्तर पर ठोस बातचीत की दिशा में बढ़ रहे हैं। वार्ता में होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। दोनों पक्षों ने एक सीधी संचार व्यवस्था स्थापित करने पर सहमति जताई है, ताकि बातचीत के दौरान किसी भी तरह की गलतफहमी या सैन्य टकराव से बचा जा सके। यह तंत्र दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करेगा। अमेरिकी चेतावनियों और ईरान के कड़े रुख के बीच इस फैसले को काफी अहम माना जा रहा है। वार्ता में लेबनान को लेकर भी अहम प्रगति दर्ज की गई। सभी पक्षों ने लेबनान में सैन्य अभियानों को समाप्त कराने के लिए एक डी-कॉन्फ्लिक्शन सेल बनाने पर सहमति जताई। इस तंत्र में लेबनान गणराज्य भी शामिल होगा, जबकि कतर और पाकिस्तान सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि लेबनान में युद्धविराम से जुड़े सभी प्रावधानों का पालन हो। इसके अलावा स्विट्जरलैंड में तकनीकी स्तर की वार्ता पूरे सप्ताह जारी रहेगी।

## अधूरा युद्धविराम स्वीकार नहीं : हिजबुल्ला

**बेरूत।** पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की कोशिशों के बीच हिजबुल्ला प्रमुख शेख नईम कासिम ने अमेरिका और इस्राइल पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान और क्षेत्र के प्रतिरोधी गुटों को खत्म करने की

- कहा, इस्राइल-अमेरिका हार चुके
- ट्रंप पर भी लगाए कई आरोप

अमेरिका-इस्राइल की योजना पूरी तरह विफल हो चुकी है। कासिम ने आरोप लगाया कि लेबनान में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई अमेरिका के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। उन्होंने कहा कि हालिया संघर्ष के बाद पश्चिम एशिया एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां तथाकथित अमेरिकी-इस्राइली परियोजना को हार का सामना करना पड़ा है। शेख नईम कासिम ने मध्य अशूरा परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान ने भारी नुकसान और बलिदान झेलने के बावजूद खुद को पहले से अधिक मजबूत साबित किया है। उन्होंने कहा कि ईरान कभी भी अपने अधिकारों और क्षेत्रीय प्रभाव को नहीं छोड़ेगा। कासिम के मुताबिक, अमेरिका और इस्राइल ने क्षेत्र में प्रतिरोधी ताकतों को कमजोर करने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में नई राजनीतिक और



सुरक्षा परिस्थितियां बन रही हैं। हिजबुल्ला प्रमुख ने उन युद्धविराम प्रस्तावों की आलोचना की, जिनमें इस्राइल को सैन्य कार्रवाई जारी रखने की छूट दी जाती है। कासिम ने कहा कि ऐसा कोई भी समझौता वास्तव में युद्धविराम नहीं, बल्कि आक्रामकता को जारी रखने का माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि अतीत में भी जब हिजबुल्ला ने युद्धविराम का पालन किया, तब इस्राइल ने समझौतों का उल्लंघन किया। उन्होंने साफ कहा कि संगठन ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेगा, जिसमें पूरी तरह सैन्य कार्रवाई बंद करने की गारंटी न हो।

## गाजा पर इस्राइली हमलों में पत्रकार समेत नौ की मौत

**गाजा सिटी।** युद्धविराम के बीच गाजा पर इस्राइली हमलों व गोलीबारी में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक पत्रकार व एक बच्चा शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शहर की एक अपार्टमेंट बिल्डिंग पर हवाई हमले में चार फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल था। मेडिकल टीम ने बताया कि गाजा शहर के सबरा इलाके में बिल्डिंग पर हुए हमले में अपार्टमेंट तबाह हो गया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने एक चरमपंथी को निशाना बनाया, लेकिन इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। मेडिकल टीम ने बताया कि एक अन्य घटना में इस्राइली सेना ने उत्तर में स्थित बेत लाहिया शहर में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी।

## सिंधु जल संधि : पाकिस्तानी रक्षा मंत्री फिर बहके

**इस्लामाबाद।** घरेलू मोर्चे पर लगातार अस्थिरता का सामना कर रही और जम्मू-कश्मीर के अपने अवैध कब्जे वाले हिस्से में निर्दोषों का खून बहाने

- भारत को दी युद्ध की गीदड़भभकी

वाली पाकिस्तान की सरकार ने सिंधु जल संधि को लेकर भारत को युद्ध की गीदड़भभकी दी है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक मीडिया चैनल से कहा, जिस पल हमें लगेगा कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा- और पानी हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा है- खतरे में है, हम भारत के खिलाफ युद्ध करेंगे। पक्का। बकौल ख्वाजा अगर इस्लामाबाद को ऐसे सबूत मिलते हैं कि भारत पानी की आपूर्ति में बाधा डालने के लिए खतरनाक तेजी से काम कर रहा है, तो सैन्य कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। आसिफ का यह बयान भारत की ओर से 1960 की सिंधु जल संधि को सख्ती से निलंबित करने और इस नदी का पानी पाकिस्तान जाने से रोकने के लिए सभी जरूरी उपाय शुरू करने के संदर्भ में आया है।

### अपने रुख पर अडिग है भारत

भारत अपने इस रुख पर अडिग है कि संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवादी ढांचे को खत्म करने के लिए विश्वसनीय और ठोस कदम नहीं उठाता। विश्व बैंक की मध्यस्थता वाली संधि ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तान को अपनी कृषि संबंधी जरूरतों के लिए सिंधु जल बेसिन के 80 प्रतिशत पानी का उपयोग करने की अनुमति देती है, लेकिन इन संसाधनों के प्रबंधन में देश की मौजूदा नाकामी ने उसके खेतों को जोखिम में डाल दिया है।

## होर्मुज : लेबनान व तेल बिक्री को लेकर फंस रहा पेंच

**बर्गेनस्टॉक।** अमेरिका और ईरान के बीच अंतरिम समझौते को स्थायी युद्धविराम के रूप में बदलने के लिए स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक शहर में बातचीत शुरू हो गई है। लेकिन उससे पहले, लेबनान के मसले पर पेच फंसता दिख रहा है। ईरान ने साफ किया है कि जब तक लेबनान में युद्धविराम लागू नहीं होता और ईरानी तेल की बिक्री के लिए छूट जारी नहीं दी जाती, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा। इस्राइल ने स्पष्ट कर दिया है कि लेबनान में खतरों को खत्म करने के लिए उसके सैनिकों पर कोई रोक नहीं है। वहीं, अमेरिका का दावा है कि होर्मुज खुला हुआ है और जहाज उसके रास्ते आ-जा रहे हैं। ईरान की दो सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम और फार्स न्यूज ने रविवार को सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया कि दुनिया के



लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य अभी भी बंद है। शनिवार को लेबनान पर इस्राइल के भीषण हमले के बाद ईरानी सैन्य कमान ने होमुर्ज को फिर से बंद करने का एलान किया था। सैन्य सूत्रों ने बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी की नौसेना अगले आदेश तक जहाजों के होर्मुज से गुजरने के लिए परमिट नहीं जारी कर रही है।

## रूसी कब्जे के क्रीमिया में यूक्रेन के हमले, पांच की मौत

**कीव।** रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में यूक्रेनी हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। इसे देखते हुए अधिकारियों ने रविवार को आम लोगों के लिए पेट्रोल की बिक्री रोक दी। यूक्रेन ने काला सागर प्रायद्वीप पर ईंधन की आपूर्ति श्रृंखलाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। हाल के हफ्तों में यूक्रेनी सेना ने बार-बार क्रीमिया की ईंधन आपूर्ति को निशाना बनाया है। इससे 2014 में रूस द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जाने के बाद से इस क्षेत्र में सबसे बड़ा ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, रूस केवल ताकत की भाषा समझता है। हमारी लंबी दूरी की ताकत निश्चित रूप से शांति के लिए काम कर रही है। जेलेंस्की ने अभियान में शामिल यूक्रेनी सेनाओं की तारीफ की।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पद छोड़ने के बाद उन्होंने कहा कि यह फैसला देश हित में लिया गया है। बीते 10 साल में स्टार्मर ऐसे छठे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ा है। स्टार्मर से पहले पांच और

- पद छोड़ने के बाद कहा- देश हित में फैसला

प्रधानमंत्रियों ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही त्यागपत्र दे दिया था। कंजर्वेटिव पार्टी बनाम लेबर पार्टी की राजनीति वाले इस देश में अगले प्रधानमंत्री के रूप में लेबर पार्टी के नेता एंडी बर्नहैम का नाम सामने आ रहा है। हालांकि, सियासी उथल-पुथल के बीच अन्य प्रत्याशी कौन होंगे, इसे लेकर भी सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। रोचक यह भी है कि इस्तीफे से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री



अपना पद छोड़ने वाले हैं। ब्रिटेन में स्टार्मर से पहले ये प्रधानमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा : लिज ट्रस, बोरिस जॉनसन, टेरीजा मे, डेविड कैमरन, गॉर्डन ब्राउन। स्टार्मर के इस्तीफे के बाद लेबर पार्टी के कई प्रमुख नेता प्रधानमंत्री (और पार्टी नेता) पद की दावेदारी में उभर कर सामने आए हैं। हालांकि, इनमें सबसे आगे एंडी बर्नहैम माने जा रहे हैं। मेकरफील्ड उपचुनाव में उनकी भारी जीत ने उन्हें सांसद के रूप में वापस ला दिया है, जिससे उनके लिए नेतृत्व को चुनौती देने का रास्ता साफ हो गया है। उन्हें किंग ऑफ द नॉर्थ के नाम से भी जाना जाता है और वे लेबर सांसदों और जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

### एक दिन पहले ही ट्रंप ने किया था दावा

स्टार्मर के इस्तीफे से करीब 29 घंटे पहले रविवार शाम लगभग साढ़े सात बजे (भारतीय समयानुसार) ट्रंप ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के इस्तीफे का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि स्टार्मर दो महत्वपूर्ण मुद्दों- आव्रजन (इमिग्रेशन) और ऊर्जा नीति पर पूरी तरह विफल रहे हैं। ब्रिटेन की राजनीति को लेकर अपनी अहम टिप्पणी में ट्रंप ने यह भी कहा कि स्टार्मर ने अवैध और अनियंत्रित आव्रजन को रोकने में सफलता नहीं पाई। इसके अलावा उन्होंने ऊर्जा नीति की भी आलोचना करते हुए कहा कि ब्रिटेन को नॉर्थ सी में तेल उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए था।

## एक नज़र

### दक्षिण लेबनान में बनाए रखेंगे सैन्य मौजूदगी : नेतन्याहू

ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर फिर दिया बयान

**तेल अवीव।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अपने संकल्प पर कायम रहेगा। दक्षिण लेबनान में उसके सहयोगी हिजबुल्ला पर सैन्य दबाव बनाए रखेगा। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच सीधी वार्ता हो रही है, जिससे इस्राइली की यह चिंता बढ़ गई है कि इससे उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता पर असर पड़ सकता है। नेतन्याहू ने अपने भाई योनी नेतन्याहू की 50वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक स्मृति सभा में हिब्रू भाषा में मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी की। योनी नेतन्याहू एनटेबे बंधक बचाव मिशन के दौरान एक विशेष इस्राइली सेना इकाई का नेतृत्व करते हुए मारे गए थे। उन्होंने कहा, ईरान के मामले में चाहे जो भी कूटनीतिक घटनाक्रम हों, मैं ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दूंगा। जब तक मैं इस्राइल का प्रधानमंत्री हूं, यह नहीं होगा।

### कतर के गैस संयंत्र पर धमाका

54 लोग गंभीर रूप से घायल, 18 लापता की तलाश जारी

**दोहा।** कतर के प्रमुख प्राकृतिक गैस निर्यात टर्मिनल में रविवार को भीषण विस्फोट हुआ। इस विस्फोट के बाद लगी आग में 54 लोग घायल हो गए और 18 लोग अभी भी लापता हैं। ईरान युद्ध के दौरान ईरानी हमले में इस गैस प्लांट को भारी नुकसान हुआ था। रविवार को इस प्लांट को मरम्मत के बाद फिर से चालू करने की कोशिश की गई। इसी कोशिश में विस्फोट हुआ। यह विस्फोट रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र में हुआ, जो कतर के प्राकृतिक गैस उद्योग का प्रमुख केंद्र है। इस घटना से वैश्विक ऊर्जा बाजारों में और अधिक अस्थिरता पैदा होने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि कतर दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस उत्पादकों में से एक है। ईरान द्वारा हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण कड़ा किए जाने के कारण कतर अपने ग्राहकों तक गैस की खेप नहीं भेज पा रहा था। इसी वजह से कतर ने अपनी गैस उत्पादन गतिविधियों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। हालांकि, युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने को लेकर जारी वार्ताओं के बीच ईरान द्वारा जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ कुछ ढीली करने के बाद कतर ने अपने निर्यात टर्मिनल को फिर से चालू करने की प्रक्रिया शुरू की थी।

### शिकागो में गोलीबारी, सात की मौत

ट्रंप ने दोहराई सैन्य हस्तक्षेप की मांग

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो शहर में सप्ताहांत के दौरान हुई गोलीबारी की कई घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, ये घटनाएं शुक्रवार शाम से शुरू हुईं। इन घटनाओं के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के तीसरे सबसे बड़े शहर में सैन्य हस्तक्षेप की अपनी मांग दोहराई है। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, गवर्नर प्रिट्जकर मुझसे मदद क्यों नहीं मांग रहे हैं? मैं एक महीने में शिकागो को सुरक्षित शहर बना सकता हूं। एक साल में यह सबसे सुरक्षित शहरों में शामिल होगा। इलिनॉय के गवर्नर जे.बी. प्रिट्जकर के कार्यालय ने इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रिट्जकर वर्ष 2028 के संभावित डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के दावेदार माने जाते हैं और वे पहले भी ट्रंप की सैन्य हस्तक्षेप संबंधी मांगों को खारिज कर चुके हैं। ट्रंप के कार्यकाल में न्यू ऑरलियन्स, वॉशिंगटन डीसी और टेनेसी के मेम्फिस जैसे डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में अपराध नियंत्रण अभियानों के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती की जा चुकी है।

### बातचीत से सुलझाएंगे भारत से सीमा विवाद : बालेन

बोले ब्रिटेन की मध्यस्थता नहीं चाहते

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने भारत-नेपाल सीमा विवाद को लेकर अपने पहले दिए गए बयान पर सफाई दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नेपाल सीमा विवाद सुलझाने के लिए ब्रिटेन की मध्यस्थता नहीं चाहता और यह मामला भारत के साथ सीधे बातचीत के जरिए हल किया जाएगा। रविवार को चितवन जिले में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के महासम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि नेपाल के पास कालापानी और लिपुलेख क्षेत्रों से जुड़े पर्याप्त ऐतिहासिक दस्तावेज और सबूत मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि उनका आशय केवल इतना था कि यदि ब्रिटिश शासनकाल के रिकॉर्ड की जरूरत पड़ी तो नेपाल उन्हें प्रस्तुत कर सकता है। बालेन शाह ने आगे कहा, हम ब्रिटेन की मध्यस्थता नहीं चाहते। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ बातचीत के जरिए और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इस मुद्दे का समाधान करेंगे। हमारे पास पर्याप्त प्रमाण हैं और किसी को हमारे राष्ट्रवाद पर संदेह न हो।

### इथियोपिया चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी की बड़ी जीत

विपक्ष ने उठाए सवाल

**अदिसअबाबा।** इथियोपिया में हुए संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री अबी अहमद की प्रॉस्पेरिटी पार्टी ने भारी जीत हासिल की है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के अनुसार पार्टी ने 501 में से 438 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके साथ ही अक्तूबर में बनने वाली नई संसद के जरिए अबी अहमद का एक और कार्यकाल लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि चुनाव पर कई सवाल भी उठे हैं। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि चुनाव निष्पक्ष नहीं था और कई प्रमुख विरोधी नेताओं को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखा गया। कुछ नेता जेल में हैं, कुछ निर्वासन में और कुछ लापता बताए जा रहे हैं। ओरोमिया और अमहारा क्षेत्रों में हिंसा और असुरक्षा के कारण 143 मतदान केंद्र खुल ही नहीं सके। वहीं, टिग्रे क्षेत्र लगातार दूसरी बार चुनाव प्रक्रिया से बाहर रहा, जिससे वहां के लोगों को संसद में प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया। विपक्षी नेताओं ने चुनाव को दिखावा बताया है और कहा है कि सरकार को अनुचित बढ़त मिली। इसके बावजूद चुनाव आयोग ने दावा किया कि पूरी प्रक्रिया कानून और नियमों के अनुसार निष्पक्ष तरीके से कराई गई। चुनाव परिणामों के बाद देश में राजनीतिक बहस और तेज हो गई है।

### उद्धव के छह सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** मुंबई में उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के 9 में से 6 सांसद सोमवार को एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए। बागी सांसदों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उनके नंदनवन बंगले पर बैठक की। इसके बाद बागी सांसदों ने शिंदे के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पाला बदलने का ऐलान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकनाथ शिंदे ने कहा-जब हमने विद्रोह किया था, तब शुरुआत में 40 विधायक थे और अब चौके नहीं, छक्के लग चुके हैं। 2022 में शिवसेना ने पार्टी को बचाने के लिए धनुष-बाण को बचाने के लिए विद्रोह किया था।

## फिलीपींस के हाई स्कूल में गोलीबारी तीन छात्रों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस स्थित एक हाई स्कूल में सोमवार को दो लोगों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी, जिसमें तीन छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घटना के सिलसिले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से एक आरोपी सैन जोस नेशनल हाई स्कूल का छात्र बताया जा रहा है, जहां यह गोलीबारी हुई। यह घटना टैकलोबान शहर में स्थित स्कूल परिसर में हुई। गोलीबारी के बाद इलाके में दहशत फैल गई और सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत मौके पर तैनात किया गया। पुलिस जांच एजेंसियां अभी यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि स्कूल में हुई इस हिंसक घटना के पीछे क्या कारण थे। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### पुलिस ने पालतू कुत्ते को मार दी गोली

## महिला खुशी के जश्न को पुलिस ने मातम में बदल दिया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में एक महिला की खुशी का जश्न कुछ ही मिनटों में मातम में बदल गया। 911 पर एक पड़ोसी की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

- कार्रवाई पर खड़ा हो गया विवाद
- विभाग ने बताया बेहद दुखद

ने महिला के पालतू कुत्ते को गोली मार दी। इस पूरी घटना का वीडियो अब सामने आया है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर भारी विवाद खड़ा हो गया है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला अपने पसंदीदा बास्केटबॉल क्लब न्यूयॉर्क निक्स की ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रही थी, लेकिन पुलिस ने इसे संभावित खतरे की स्थिति मान लिया। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के अनुसार, 13 जून को एक महिला ने 911 पर फोन कर शिकायत की थी कि उसकी पड़ोसी पिछले 20 मिनट से लगातार ओह माय



गॉड चिल्ला रही है। शिकायत करने वाली महिला को आशंका थी कि पड़ोसी के घर में कोई गंभीर घटना हुई है। इसके बाद दो पुलिस अधिकारियों को वेलनेस चेक के लिए अपार्टमेंट भेजा गया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि महिला मैरी मार्सिले न्यूयॉर्क निक्स की 53 साल बाद मिली एनबीए चैंपियनशिप जीत का जश्न मना रही थीं। पुलिस द्वारा जारी बॉडीकैम वीडियो में दिखता है कि जैसे ही अधिकारी मैरी मार्सिले से बात करने लगे, उनका दो साल का पालतू कुत्ता जेम्सन जोर-जोर से भौंकने लगा। जेम्सन गोल्डन रिट्रीवर, सेंट बर्नार्ड और पूडल नस्ल का मिश्रित कुत्ता था और उसने न्यूयॉर्क निक्स की जर्सी पहन रखी थी। अधिकारियों ने महिला से कुत्ते को अंदर बांधने के लिए कहा। महिला ने माफी मांगते हुए कुत्ते को अंदर ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया। इस दौरान एक अधिकारी को यह कहते हुए सुना गया कि वह इतने बड़े कुत्ते से कटवाना नहीं चाहता। कुछ देर बाद महिला ने दोबारा दरवाजा खोला। पुलिस ने उनसे पूछा कि क्या कुत्ते को सुरक्षित कर दिया गया है। महिला ने जवाब दिया कि उसका कुत्ता आक्रामक नहीं है। हालांकि, इसी दौरान करीब 48 किलोग्राम वजनी जेम्सन फिर बाहर आ गया और भौंकने लगा। पुलिस के मुताबिक, कुत्ता एक अधिकारी की ओर तेजी से दौड़ा। अधिकारी पीछे हटते हुए लॉबी की तरफ भागा और फिर कुत्ते पर कम से कम चार गोलियां चला दीं। वीडियो में महिला को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, जो अपने पालतू को बचाने की कोशिश कर रही थीं।


### घटना के बाद पुलिस विभाग ने क्या कहा?

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर पुलिस की कार्रवाई की कड़ी आलोचना हुई। बढ़ते विरोध के बीच लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने बयान जारी कर इस घटना को बेहद दुखद बताया। पुलिस प्रमुख जिम मैकडॉनेल ने कहा कि किसी परिवार के लिए पालतू जानवर केवल जानवर नहीं होता, बल्कि परिवार का सदस्य और भावनात्मक सहारा होता है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई अधिकारी अपनी सर्विस हथियार का इस्तेमाल करता है, तो वह बेहद गंभीर मामला होता है। पुलिस प्रमुख ने कहा कि अधिकारी रोजाना कई अज्ञात खतरों का सामना करते हैं, लेकिन उनसे संयम, समझदारी और जीवन के प्रति सम्मान दिखाने की अपेक्षा की जाती है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089